(78) उपर्युक्त (77) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4360/16/16]

(79) झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय, राँची के वर्ष 2014-2015 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन ।

(80) उपर्युक्त (79) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4361/16/16]

(81) (एक) विश्व-भारती, शांतिनिकेतन के वर्ष 2014-2015 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) विश्व-भारती, शांतिनिकेतन के वर्ष 2014-2015 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन ।

(तीन) विश्व-भारती, शांतिनिकेतन के वर्ष 2014-2015 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(82) उपर्युक्त (81) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4362/16/16]

(83) इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के वर्ष 2014-2015 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन ।

(84) उपर्युक्त (83) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4363/16/16]

(85) योजना और वास्तुकला विद्यालय अधिनियम, 2014 की धारा 37 की उपधारा (3) के अंतर्गत योजना और वास्तुकला विद्यालय (परिषद की बैठक और सदस्यों को भत्तों की संदायगी की प्रक्रिया) नियम, 2015 जो 28 जनवरी, 2016 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 117(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4364/16/16]

(86) दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली के वर्ष 2014-2015 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन ।

(87) उपर्युक्त (86) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4365/16/16]

12.05 hours

STANDING COMMITTEE ON ENERGY

13th Report

डॉ. किरीट सोमैया (मुम्बई उत्तर पूर्व) : महोदया, मैं लघु हाइड्रो क्षेत्र का विकास और स्थिति' के बारे में ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति का 13वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं।

12.06 hours

STATEMENTS BY MINISTERS

(i)Progress on the Mines and Minerals (Development and Regulation) Amendment Act, 2015

खान मंत्री तथा इस्पात मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर): अध्यक्ष महोदया, यह बड़ी प्रसन्नता की बात है कि मुझे एमएमडीआर एक्ट में संशोधन स्वरूप उत्साहवर्धक परिणामों पर इस सदन में वक्तव्य देने का अवसर प्राप्त हुआ है। माननीय सदस्यों को यह स्मरण होगा कि खान और खनिज (विकास और विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2015 को संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किया गया था तथा इसे 12.01.2015 से लागू करने के लिए दिनांक 27 मार्च, 2015 को अधिसूचित किया गया था। संशोधनों द्वारा खनिज रियायत केवल नीलामी के जरिए प्रदान करने, खनन कार्यों से प्रभावित सभी जिलों में जिला खनिज फाऊंडेशन की स्थापना करने, गवेषण गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय खनिज गवेषण न्यास (एनएमईटी) की स्थापना करने और अवैध खनन रोकने के लिए अधिक कठोर दंड हेतु प्रावधान किए गए थे। पिछले एक वर्ष में, सरकार ने संशोधन अधिनियम के प्रावधानों को कार्यान्वित करने तथा प्रभावी बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। व्यापक चर्चा और विचार विमर्श के उपरांत सभी आवश्यक अधीनस्थ कानूनों को अधिसूचित किया गया। नीलामी की प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए केन्द्र सरकार अपने अधीनस्थ संस्थाओं व सार्वजनिक उपक्रमों के माध्यम से राज्य सरकारों को हर संभव सहयोग किया है। केन्द्र सरकार और विभिन्न राज्यों के बीच लगातार बातचीत और विचार-विमर्श के परिणामस्वरूप, अब तक 43 ब्लॉकों की नीलामी के लिए अभी तक निविदा नोटिसें जारी की जा चुकी हैं। इनमें से, हाल ही में 6 ब्लॉकों के संबंध में सफल बोलीदाता प्राप्त हुए हैं। देश्भर में पहले छह खनिज ब्लॉकों की नीलामी से राज्यों को पट्टा अवधि के दौरान करीब 18,146 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। इसमें से करीब 13032 (लगभग 13,000) करोड़ रुपये नीलामी के प्रावधन किए जाने से अतिरिक्त राशि प्राप्त होगी और 5113 करोड़ रुपये रॉयल्टी, डीएमएफ और एनएमईटी मदद में प्राप्त होगी। सरकार द्वारा विगत दिनों रॉयल्टी की दर में वृद्धि से राज्यों को पहले की तुना में करीब 1313 करोड़ रुपये की अतिरिक्त रॉयल्टी प्राप्त होगी। यहां यह ध्यान देने योग्य है कि डीएमएफ और एनएमईटी का प्रावधान तथा रॉयल्टी दर में वृद्धि का निर्णय वर्तमान सरकार का है। अतः 6 ब्लॉक्स की नीलामी से राज्यों को 18,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का राजस्व प्राप्त होगा जिसमें करीब 14,893 करोड़ रुपये का राजस्व वर्तमान सरकार की पहलों का परिणाम है।

मुझे माननीय सदस्यों को सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि डीएमएफ के गठन के उद्देश्यों से क्रियान्वित के लिए प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के शुभारंभ दिनांक 17 सितम्बर, 2015 को हो चुका है। प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के माध्यम से खनन से प्रभावित होने वाले व्यक्ति और क्षेत्र के कल्याण और विकास कार्य भी अनेक राज्यों के द्वारा प्रारंभ किए जा रहे हैं। यह आकलन है कि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए डी.एम.एफ में प्रति वर्ष 6000 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त होगी।

[Placed in Library, See No. LT 4366/16/16]

12.09 hours

(ii) Status of implementation of the recommendations contained in the 1st Report of the Standing Committee on Labour on Demands for Grants (2014-15), pertaining to the Ministry of Labour and Employment*

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LABOUR AND EMPLOYMENT (SHRI BANDARU DATTATREYA): Madam, I beg to lay a statement regarding the status of implementation of the recommendations contained in the 1st Report of the Standing Committee on Labour on Demands for Grants (2014-15), pertaining to the Ministry of Labour and Employment.

12.10 hours

(iii) Status of implementation of the recommendations contained in the 118th Report of the Standing Committee on Commerce on Demands for Grants (2015-16) Demand No.13, pertaining to the Department of Industrial Policy and Promotion, Ministry of Commerce and Industry*

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): I beg to lay a Statement regarding the status of implementation of the recommendations contained in the 118th Report of the Standing Committee on Commerce on Demands for Grants (2015-16) Demand No. 13, pertaining to the Department of Industrial Policy and Promotion, Ministry of Commerce and Industry.

---

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 4367/16/16 and 4368/16/16, respectively.

12.10 ½ hours

(iv) Status of implementation of the recommendations contained in the 9th Report of the Standing Committee on Coal and Steel on Demands for Grants (2015-16), pertaining to the Ministry of Steel*

खान मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा इस्पात मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय) : अध्यक्ष महोदया, मैं इस्पात मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2015-16) के बारे में कोयला और इस्पात संबंधी स्थायी समिति के 9वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।

---

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 4369/16/16.

HON. SPEAKER: Hon. Members, I have received notices of Adjournment Motion from Shri Mallikarjun Kharge, Shri Rahul Gandhi, Shri Jyotiraditya M. Scindia, Shri K.C. Venugopal, Shri Shailesh Kumar alias Bulo Mandal, Prof. Saugata Roy, Shri Ravneet Singh, Shri Jai Prakash Narayan Yadav, Shri Rajesh Ranjan and Shri Deepender Singh Hooda on different issues.

The matters though important do not warrant interruption of the business of the day. The matters can be raised through other opportunities.

I have, therefore, disallowed all the notices of Adjournment Motion.

HON. SPEAKER: Now, the House will take up 'Zero Hour'.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): I am thankful to you for having already allowed Shri Rahul Gandhi to raise it. Shri Venkaiah Naidu has responded to him. We want that the statement should be placed on the Table of the House as soon as possible so that the people know about the extensive damage caused in various parts of the country. That is our concern.

श्री अश्विनी कुमार (करनाल) : अध्यक्ष महोदया, पिछले दो दिनों से चर्चा चल रही है। ...(व्यवधान) राज्य सभा में आपोजिशन लीडर ने आरएसएस के ऊपर यह आरोप लगाया है कि वह आईएसआईएस के बराबर हैं ...(व्यवधान) इस पर चर्चा होनी चाहिए। ...(व्यवधान) उन्होंने उनको कैसे मिला दिया। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप नोटिस दे दीजिए, क्योंकि बिना नोटिस के इस पर चर्चा नहीं हो सकती।

...(व्यवधान)

श्री अश्विनी कुमार : कांग्रेसियों ने आरएसएस को बदनाम करने की कोशिश की है। इस पर चर्चा होनी चाहिए। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप चर्चा के लिए नोटिस दे दीजिए।

...(व्यवधान)

श्री अश्विनी कुमार : आप हमें बतायें कि इसे कैसे करें? ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप इस पर चर्चा करने के लिए नोटिस दीजिए।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री रतन लाल कटारिया को श्री अश्विनी कुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री ए.टी.नाना पाटील (जलगाँव) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि भारत सरकार ने वर्ष 2012 में लगभग सैंक़ड़ों करोड़ रुपये की लागत से जलगांव एयरपोर्ट का नव-निर्माण किया। इतना ही नहीं, वहां पर स्कैनर की सुविधा भी उपलब्ध करायी है। इसके साथ-साथ इस एयरपोर्ट के रख-रखाव और कर्मचारियों के वेतन के लिए सरकार हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन जलगांव से अभी तक कोई भी घरेलू उड़ान या कार्गो सेवा उपलब्ध नहीं हो पायी है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को अवगत कराना चाहता हूं कि जलगांव क्षेत्र के पास विश्व धरोहर अजंता एवं एलोरा की गुफाएं बहुत पास हैं। यह एयरपोर्ट शुरू होने से बाहर से आने वाले पर्यटकों की समस्याएं हल हो सकती हैं। यहां पर अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक भी आ सकते हैं। जलगांव ऐसा जिला है, जहां केली का उत्पादन ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपकी बात पूरी हो गयी है।

...(व्यवधान)

श्री ए.टी.नाना पाटील : अध्यक्ष महोदया, यह मेरा बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है, जो वर्ष 2012 से पड़ा हुआ है, लेकिन सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है। ...(व्यवधान) यहां स्टील इंडस्ट्री होते हुए भी सरकार ...(व्यवधान)

SHRI S.R. VIJAYA KUMAR (CHENNAI CENTRAL): Hon. Speaker, thank you. People of Rajasthan and Gujarat who are settled in Tamil Nadu permanently often visit their native places for all functions. But there is only one train from Chennai to Jodhpur which was introduced in 2001 as a weekly train. Even after a gap of fifteen years the frequency of this train has not been increased. The train runs always with full capacity in winter and summer with no room. This has put Rajasthani and Gujarati brothers from my constituency to tremendous hardship. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Okay, you have raised your demand.

SHRI S.R. VIJAYA KUMAR: Earlier people from Bengaluru used to come to Chennai to travel to Rajasthan. … (*Interruptions*) But due to lack of frequency of trains, people from Chennai go to Bengaluru as there are ten trains a week from Bengaluru to various places of Rajasthan. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: It is okay. No need not read out the whole thing. During 'Zero Hour' you have to just raise the issue, which you have already raised.

Shri Sudheer Gupta and Shri Rodmal Nagar are allowed to associate with the matter raised by Shri S.R. Vijayakumar.

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से यूपीएससी में सीसैट का विषय उठाना चाहती हूं। 2011 में सीसैट में आया था, जिसके कारण ग्रामीण पृष्ठभूमि के अन्य भाषाओं के छात्रों

के साथ बहुत अन्याय हुआ था निगपेकर कमेटी की रिपोर्ट 2012 में आई थी और ग्रामीण पृष्ठभूमि तथा कला वर्ग आदि अभ्यार्थियों के प्रतिकूल बताते हुए इसमें बदलाव की सिफारिश की थी। यूपीएससी ने 2012 से लेकर 2015 तक सीसैट प्रश्नों को कन्टीन्यु किया था जिसके कारण 2015 में फिर छात्रों ने आंदोलन किया था। मैं सरकार का धन्यवाद करती हूं कि 2015 में सीसैट का अमेंडमेंट का प्रावधान किया।

मेरी अपील है कि 2011 से 2015 तक जिन बच्चों को चार साल वेस्ट हुए, उनको 2016-18 तक तीन अतिरिक्त अवसर मिलने चाहिए क्योंकि उनका गुजरा हुआ वक्त वापिस नहीं आ सकती है। 2016-18 तक तीन अतिरक्त चांस मिल जाएंगे तो उनका सपना पूरा हो सकेगा।

माननीय अध्यक्ष: श्री नाना पटोले को श्रीमती रंजीत रंजन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्रीमती संतोष अहलावत (झुंझुनू): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्य काल में किसानों की समस्या के बारे में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपकी बहुत आभारी हूं। मैं आपके माध्मय से माननीय प्रधानमंत्री जी, कृषि मंत्री जी और समस्त सदन को अवगत कराना चाहती हूं। यह मेरे इलाके की ही समस्या नहीं है। बारिश और ओलावृष्टि से रबी की फसल बहुत खराब हुई है। मेरे लोकसभा क्षेत्र में मंडावा, टाइ, बिरमी, कबीरसरो और पाटोदा में ओलावृष्टि के कारणे किसानों का काफी नुकसान हुआ है और खड़ी फसल पूर्णतया बर्बाद हो गई है। मैं आपके माध्यम से निवेदन करती हूं कि गांव के किसानों को समय रहते उचित मुआवजा दिया जाए ताकि फसल बर्बाद होने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई, उसमें कुछ सुधार हो सके।

माननीय अध्यक्ष: श्री शरद त्रिपाठी, श्री रोड़मल नागर, श्री सी.पी. जोशी, श्री भैरों प्रसाद मिश्र और श्री सुधीर गुप्ता को श्रीमती संतोष अहलावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर) : माननीय अध्यक्ष जी, रेल मंत्री जी ने महाराष्ट्र और अहमदनगर के लिए बहुत स्कीम्स दी हैं और इसके कारण विकास की गति बढ़ी है। दौंड-मनमाड़ रेल लाइन के 40 नंबर गेट पर ऊपरी और भूमिगत पुल के लिए बजट में प्रावधान करना रह गया है, मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि यह होना चाहिए।

दूसरा महत्वपूर्ण विषय किसानों का है। रेल लाइन के कारण किसान की खेती के दो हिस्से हो जाते हैं। अगर उसे नदी, कुएं या नहर में से पानी लेना होता है तो नीचे से होरिजेंटल बोर लेना पड़ता है। 1997 में सिर्फ 5000 रुपए रेल खाते में डिपोजिट करना पड़ता था जिसे अब बढ़ाकर 90,000 से एक लाख रुपए

कर दिया गया है। 5000 रुपए नामिनल है, जबकि पैसा लेना ही नहीं चाहिए क्योंकि किसानों की खेती ऑलरेडी रेलवे ने ले ली है। मेरा सरकार और रेल मंत्रालय से आग्रह है कि कोई पैसा न लेते हुए उनको नीचे से होरिजेंटजल बोर करने की परमिशन दी जाए।

माननीय अध्यक्ष: श्री सी.पी. जोशी, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह,श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री सुधीर गुप्ता और श्री रोड़मल नागर को श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI RAM PRASAD SARMAH (TEZPUR): Through you, I want to raise a demand for setting up of a Central University in Biswanath district of Assam which comes under my parliamentary constituency. There are six districts to be covered. Guwahati University and Dibrugarh University are overcrowded. Madam, 300 colleges are affiliated with these universities. Hence, I want a Central University for General Studies to be set up in Biswanath district of Assam so that Arunachal Pradesh and six districts of Assam can get the benefit of education in the Central University in Biswanath district. So, I would request, through you, to the Minister of HRD that immediate action should be taken up for setting up of a Central University in Biswanath district in Assam.

SHRI PRALHAD JOSHI (DHARWAD): I have received many representations from hundreds of act apprentice candidates who were trained under Act apprentice in various trades from time to time since 2010 in South Western Railways, Hubli. There have not been any recruitment for them in South Western Railway, Hubli. It is also brought to our notice by these Act apprentice trainees including Diploma holders in other Railway Zones are regularly appointed but apprentice candidates in South Western Railway have not been appointed. Some Railway Zones are appointing and some are not appointing. When enquired with the concerned South Western Railway authorities, it is explained that there is no such compulsion that these apprentice trainees should be accommodated as a rule and also there are no such mandatory instructions from the CRB.

Under the circumstances, I would only like to urge the Railway Ministry to frame informal rules for the entire country so that recruitment of Act apprentice trainees from the South Western Railways, Hubli like all the other Railways Zones take place.

माननीय अध्यक्ष : श्री रोड़मल नागर, श्री सुधीर गुप्ता, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री सी.पी. जोशी, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह और श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को श्री प्रहलाद जोशी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री केशव प्रसाद मौर्य (फूलपुर): माननीय अध्यक्ष जी, वर्तमान में देश में गरीबी, बीमारी और अशिक्षा से लड़ने का संघर्ष चल रहा है। लेकिन मेरे इलाहाबाद के अंदर जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी की तरह एक घटना इलाहाबाद एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट के अंदर घट रही है जहां पर अफगानिस्तान के छात्र जो वीज़ा लेकर भारत में शिक्षा प्राप्त करने के लिए आए हुए हैं, उनकी हरकतें ऐसी हैं जिनके कारण से वहां छात्रों पर हमले की घटना हुई और उसके मुकदमे एक बार नहीं दो दो बार लिखे गये। दूसरी घटना यह घटी कि वहां के व्यापारियों पर उन्होंने एकजुट होकर हमला किया। उत्तर प्रदेश की सरकार चूंकि कानून व्यवस्था संभालने का काम नहीं कर पा रही है, इसके कारण इस प्रकार की घटना होती है और उस पर कुछ कार्रवाई नहीं होती जिसके कारण इस प्रकार की समस्या खड़ी हुई है।

जो एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट है, वहां तीन प्रकार की गतिविधियों का एक केन्द्र बन गया है, भ्रष्टाचार वहां पर व्याप्त है और वहां ईशू दरबार के नाम पर धर्मान्तरण हो रहा है तथा वहां पर राष्ट्र विरोधी गतिविधियां भी बड़े पैमाने पर चल रही हैं।

मैं आपके माध्यम से चूंकि प्रयाग ज्ञान की धरती है, गंगा, यमुना तथा सरस्वती के पावन संगम की धरती है, स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों की धरती है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, यह मामला हमारे देश की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है और एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट जो मानव यूनिवर्सिटी के रूप में यहां पर संचालित है, उसके माध्यम से जो गलत कार्य किये जा रहे हैं, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि इस एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट के अदंर जो देश विरोधी गतिविधियां चल रही हैं, शिक्षा की आड़ में जो धर्मान्तरण का कार्य चल रहा है, जो भ्रष्टाचार चल रहा है, यू.जी.सी. की रिपोर्ट पर 55 कोर्सेज को इलाहाबाद उच्च कोर्ट ने अवैध ठहरा दिया है, उसके नाम पर छात्रों से भी वसूली की जा रही है, वहां के 'सीएट्स' के अंदर हमारे बहुत सारे छात्रों पर हमले किये गये और वे घायल भी हुए लेकिन उन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि यहां जो अफगानिस्तान के छात्र हैं और जिनकी गतिविधियां देश-विरोधी हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

माननीय अध्यक्ष : आपकी बात पूरी हो गयी है। अब आप बैठिए।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री शरद त्रिपाठी, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री रोड़मल नागर को श्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्रीमती रक्षाताई खाडसे (रावेर) : माननीय अध्यक्ष जी, रेल की व्यवस्था सही समय से और सुरक्षित रूप से चलाने में सभी विविध विभागों में काम करने वाले रेल इंजीनियर्स जिनकी रेल में संख्या करीब 80,000 है, इनकी एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यही नहीं, भारतीय रेल एक ऐसे देश की संस्था है जो कि टैक्नीकल संस्था मानी जाती है और यह टैक्नीकल संस्था जिन इंजीनियर्स के सहारे चलती है, जो कि सेफ्टी कैटेगरी में समाविष्ट है। इन रेल इंजीनियर्स को ग्रेड पे 4600 ग्रुप सी नॉन गेजेट रेल सेवा में समाविष्ट किया जाता है जबकि केन्द्र के किसी भी अन्य विभाग में सभी इंजीनियर ग्रुप बी या उसके ऊपर की श्रेणी में शामिल हैं। रेल का अन्य नॉन-टैक्नीकल स्टॉफ जो कि ज्यादातर क्लैरिकल काम करता है और नॉन-सेफ्टी कैटेगरी में जिनका समावेश है, उनका ग्रेड भी इन इंजीनियर्स से ज्यादा है तथा ग्रुप बी कैटेगरी से ऊपर श्रेणी में उनका समावेश है।

माननीय रेल मंत्री जी ने अपनी बजट स्पीच में डॉ. विवेक देव राय की अध्यक्षता वाली समिति और अन्य समिति की अनेक सिफारिशों का समावेश अपने रेल बजट में किया है। इन समितियों की यह भी सिफारिश रही है कि रेल के इंजीनियर्स जो कि सेफ्टी कैटेगरी में आते हैं, उचित श्रेणी में उनका समावेश किया जाए जिससे रेल इंजीनियर्स की जिम्मेदारी और बढ़े और रेल को अच्छी तरह से चलाने में उनका योगदान हो सके। मैं सदन के माध्यम से इन 80000 इंजीनियर्स की संख्या और उनकी सेफ्टी कैटेगरी का ध्यान रखते हुए, उन्हें उचित श्रेणी में समाविष्ट करने की मांग रखती हूं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री रोड़मल नागर, श्रीमती संतोष अहलावत, श्रीमती रीती पाठक, श्रीमती रंजना बेन धनंजय भट्ट, श्री राजीव सातव को श्रीमती रक्षाताई खाडसे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर): माननीय अध्यक्ष जी, आज ज़ीरो ऑवर में एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न को उठाने का आपने मौका दिया है कि पूरे देश के जो स्वर्ण व्यवसायी हैं, आज सात दिनों से वे हड़ताल पर हैं। आज स्वर्ण तथा हीरे के जेवरातों पर जो एक प्रतिशत का उत्पाद कर लगाया गया है, जिसके विरोध में

देश भर के स्वर्ण व्यवसायी पिछले दो सप्ताह से हड़ताल पर हैं, केन्द्र सरकार इन व्यापारियों के हितों की अनदेखा कर रही है।

आपको भी याद होगा कि वर्ष 2012 में यूपीए की तत्कालीन सरकार ने भी इस उत्पाद कर को लगाने का प्रस्ताव लाया था। उस समय भी एनडीए के द्वारा इसका विरोध किया गया था। वर्तमान प्रधानमंत्री द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा गया था कि इस उत्पाद कर को वापस लिया जाए। इसे इसलिए वापस लिया जाए क्योंकि जो एक्साइज ड्यूटी लगायी जा रही है, उसके कारण ब्यूरोक्रेट्स के द्वारा पूरी तरह से स्वर्ण-व्यवसायियों का दोहन किया जाएगा। जब आज उनकी सरकार बनी है, तो वही आज इस प्रकार का उत्पाद कर लगाने का काम कर रही है।

इसलिए मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि आज विगत् सात दिनों से देश भर के स्वर्ण व्यवसायी हड़ताल पर हैं। इसलिए उनको ध्यान में रखते हुए उत्पाद कर को वापस लिया जाए।

माननीय अध्यक्ष : सर्व श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल, लक्ष्मी नारायण यादव, हुकुम सिंह, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, विष्णु दयाल राम, ओम प्रकाश यादव, राजेन्द्र अग्रवाल, संतोष अहलावत, रामचरण बोहरा, गजेन्द्र सिंह शेखावत, राजेश रंजन, राजीव सातव, को श्री शैलेश कुमार द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं श्री शैलेश कुमार द्वारा उठाये गये विषय से स्वयं को संबद्ध करना चाहता हूँ।

श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं श्री शैलेश कुमार द्वारा उठाये गये विषय से स्वयं को संबद्ध करना चाहता हूँ।

SHRI C. MAHENDRAN (POLLACHI): Thank you hon. Speaker, Madam. This is a very important farmers' issue. Hence, I would like to speak in Tamil.

HON. SPEAKER: Yes.

*SHRI C.MAHENDRAN: In order to improve the status of livelihood of farmers of Tamil Nadu….

HON. SPEAKER: Not to read all these things. Only raise the issue.

---

* English translation of the Speech originally delivered in Tamil.

*SHRI C.MAHENDRAN: Simple, Madam, simple.

In order to uplift the status of livelihood of farmers, and to increase production, the Government of Tamil Nadu has been implementing several schemes. Interest-free loans are provided to farmers through the Cooperative Cocieties by the Government of Tamil Nadu led by Hon. Chief Minister *Puratchithalaivi* Amma. As stressed by Hon. *Puratchithalaivi* Amma earlier, the Union Government should waive off the loans taken by farmers. Particularly tractor loans taken by farmers should be waived. As part of recovery procedure banks should not go ahead with the seizure of farm equipment taken on loan. The Union Government should instruct banks on this issue. Bank officials should not engage in torturing farmers and the farmers are to be treated with dignity and due respect. I on behalf of farmers, at large, thank Hon. Chief Minister of Tamil Nadu *Puratchithalaivi* Amma for allowing me to raise an important issue concerning farmers. Thank you.

* English translation of the Speech originally delivered in Tamil.

श्रीमती कमला पाटले (जांजगीर-चाम्पा): माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे ज़ीरो आवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

मेरे निर्वाचन क्षेत्र का जिला मुख्यालय रेलवे स्टेशन के नाम से जाना जाता है, जो पहले नैला स्टेशन के नाम से जाना जाता था। रेलवे ने उस स्टेशन का नाम जांजगीर नैला दिया है। लेकिन वहाँ पर एक भी लंबी दूरी की ट्रेन का स्टॉपेज नहीं दिया गया है। मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहती हूँ कि वहाँ से आने-जाने वाले हजारों यात्रियों को अन्यत्र जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है। इससे यात्रियों का श्रम, समय और धन खर्च होता है तथा काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इस रूट से चलने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस को बिलासपुर तक पैसेंजर ट्रेन के रूप में चलाया जाए। हमारे जिला मुख्यालय जांजगीर के मुख्य रेलवे स्टेशन जांजगीर नैला पर लंबी दूरी की समस्त ट्रेनों का स्टॉपेज दिये जाने की मेरी मांग है। अभी सांत्वना के रूप में इस स्टेशन पर साउथ बिहार एक्सप्रेस का स्टॉपेज दिये जाने की मांग करती हूँ।

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : माननीय अध्यक्ष महोदया, भारत में प्राचीन काल से अनेक भाषाएँ हैं और उनमें ज्ञान-विज्ञान का विपुल भंडार है। मैं राजस्थान से हूँ। भारत सरकार अनेक मौकों पर अनेक भाषाओं को आठवीं अनुसूची में शामिल करने का काम करती है। लेकिन राजस्थान भाषा आज भी प्रतीक्षा सूची में है। भाषाएँ हमारी सांस्कृतिक परंपराओं की संवाहक हैं, हमारे संस्कारों की संवाहक हैं। इसलिए मैं मांग करता हूँ, चूंकि राजस्थानी भाषा से ही राजस्थान बना है और आज भी पूरे प्रदेशवासियों की एक ही मांग है कि राजस्थानी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। आठ करोड़ से ज्यादा लोग, वे चाहे देश में हों, प्रदेश में हों या दुनिया में कहीं हों, वे राजस्थानी भाषा बोलते हैं। अमेरिका में व्हाइट हाउस में जिन 100 भाषाओं को मान्यता दी गयी है, उनमें राजस्थानी भाषा भी एक है। नेपाल में, नेपाल की संसद में राजस्थानी भाषा को मान्यता मिली है। वहां के एक कैबिनेट मंत्री ने राजस्थानी भाषा में शपथ ली। इसलिए मैं कहना चाहता हूं राइट टू एजुकेशन में यही एक बात होती है कि बच्चों को प्राथमिक शिक्षा उनकी मूल भाषा में दी जाए, ताकि बच्चा उस शिक्षा को जल्दी ग्रहण कर सके। इसलिए आज मेरी मांग है, चाहे मीरा के भजन हों, चाहे महाराणा प्रताप ने लड़ाई लड़ी हो, उन सभी का संवाद राजस्थानी भाषा में होने के कारण वे पूरी दुनिया में छा सके।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : लम्बा-चौड़ा भाषण नहीं देना है।

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी : मैडम, आईएएस एवं आईपीएस में आज राजस्थान के जो बच्चे पिछड़ रहे हैं, उसके पीछे यही कारण है कि राजस्थानी भाषा के अंक उसमें नहीं जुड़ पाते हैं। इसलिए मैं आपेक माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि राजस्थानी भाषा को आठवीं सूची में शामिल किया जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री सुधीर गुप्ता, श्री सी.आर.चौधरी, श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया, श्री रोड़मल नागर, श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, श्री केशव प्रसाद मौर्य और श्री रामचरण बोहरा को श्री चन्द्र प्रकाश जोशी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक) : अध्यक्ष महोदया, आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने बेरोजगार युवकों को रोजगार दिलाने के लिए मुद्रा योजना बनाई है, जिसके तहत बेरोजगार युवक बैंकों से लोन लेकर अपनी उपजीविका के लिए कोई अच्छा व्यवसाय कर सकते हैं। मैं इसके लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रशंसा करता हूं। कई बेरोजगार युवको ने मुद्रा योजना में लोन मिलने के लिए अभी तक बैंकों में प्रस्ताव दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के हमारे जो युवक हैं, बेरोजगार हैं। आज किसानों की हालत सभी को मालूम है। कल की ओलावृष्टि ने सभी को नुकसान पहुंचाया, ऐसे समय में उनको जोड़ बिजनेस, ज्वाइंट बिजनेस मिलना चाहिए। इसलिए वे बैंकों में जाते हैं, एप्लाई करते हैं, लेकिन हमारे संज्ञान में यह बात आई है कि बैंक मुद्रा लोन के केसेज नहीं पास करती हैं, कोई न कोई बहाना बताकर उसको फेल कर देती हैं। ऐसे में हमारे बेरोजगार युवको में काफी निराशा फैल रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करता हूं, एमओएस साहब यहां बैठे हैं, कि मुद्रा योजना के तहत बेरोजगार युवकों को लोन देने के लिए सभी बैंकों को आवश्यक निर्देश दें और जो बैंक ऐसी योजना का पालन नहीं करता हो, उस पर कार्रवाई करनी चाहिए। इस हिसाब से यूको बैंक, केनरा बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा ऐसे केसेज बिल्कुल एक्सेप्ट करती नहीं हैं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री चन्द्र प्रकाश जोशी को श्री कृपाल बालाजी तुमाने द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) : मैडम, अनेक लोगों ने यह विषय उठाया है। गत वर्ष जब इसी फसल के समय में देश के विभिन्न प्रान्तों में ओलावृष्टि हुई और असमय बारिश के कारण अन्नदाता का मुहं में आया हुआ निवाला छीन लिया गया। भारत भर के किसानों ने माननीय मोदी जी को धन्यवाद ज्ञापित किया था, जब उन्होंने प्रोएक्टिव मैनर में भारत सरकार की टीमें भेजकर किसानों को सम्बल प्रदान करने के लिए मुआवजे की राशि में भी परिवर्तन किया था, मुआवजे की दर में भी परिवर्तन किया था और मुआवजे के आधार को घटाकर 33 प्रतिशत किया था। दुर्भाग्य से ठीक ऐसी ही परिस्थिति मेरे प्रान्त में, मध्य प्रदेश में

एवं अन्य जगहों पर एक बार फिर बनी है और अनेकानेक किसानों के, लाखों किसानों की फसल असमय ओलावृष्टि, जिसके तीन चरण हो चुके हैं और यह लगातार कल रात तक जारी रहा, से जीरे की फसल, ईसबगोल की फसल, गेहूं और सरसों की फसलें तबाह हो चुकी हैं।

मैं एक बार फिर आपके माध्यम से भारत सरकार और माननीय कृषि मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करते हुए, जैसा सभी सांसद बन्धुओं ने कहा है कि यह सबकी समस्या है, इसमें एक बार फिर भारत सरकार प्रोएक्टिव मैनर में काम करे। आने वाले समय में माननीय प्रधानमंत्री जी ने जो फसल बीमा योजना दी है, उससे किसानों को सुरक्षित और संरक्षित होने का मौका मिलेगा, लेकिन वर्तमान में ऐसी स्थिति बनी है, इसमें हमारा किसान आत्महत्या के लिए मजबूर न हो, छोटे किसान के साथ-साथ खेत में काम करने वाला कृषक भी मजबूर न हो, इसलिए उनको तुरंत सम्बल की आवश्यकता है। भारत सरकार को एक बार फिर प्रोएक्टिव मैनर से इस दिशा में काम करने की आवश्यकता है।

माननीय अध्यक्ष : श्री विष्णु दयाल राम, श्री सी.आर.चौधरी, श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया, डॉ. किरिट पी. सोलंकी, श्री सुनील कुमार सिंह, श्री सुधीर गुप्ता, श्री रोड़मल नागर, श्री सुभाष पटेल, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री चन्द्र प्रकाश जोशी, श्री शरद त्रिपाठी, श्री केशव प्रसाद मौर्य और श्री रामचरण बोहरा को श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी) : अध्यक्ष जी, आपने मुझे शुन्यकाल में बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

महोदया, मैं कौशाम्बी लोक सभा क्षेत्र से चुनकर आया हूं। यह जिला 4 अप्रैल, 1997 को बना था और इसके सारे शिक्षण संस्थान इलाहाबाद में चले गए हैं। यह क्षेत्र बहुत ही पिछड़ा हुआ है, शैक्षिक रूप से पिछड़ा हुआ है और भारत सरकार की एचआरडी मिनिस्ट्री द्वारा वहां केन्द्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव पारित है। उस क्रम में जिला प्रशासन द्वारा केन्द्रीय विद्यालय के लिए ग्राम बुढ़नपुर में एक जमीन उपलब्ध करवा दी गयी है। भारत सरकार की टीम वहां सर्वे भी कर चुकी है, लेकिन धन उपलब्ध न होने के कारण वह विद्यालय शुरू नहीं हो पा रहा है। माननीय एचआरडी मिनिस्टर यहां बैठी हैं, मैं आपके माध्यम से उनसे आग्रह करना चाहूंगा कि जब तक वहां नया भवन नहीं बन जाता है, जिला प्रशासन एक पुरानी जगह उपलब्ध करवा रहा है, उसमें तत्काल इस सत्र से ही केन्द्रीय विद्यालय शुरू करने की कृपा करें, क्योंकि यह क्षेत्र बहुत ही पिछड़ा हुआ है, वहां शिक्षा का नितांत अभाव है।

माननीय अध्यक्ष : श्री केशव प्रसाद मौर्य और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री विनोद कुमार सोनकर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

*SHRI R.PARTHIPAN (THENI) : Hon. Madam Speaker. Vanakkam. Since time immemorial, the days of inception of mother tongue Tamil as a language in Tamil Nadu, Jallikkattu, a bravery sport of embracing bulls has been organized in the State. Those, who were at the helm of affairs during past regimes, have banned organizing this bull sport called Jallikkattu, in Tamil Nadu. As a sport of embracing bulls, this brave sport is also being organized in different forms in the western countries. Jallikkattu has been banned exclusively in Tamil Nadu. As per the directions of Hon. Supreme Court, the Government of Tamil Nadu under the leadership of Hon. Chief Minister *Puratchithalaivi* Amma had been successfully organizing Jallikkattu in Tamil Nadu till the year 2013. During the years 2014 and 2015, the Hon. Supreme Court had banned organizing Jallikkattu in the State.

As demanded by Hon. *Puratchithalaivi* Amma, I urge upon the Union Government to legislate a specific law in Parliament allowing to organize Jallikkattu-the sport of bravery in Tamil Nadu. Thank you.

* English translation of the Speech originally delivered in Tamil.

SHRI JAYADEV GALLA (GUNTUR): Hon. Speaker, thank you for giving me this opportunity to raise a very important matter.

On the one hand, the Government is giving a lot of emphasis to created skilled manpower in the country and a separate Ministry has also been created for this purpose but on the other hand there is a growing concern among the people who have got skill training but are jobless.

India has less than two per cent of skilled workforce and the Government aims to train five crore people with various kinds of skills by 2022 to plug the skill gap in the country. But, as per the Survey conducted by the Labour Bureau, there is 14.5 per cent unemployment among the skilled workforce in the country. The findings reveal that except trades such as leather work, plumbing, motor driving, travel operations and other categories of skilled persons exhibited double digit unemployment figures. Nearly 17 per cent of those who have textile-relating training and over 14 per cent with machine operator skills are lying idle. It has also been revealed that about 12 million people join the workforce every year. But the figures show that only 5.5 millions of them are actually employed every year.

Madam, many jobs are created by industry also which are going unfilled because local people lack the skills required in that local area. There is a mismatch.

To address this problem, I would suggest for the consideration of the Government to map sector-wise skill requirements of the country in consultation with industry. I also agree with the hon. Prime Minister when he says that there is also a need to map skill requirements of various countries. And, on the basis of these two maps, we have to lay emphasis on areas and trades, and train the people.

I think, we have to consider having the idea of the Rural Economic Zone. Most of the unemployment and underemployment in the country are in the rural areas. So, we can consider actually giving incentives to places where there are more people who have the potential to be employed and bring industry to those locations, and skill the people for those industries in those locations. We can

align all of these things together, and, I think, the young people of this country will benefit, industry will benefit and the country will benefit. Thank you.

SHRI R. DHRUVANARAYANA (CHAMARAJANAGAR): Hon. Speaker, I would like to raise a very important issue regarding the shortage of healthcare professions in the rural areas especially in the Primary Health Centres, in the Community Health Centres, and in the block level and district level hospitals. According to Rural Health Statistics, 20214, about 26 per cent sanctioned posts of our doctors at Primary Health Centres are lying vacant. There are about 67 per cent of the posts for total specialists sanctioned at Community Health Centres are lying vacant. Similarly, about 16 per cent of the posts for nurses sanctioned across Primary Health Centres and Community Health Centres are lying vacant. The vacancies are not limited to doctors and nurses posts only. In Community Health Centres, 48 per cent posts sanctioned for radiographers, 19 per cent posts sanctioned for pharmacists and 27 per cent posts sanctioned for laboratory technicians are lying vacant.

At present, the Government is offering some incentives for doctors to work in the rural areas but this incentive is not enough, and it is being given to doctors only. The Medical Council of India had submitted a proposal to the Government to make one year rural posting at a Primary Health Centre compulsory for admission to the Post Graduate Course.

Madam, I would urge upon the Government to reconsider this proposal and also to design similar incentives to encourage healthcare professionals other than doctors to serve in the rural areas. Thank you.

SHRI K. ASHOK KUMAR (KRISHNAGIRI): Hon. Madam Speaker, I stand here to raise an important issue regarding the problems being faced by the Tamil Nadu Dal Manufacturers Association. One of the main problems that comes when they import pulses is that they do not get clearance within the timeframe as provided in the Food Safety and Standards Regulations Act. The Act provides that the clearance should be given within five days from the arrival of the consignment,

but it has been seen that the Authorities, especially, the Chennai Port takes about two weeks time to give clearance, which is causing great hardships to the importers.

Moreover there is an urgent need to differentiate the specifications for raw pulses from those of processed dals. The FSSAI should be given clear-cut directions to facilitate timely clearance of consignment, especially at the Chennai Port, and also to issue orders to identify the specifications between raw pulses and processed pulses.

Madam, I would, therefore, urge upon the Union Government to take immediate steps on this matter. Thank you.

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे एक अति महत्व के मुद्दे पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। शिक्षा के विस्तार के लिए और ज्ञान की रोशनी को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए बिहार राज्य की आबादी और प्रतिभा को देखते हुए राज्य में भारतीय प्रबंधन संस्थान और भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान जैसी बड़ी संस्थाओं की बहुत आवश्यकता है। हम माननीय मंत्री जी से आग्रह करेंगे कि राज्य का आबादी के अनुसार भारतीय प्रबंधन संस्थान और भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान को वहां खोला जाए, शिक्षण संस्थाओं को बढ़ावा दिया जाए। वहीं पर जो नालंदा विश्वविद्यालय है, वह एक खुला अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय है, उसकी तर्ज पर विक्रमशिला विश्वविद्यालय, जो भागलपुर का ही ऐतिहासिक विश्वविद्यालय नहीं है, बल्कि दुनिया भर में उसकी प्रतिष्ठा है, वहां भी अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय खोला जाए और बिहार की प्रत्येक कमिश्नरी में मुंगर जैसे एक विद्यालय की स्थापना हो, यही हम मानव संसाधान मंत्री जी से हम आग्रह करते हैं और अपनी बात समाप्त करते हैं।

माननीय अध्यक्ष : श्री जितेन्द्र चौधरी एवं डा.ए.सम्पत को श्री जयप्रकाश नारायण यादव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे एक गंभीर सवाल पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। इस देश में एक राज्य है, जहां शिक्षा का कोई मतलब नहीं है, न वहां प्राथमिक शिक्षा है, न कालेज हैं, न टीचर्स हैं, न प्रोफेसर हैं और न कोई गुणवत्ता है। वहां सिर्फ मिड डे मील और पोषाहार पर बच्चे जाते हैं और वे भी 90 प्रतिशत दलित बच्चे हैं। मैं आपको प्रिंट दिखा रहा हूं, वहां स्थिति इतनी बुरी हैं, मैं इसे पूरे सदन को दिखाना चाहूंगा, वहां बच्चों को नंगा करके उनका एग्जाम लिया जाता है। वहां बच्चों के कपड़े उतारकर, उन्हें नंगा करके जिस तरह से एग्जाम लिया जाता है, वैसा

कभी सेना का एग्जाम जांघिया और गंजी में लिया जाता है। लेकिन खगड़िया में मैट्रिक के बच्चों का जिस तरह से एग्जाम लिया है, उन्हें भीतर पीटा जाता है, पढ़ाई के लिए कभी गए नहीं, कभी वहां ट्यूशन नहीं हुआ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि यह मानवाधिकार का सबसे बड़ा उल्लंघन है। इससे बड़ी तालिबानी सरकार और हिटलरशाही जैसी सरकार कहीं नहीं हो सकती। मेरा सरकार से आग्रह है कि इस पर सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। मैं समझता हूं कि पूरे सदन को इस पर निंदा प्रस्ताव लाना चाहिए कि जिस तरीके से बच्चों को नंगा करके वहां एग्जाम लिया जाता है, यह घोर निंदनीय है। ...(व्यवधान) मेरा आग्रह है कि सरकार उस पर तुरंत कार्रवाई करे।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरो प्रसाद मिश्र को श्री राजेश रंजन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

DR. THOKCHOM MEINYA (INNER MANIPUR): Madam, today All India Federation of University and College Teachers Organisation and the Federation of Central University Teachers Association are having a mass strike here in Jantar Mantar. Thousands of teachers are there together. Their demands are twelve but among them, three important demands are (i) immediately constitute the UGC Seventh Pay Review Committee; (ii) grant MHRD approval for amendment to Ph.D Regulation of 2009; and (iii) UGC decision on the 3rd Amendment of the UGC Regulation 2010.

Madam, since I belong to the Federation and at the same time, I was teaching in university colleges for more than 30 long years, I know their demands are not unjustified. So, I urge upon the Union HRD Minister who is also present here to kindly have an audience with the representatives of the All India Federation of University and College Teachers Organizations and Federation of Central University Teacher Association. `

12.47 hours

MATTERS UNDER RULE 377 *

HON. SPEAKER: Hon. Members, the Matters under Rule 377 shall be laid on the Table of the House. Members, who have been permitted to raise matter under Rule 377 today and are desirous of laying them, may personally hand over text of the matter at the Table of the House within 20 minutes.

Only those matters shall be treated as laid for which text of the matter have been received at the Table within the stipulated time and the rest will be treated as lapsed.

* Treated as laid on the Table.

(i) Need to conduct a probe into the misappropriation of National Disaster Fund meant for disbursement to farmers who lost their crops due to hailstorms in Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : मेरे संसदीय क्षेत्र जालौन गरौठा भोगनीपुर के जनपद जालौन के अंतर्गत 2014-15 में जो ओलावृष्टि हुई थी, उसमे किसानों को 2015 में जो राशि वितरित की गई, जिसमें किसानों को 9000 रूपये से लेकर 18000 रूपए तक राष्ट्रीय आपदा राहत कोष द्वारा दिये गये थे। प्रदेश सरकार द्वारा नियमों के विरूद्ध जो लघु व लघु सीमांत एवं वृहद् किसानों को जो धन मुहैया कराया जाना चाहिए था, वह नहीं किया गया था। कुछ किसानों को अभी तक पहली किश्त भी मुहैया नहीं कराई गई है, कुछ गांवों में नियमों से हटकर धनराशि वितरित की गई। कोंच तहसील के अंतर्गत तो यहां तक कथित धांधली हुई कि जो किसान नहीं थे, उन्हें फर्जी किसान बनाकर राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से उनके खाते में पैंतीस हज़ार रूपए की तीन किश्तें उनको भेज दी गई थी। कुल मिलाकर 35 से 40 लाख रूपए तक घोटाला किया गया, इस घटना में कई लोग गंभीर एवं संवदेनशील विषय में जांच में दोषी पाये गये। जिसमें कुछ अधिकारी जेल गये।

अतः मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि राष्ट्रीय आपदा राहत कोष के हुए दुरूपयोग की उच्च स्तरीय केंद्रीय जांच समिति से जांच कराने का कष्ट करें, जिससे किसानों को न्याय मिल सके।

(ii) Need to clearly put in practice the doctrine of Separation of Powers in accordance with the spirit of the Constitution.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर) : न्यायिक सुधारों की प्रक्रिया में वर्तमान सरकार ने एक पारदर्शी व्यवस्था लागू करने के लिए नेशनल ज्यूडिशियल अप्वाईंटमेंट कमीशन से संबंधित कानून बनाया था, जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक पीठ के यहां अंतिम निर्णय के लिए लंबित है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय में जजों की नियुक्ति पारदर्शी सिस्टम के तहत होनी चाहिए। संसार के किसी भी देश में जज ही जज को नियुक्त करते हैं, यह परंपरा नहीं है। संविधान निर्माताओं ने जिस भावना के साथ जजों की नियुक्ति के लिए जो प्रावधान संविधान में दिया था, उसको तोड़ने-मरोड़ने से संविधान की मूल भावना पर विपरीत असर पड़ सकता है। अतः मेरी भारत के कानून मंत्री से मांग है कि संविधान में कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं विधायिका के लिए शक्तियों का पृथक्कीकरण किया हुआ है। वर्तमान समय में न्यायिक सक्रियता के चलते यह देखने में आया है कि पीआईएल के माध्यम से अधिकांश वरिष्ठ अधिकारियों को न्यायालय में ही पेशी पर जाते देखा गया है। जब किसी भी राज्य के वरिष्ठ अधिकारी सप्ताह में दो या तीन दिन न्यायालयों की पेशी ही भुगतते रहेंगे तो जनता का काम कब करेंगे, यह चिंता का विषय है और इस ट्रेन्ड को संविधान की भावना के अनुरूप करने के लिए संसद में चर्चा कराई जाये।

(iii) Need to amend the Delhi Rent Control Act

DR. UDIT RAJ (NORTH WEST DELHI): I have raised this issue earlier also. In Delhi, commercial tenants are being evicted by landlords on the grounds of false bona fide needed under the Delhi Rent Control Act due to which around 30 to 40 lakh people of Delhi are directly and indirectly affected. I am thankful that the Hon'ble Minister of Urban Development is proposing to make necessary changes in the form of clauses in the (Delhi) Model Tenancy Act. I have been, however, informed by the aggrieved persons that since the basic premise of the Model Tenancy Act is in tune with the Pradhan Mantri Awas yojana and therefore its implications are much greater for the benefit of residential tenants, and not very suitable for application to commercial tenancies. The need of the hour is to bring a balance in Delhi Rent Control Act, 1958 on the lines of the Gujarat Rent Control Act, 2011. I, therefore, request that the Delhi Rent Control Act, 1958 be amended to include the clauses for which the Ministry of Urban Development has already given in-principle approval, namely the clauses defining comparative hardship, removal of summary procedure and one particular landlord not entitled to file for bona fide eviction for more than one property in the same city. The aggrieved traders who had brought this issue are being evicted on a daily basis due to lack of a legislative framework for their protection in Delhi; this harms not only 30-40 lakh people of Delhi but also the faith they have in the present Government.

(iv) Need to include people belonging to Satnami, Suryavanshi and Ramnami community in different lists.

श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर) : छत्तीसगढ़ राज्य एवं अन्य राज्यों में निवासरत सतनामी, सूर्यवंशी एवं रामनामी को अनुक्रमांक 14 में चमार की श्रेणी में रखा गया है, जो अपमानित शब्द है, जबकि उक्त जाति के लोगों ने कभी जानवर काटने या उससे निकल चमड़े का कार्य नहीं किया है, इनके पूर्वज भी कभी उक्त कार्यों में लिप्त नहीं थे, अतः गाली के रूप में प्रयुक्त 'चमार' शब्द से संबोधित करना या लिखना निंदनीय है। ब्रिटिश काल में भी उक्त शब्द के लिए सतनामी समाज के गुरूओं, राज महन्तों द्वारा अंग्रेज गवर्नर बटलर से आग्रह किया गया था। जिस पर उक्त शब्द का विलोपन किया गया था, गुरू घासीदास जी के सतनाम पंथ के अनुयायी सतनामी हुए तो सत्मार्ग पर चलना सात्विक भोजना करना अहिंसा करना अपना धर्म मानते हैं।

सतनामियों का इतिहास देखा जाये तो यह लोग मूलतः वर्तमान में नारनौल हरियाणा के निवासी थे, जो विभिन्न कार्यों में संलग्न थे, लेकिन औरंगजेब इनका धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम बनाना चाहता था। जिसके लिए उन्होंने सैन्य बल का प्रयोग किया। विरोध में प्रथम बार सतनामी विजयी रहे, कुछ समय पश्चात् पुनः युद्ध में सनामियों की हार हुई और ये विभिन्न प्रांतों में पलायन कर गये। छत्तीसगढ़ में बाबा गुरू घासीदास जी सतनाम के प्रवर्तक हुए और उनके अनुयायी सतनामी कहलाए। इनके उपदेशों और कार्यों से प्रभावित हो (छत्तीसगढ़) के विभिन्न जाति धर्म के लोग अनुयायी हुए, जिन्हें सतनामी जाति के रूप में माना गया है।

अतः सरकार से मेरा आग्रह है कि उक्त समाज की मांग को ध्यान में रखकर अनुक्रमांक 14 से विलोपित कर सतनामी को अलग सूची क्रमांक में दर्ज किया जाये, जिससे उक्त समाज अपने आपको गौरवांवित महसूस करेगा।

(v) Need to enhance annual allocation for Members of Parliament Local Area Development Fund and also delegate executive powers to Members of Parliament for development works in their respective Parliamentary Constituencies.

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) : सादर अवगत कराना है कि अधिकांश सांसदों का निर्वाचन क्षेत्र ग्रामीण इलाके का है। गांवों में पीने के पानी की समस्या है। इंडिया मार्क 2 हैण्ड पंप लगवाने हेतु हमारे निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 8 हज़ार प्रार्थना पत्र आ चुके हैं। गांवों में बिजली समस्या के कारण लगभग 12 हज़ार सोलर लाईट लगवाने के प्रार्थना पत्र आ चुके हैं। फसलों की सिंचाई के लिए सरकारी नल लगवाने हेतु भी सैंकड़ों प्रार्थना पत्र व सैंकड़ों गांवों को संपर्क मार्ग से जोड़ने हेतु सड़कों के निर्माण हेतु प्रार्थना पत्र आ चुके हैं। प्रदेश में इन विकास कार्यों की तरफ अनदेखी हो रही है। इस कारण सांसदों को जनता कटघरे में खड़ा कर रही है। यदि विकास कार्य नहीं हुए तो सांसदों की फजीहत को कोई रोक नहीं पायेगा। एम.पी.लैड्स को बढ़ाने पर भी सरकार कोई विचार नहीं कर रही है।

अतः आपसे मांग करते हैं कि प्रत्येक सांसद को केंद्र सरकार कम से कम 10 हज़ार हैण्ड पंप पाइप, 12 हज़ार सोलर लाईट लगवाने, 100 सरकारी नलकूप लगवाने, प्रत्येक गांव को संपर्क मार्ग से जोड़ने हेतु सड़क बनवानें तथा गांवों में स्वच्छता अभियान के तहत 50 हज़ार लोगों के लिए शौचालय व एम.पी.लैड्स को 5 करोड़ से बढ़ाकर 25 करोड़ रूपए तक करने की मांग पूरी करे, जिससे प्रत्येक सांसद जनता के बीच अपनी जवाबदेही तय कर सके।

(vi) Need to provide adequate compensation to farmers in Sahajahanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्रीमती कृष्णा राज (शाहजहॉपुर) : इस वर्ष बेमौसम बरसात एवं ओलावृष्टि से हमारा अन्नदाता भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। माननीय सदन में किसानों की स्थिति पर अनेकों बार चिंता प्रकट की गई है। देश की केंद्र सरकार द्वारा प्राकृतिक आपदा के प्रभाव से किसानों के कष्ट को कम करने के लिए तथा मानवीय आधार पर भी लगभग सभी राज्यों को समुचित मुआवजा दिया गया है। मैं केंद्र सरकार से आग्रह करती हूॅ कि समस्त उत्तर प्रदेश के हर जिले का सर्वे किया जाये तथा हर किसान की उचित क्षतिपूर्ति की जाए। देश में कितने भी कल-कारखाने हो, कितना भी विकास हो, देश के किसान सदैव उच्च स्थान पर रहेंगे। मनुष्य की प्रथम आवश्यकता उदरपूर्ति है, अर्थात् जन्म देने वाली माता के पश्चात् किसान का ही स्थान आता है। भारत देश कितना भी विकसित हो जाए, यदि किसान दुखी है तो समस्त विकास बेमानी-सा प्रतीत होगा।

मैं आग्रह करूॅगी कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति राशि समुचित हो तथा उस राशि का वितरण न्याय संगत हो, इस प्रकार की व्यवस्था हर राज्य सरकार द्वारा की जानी चाहिए।

मैं उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र का नेतृत्व करती हूॅ, मेरे संसदीय क्षेत्र में 20 लाख किसान निवास करते हैं, सभी की फसलों को ओलावृष्टि से भारी नुकसान पहुंचा है। इस आपदा से अनुमानित 80 प्रतिशत गेहूं की फसल बर्बाद हो चुकी है। ज्यादातर किसान इस विपदा से ग्रसित हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में किसानों के नाम पर 56 करोड़ रूपया मुआवजे के रूप में दिखाया गया है जबकि वास्तविकता यह है कि 50 से 70 प्रतिशत किसान अभी भी मुआवजे से वंचित हैं। 40 से 50 प्रतिशत गांवों को अभी तक मुआवजा नहीं मिल पाया है, जिसका मूल कारण प्रशासन द्वारा किसानों को मुआवजें स्वरूप दी गई राशि में घोर विसंगति एवं उचित वितरण न होना है। मेरा आपसे निवेदन है कि ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाये, जिससे अन्नदाता को न्याय मिल सके।

अंत में, मैं आग्रह करती हूं कि किसानों को उचित मुआवजा समय पर दिया जाए, जिससे किसान इस विपदा से निकल सकें।

(vii) Need to ensure adequate water-harvesting system in new residential colonies in cities and towns in the country.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा) : सम्पूर्ण देश में शहरीकरण बहुत तेजी से हो रहा है। भारत सरकार ने भी देशभर में 100 स्मार्ट सिटी बनाने का लक्ष्य अपने हाथ में लिया है। यह एक सराहनीय कदम है। राजस्थान के भी दो शहरों जयपुर एवं उदयपुर का चयन किया गया है। इसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री महोदय एवं मंत्री महोदय का आभार प्रकट करता हूँ।

मैं अवगत कराना चाहता हूँ कि विगत वर्षों से शहर बहुत तेजी से बढ़े तथा उनकी जनसंख्या भी दो से तीन गुनी हो गयी। नगरीय निकायों ने नई-नई कालोनियॉ भी बनाई पर इनके बनाते समय बरसात के पानी को बड़े पैमाने पर संग्रह करने के लिए कोई स्थान नहीं छोड़ा गया। पुराने समय में जब गॉव और शहर बसते थे तो उसके साथ-साथ झील अथवा तालाबों का निर्माण भी किया जाता था एवं बसावट इस प्रकार से की जाती थी कि बरसात का सारा पानी उस तालाब तथा झील में जाकर इकट्ठा होता था और वही पानी पीने एवं सिंचाई के काम में आता था। परंतु वर्तमान में कॉलोनियों का निर्माण इस प्रकार से नहीं हो रहा है। इस कारण पानी की गंभीर समस्या से जनता को जूझना पड़ रहा है।

मैं भारत सरकार से यह अपेक्षा करता हूँ कि इस हेतु आवश्यक कानून बनाकर शहरी निकायों को पाबन्द किया जाये कि बिना झील अथवा तालाब के निर्माण के लिए नई कॉलोनियों की स्वीकृति नहीं दी जाये।

(viii) Need to expand banking services in Uttar Pradesh.

महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार लाना, उनके अधिकारों को सुनिश्चित करना, महिलाओं के दुख को कम करना, महिलाओं के संरक्षण को सुनिश्चित करना और अधिनियम के अनुसार आरक्षण का पालन करवाना सरकार का प्रथम लक्ष्य है। मानव जाति के जेन्डर बजट में हिन्दुस्तान की 586 मिलियन महिलाओं एवं युवतियों को मिलाकर महिलाओं के सम्मान के साथ महिलाओं की हैल्थ, शिक्षण, संरक्षण और सामाजिक-राजनैतिक स्टेट्स के लिए बजट में प्रावधान करने का कार्य सरकार ने किया है।

भारत देश के इतिहास में एक ही वर्ष में विविध योजनाओं के तहत जन-धन योजना, स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के लिए गरीब लोगों के मेडिकल खर्च कम करने के लिए जेनेरिक सस्ती दवाओं के 3000 नए केंद्र खोलने का आयोजन किया, रोज़गार हेतु 1500 बहु कौशल केंद्र स्थापना के लिए 1700 करोड़ रूपए का प्रावधान करना और आधार कार्ड को कानूनी दर्जा दिलाने जैसी अनेकों योजनाओं के लिए बजट में प्रावधान को स्वीकृत करके बजट का पूर्ण रूप से समर्थन करती हूँ।

श्री वीरेन्द्र सिंह (भदोही) : सभापति महोदय, भारत सरकार के प्रधानमंत्री जी के निर्देशन पर वित्त मंत्री जी ने जो बजट प्रस्तुत किया है, वह गांव, गरीब, किसान और झोंपड़ी में रहने वाले इंसान का बजट है, नारियों के सम्मान का बजट है।

महोदय, यह कृषि और ऋषि प्रधान देश है। यह किसानों का देश है। लेकिन मुझे आश्चर्य होता है कि जिस दिन बजट प्रस्तुत हुआ, उसके बाद बहस शुरू हुई और इस तरफ के लोग बजट पर बहस शुरू करते हुए इन लोगों ने पहला इल्जाम बजट पर यह लगाया कि किसान और कृषि का बजट क्यों प्रस्तुत किया? कुछ लोग यह जानते हैं कि यह देश आजादी के बाद से 68 साल पुराना देश है। यह देश केवल 68 साल पुराना नहीं है, यह देश हजारो साल पुराना है। इस देश का इतिहास हजारों साल का है। इसका आदर्श और उज्ज्वल इतिहास है। बजट बहुत प्रस्तुत हुए हैं। वर्ष 1952 से बजट प्रस्तुत हो रहे हैं। नेहरू जी जब प्रधानमंत्री थे तो उनके वित्त मंत्री टी.टी. कृष्णामचारी जी ने बजट प्रस्तुत किया था। मोरारजी भाई ने बजट प्रस्तुत किया था। यशवंत सिन्हा जी, जो जयंत सिन्हा जी के पिताजी हैं, उन्होंने बजट प्रस्तुत किया था। बहुत सारे लोगों ने बजट प्रस्तुत किया। मोरार जी भाई जब प्रधानमंत्री थे तो एच.एम. पटेल ने भी एक बजट प्रस्तुत किया था। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और गुजरात से लेकर असम तक हर चीज का भाव था, ऐसा भी एक बजट प्रस्तुत हुआ था। लेकिन मैं कह सकता हूं कि 68 साल की आजादी के बाद इस सदन में जितनी सरकारें आयी हैं, उनमें से पहला यह बजट प्रस्तुत हुआ है जो किसान का बजट है। इसलिए किसानों का बजट होने के नाते मैं प्रधानमंत्री जी को और वित्त मंत्री जी को सलाम करता हूं।

महोदय, यह देश 68 साल पुराना नहीं है, बल्कि हजारों साल पुराना देश है। किसी ने कहा कि कृषि का और किसान का बजट इसलिए प्रस्तुत हुआ कि बिहार में यह पार्टी हार गयी थी। हारने और जीतने के कारण बजट प्रस्तुत करने की जो लोग बात करते हैं, वह इस देश की बुनियाद को नहीं जानते हैं। इस देश का मालिक किसान है। मैं महाभारत काल का एक प्रसंग यहां बताना चाहता हूं। महाभारत से बड़ा युद्ध अभी तक कोई नहीं हुआ है। महाभारत के युद्ध के बाद धर्मराज युधिष्ठिर भीष्म पितामह से राजधर्म जानने के लिए गए थे। जब धर्मराज युधिष्ठिर अपने पांचों भाइयों को साथ लेकर भीष्म के यहां गए और उनसे पूछा- पितामह, युद्ध तो समाप्त हो गया है, अब राजधर्म का निर्वाह कैसे होगा, इसका मार्गदर्शन कीजिए। पितामह ने उस समय कहा था- धर्मराज देखना, खेतों में हरियाली दिखनी चाहिए। धर्मराज देखना, तालाब सूखने न पाएं, तालाबों में पानी भरा रहे। धर्मराज देखना, देश के हर नागरिक के दरवाजे पर गाय दूध देती रहे। धर्मराज देखना, राजधर्म का निर्वाह करते हुए देखना कि किसी मां के गोद में कोई बच्चा दूध बिना रोता हुआ न रहे। कुपोषण न हो। फिर भीष्म ने कहा था- धर्मराज देखना, न्याय करना और केवल

न्याय करना ही नहीं, न्याय दिखना भी चाहिए, यह राजधर्म का काम है। खेत में हरियाली रहे, तालाबों में पानी रहे, गाय दूध देती रहें, लोग हृष्ट-पुष्ट रहें, न्याय होता रहना चाहिए। यह कृषि प्रधान देश की ही मान्यता है और कृषि प्रधान देश होने की सबसे बड़ी प्रमाणिकता है। यह घटना द्वापर की है। त्रेता की भी घटना है। एक बार सूखा पड़ा था और मैं बार-बार इस बात को दोहराता रहा हूं कि यह ऋषि और कृषि प्रधान देश है। ऋषियों ने उस समय के शासक जनक को कहा था कि जब शासक हल चलाएगा तो वृष्टि होगी और सृष्टि का संरक्षण होगा। आज तक के किसी शासक के हल चलाने की प्रमाणिकता नहीं मिली है। जनक ने हल चलाया था, जिससे वृष्टि हुई थी और सृष्टि का संरक्षण हुआ था। इसलिए यह कृषि प्रधान देश है। इसलिए किसानों के बजट को प्रस्तुत करता हुआ देश का यह शासन राजधर्म का निर्वाह कर रहा है। प्रधानमंत्री इसलिए राजधर्म का निर्वाह कर रहे हैं, वित्त मंत्री इसलिए राजधर्म का निर्वाह कर रहे हैं।

इस देश में दो तरह के लोग होते हैं। जयंत बाबू, इस देश में एक बेटा माई की गोद में पलता है और एक बेटा दाई की गोद में पलता है। माई की गोद में पलने वाला बेटा किसान का बेटा है और दाई की गोद में पलने वाला बेटा बड़े लोगों का बेटा होता है। वह किसान के दर्द को नहीं जानता, मां की ममता को नहीं जानता। हम लोग माई की गोद में पले हुए लोग हैं। इस देश का प्रधान मंत्री माई की गोद में पला हुआ व्यक्ति है, वह इस देश के किसानों के दर्द को जानता है, इस देश की मां की ममता को जानता है। इस देश के गरीबों की कठिनाई को जानता है, इस देश की माताओं, बहनों के सम्मान को जानता है। इसलिए यह जो बजट प्रस्तुत हुआ है, यह किसानों और कृषि के लिए प्रस्तुत हुआ है, इससे बिहार का संबंध नहीं हैं। माई की गोद में पलने वाला कोई भी बेटा जब उस कुर्सी पर बैठेगा तो किसान के बजट को प्रस्तुत करेगा, किसानों और कृषि के हित में बात करेगा। कभी दाई की गोद की पलने वाला बेटा किसानों की बात नहीं करेगा।...(व्यवधान) महोदय, मैं अपनी बात पूरी करूंगा। मैं अपनी पार्टी के समय में बोल रहा हूं, इसलिए मेरी प्रार्थना है कि मेरी पूरी बात सुनी जाए।

HON. CHAIRPERSON: Already six Members have spoken from your Party.

श्री वीरेन्द्र सिंह : महोदय, मैं अपनी पार्टी के समय में बोल रहा हूं। इस बजट में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना प्रस्तुत हुई। मैं किसान होने के नाते कह सकता हूं कि प्रधान मंत्री सड़क योजना में जो सड़कें बनेंगी, वे गांवों से खेतों तक पहुंचने वाली सड़कें बनेंगी तो खेतों का उत्पादन जरूर बढ़ेगा, चूंकि इनसे किसानों की आवाजाही बढ़ जायेगी। इसलिए मैं प्रधान मंत्री सड़क योजना में बनने वाली सड़कों का और उसमें दी गई धनराशि का स्वागत करता हूं।

इसी तरह प्रधान मंत्री सिंचाई योजना है, प्रधान मंत्री सिंचाई योजना से इस देश के 49 फीसदी खेतों की सिंचाई होगी। जिस खेत की सिंचाई नहीं होती है, जो असिंचित खेत होता है, एक किसान होने

के नाते मैं कह सकता हूं कि उसमें मुश्किल से एक फसल होती है। लेकिन सोलर सिचाईं योजना से जो खेतों की सिंचाई होगी, उसमें खेती की तीस फीसदी लागत कम हो जायेगी और किसान को तीस फीसदी का लाभ होगा। इसलिए प्रधान मंत्री सिचाईं योजना के माध्यम से इस देश के 49 फीसदी खेतों की सिंचाई का मैं स्वागत करता हूं और वित्त मंत्री जी को सलाम करता हूं।

सभापति महोदय, यह देश कृषि का देश है, इसलिए यह देश ऋषि का देश है और कृषि इस देश की जीवन धारा है। यहां चार दर्शन की रचना हुई। चार दर्शन की रचना जयप्रकाश बाबू जानते हैं कि किसने चार दर्शन की रचना की है, इस देश में कृषि के बेटे चरवाहों ने की है। वे चार दर्शन कौन है, मैं आपके सामने बताना चाहता हूं, इस संसद में उस बात की कभी चर्चा नहीं होगी। उन चार दर्शनों की रचना इस देश के चरवाहों ने की, जो कृषि के बेटे होते हैं। गीता की रचना किसने की, गीता की रचना योगीराज कृष्ण ने की, जो गायों का चरवाहा होता था। कुरान की रचना किसने की, मौहम्मद साहब ने की, जो ऊंट का चरवाहा था। बाइबिल की रचना किसने की, ईसामसीह ने की, जो भेड़ का चरवाहा था। गुरु ग्रंथ साहब की रचना किसने की, प्रथम गुरु ने की, जो घुड़सवार होते हुए घोड़े का चरवाहा था। चार चरवाहों की रचना का दर्शन मानने वाले लोग इस देश में हैं। जयप्रकाश बाबू आप बताओ कि फिर इस देश में असहिष्णुता कहां है? जिस देश में चार चरवाहों के द्वारा चार दर्शनों की रचना हुई हो, इसलिए यह देश किसान प्रधान देश है और इसलिए यह देश कृषि प्रधान देश है।

महोदय, मर्यादा पुरुषोत्तम राम, योगीराज कृष्ण और शंकर जी के समन्वय भाव से इस देश की रचना चलती है। राम की मर्यादा, योगीराज कृष्ण का विवेक और शंकर का त्याग ये तीनों मिलकर इस देश की रचना करते हैं।

सभापति जी, आप मेरी बात को पूरा हो जाने दीजिए, मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त करता हूं।

महोदय, इस देश में किसान आत्महत्या करता है, क्यों किसान आत्महत्या करता है, कब से करता है? वर्ष 1991 में जब वहाँ नरसिंह राव बैठे थे और वहीं बैठने वाले डॉ0 मनमोहन सिंह थे, जब आर्थिक उदारीकरण की नीतियाँ लागू हुई थीं, तब से किसानों ने आत्महत्या शुरू किया। मैं स्वदेशी आन्दोलन का कार्यकर्ता हूँ और इस बात को प्रमाणिकता के साथ कह सकता हूँ। किसान आत्महत्या क्यों करता है, वह कर्जा लेता है, किसान स्वाभिमानी होता है, कर्जा को वह चुकता नहीं कर पाता है तो अपना स्वाभिमान बचाने के लिए वह आत्महत्या कर लेता है।

मैं इस सदन में उपस्थित सारे लोगों से विनम्रता से निवेदन करता हूँ कि सदन एक बार इस बात को तय करे कि किसानों के उत्पादन की लाभकारी कीमत का कानून कैसे बनेगा? मैं बार-बार इस सवाल

को उठाता रहा हूँ कि रेल का बजट अलग से प्रस्तुत हो सकता है तो किसान का बजट क्यों नहीं अलग से प्रस्तुत होना चाहिए, लेकिन मैं कह सकता हूँ कि हमारी सरकार ने जो किसान और कृषि का बजट प्रस्तुत किया है, उसमें एक कदम हमने चलकर देखा है।

जय प्रकाश नारायण यादव जी, एक मिनट रूक जाइए। मैं अपनी बात पूरी कर लेता हूँ। मैं अपनी बात एक मिनट में पूरी करता हूँ। मैं कोई खराब बात तो कह नहीं रहा हूँ। वहाँ बैठे हुए लोग कहते हैं कि यह सरकार काले से गोरा करती है। काले से गोरा करने वाले लोग 60 साल में काले से गोरा करना सीखे हैं। कौन लोग काले से गोरा करते हैं? जो अमेरिका के बोस्टन हवाई अड्डे पर एक लाख 60 हजार डॉलर के साथ पकड़े जाते हैं, वे लोग काले से गोरा करते हैं। यह देश जानना चाहता है, यह संसद जानना चाहती है कि वे कौन लोग हैं जो अमेरिका के बोस्टन हवाई अड्डे पर एक लाख 60 हजार डॉलर के साथ पकड़े जाते हैं और ऐफिडेविट देकर छूटते हैं। वे कौन लोग हैं जो नागर वाले कांड में पकड़े जाते हैं और कभी भी देश को सफाई नहीं देते हैं। यह देश इस बारे में जानना चाहता है।

HON. CHAIRPERSON: Nothing is going on record.

… (*Interruptions*)… *

* Not recorded.

*__श्री रोड़मल नागर (राजगढ़):__ भारत सरकार का 2016-17 का बजट वास्तव में ग्रामीण भारत की आत्मा का बजट है, गरीब और किसान का बजट है, देश में गुणवत्तापूर्ण बदलाव लाने, गरीबी समाप्त करने और देश के किसानों को सक्षम बनाकर गांव के माध्यम से देश की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है। किसानों की आय को अगले पांच वर्षों में दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए कृषि क्षेत्र को 35,984 करोड़ रूपए, सिंचाई के लिए 20,000 करोड़ रूपए, कृषि मंडियों के कानून में बदलाव, देश की प्रमुख मंडियों को जोड़कर ई-मार्केट की अवधारणा, कृषि फसल बीमा योजना के लिए 5,500 करोड़ रूपए, 6,000 करोड़ रूपए भू-जल संरक्षण पर व्यय, 1400 करोड़ रूपए दलहन उत्पादन एवं संरक्षण के लिए, स्वच्छ भारत के तहत कचरे की खाद, डेयरी व फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को प्रोत्साहन देने की योजनाएं ग्रामीण रोज़गार का सृजन और आधारभूत व्यवस्थाओं को मजबूती प्रदान करेगी।

अगर दिशा गलत है तो गति कितनी भी तेज क्यों न हो कोई अर्थ नहीं है, लेकिन अगर दिशा ठीक है तो गति जो भी हो, परिणाम निश्चित आयेगा। आज प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में माननीय जेटली जी ने बजट की जो दिशा चुनी है, वही सही है। हमारे देश में आज 90 प्रतिशत बड़े नोट 500-1000 रूपए के चल रहे हैं, जबकि देश के अंदर खाद्य सुरक्षा के माध्यम से हम 70 करोड़ लोगों को लाभ देने की दिशा में काम कर रहे हैं तो 90 प्रतिशत बड़े नोट किन लोगों के लिए है? इन सारे बड़े नोटों की वजह से काला धन, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ देश की सुरक्षा पर भी गंभीर संकट पैदा हो गया है, क्योंकि चाहे आतंकवाद हो या नक्सलवाद, चाहे ड्रग्स की स्मगलिंग हो या बांग्लादेशी घुसपैठ या जाली नोटों का कारोबार सभी जगह गैर-कानूनी भुगतान बड़े नोटों के नगदी माध्यम से ही होता है। हम जितने भी विकसित देश अमेरिका, ब्रिटेन, चीन को देखते हैं तो कहीं भी बड़े नोट नहीं दिखाई देते। इस समस्या का समाधान करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री जी ने व्यवस्था को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने की दिशा में जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, आधार कार्ड, रूपी कार्ड के माध्यम से सभी को बैंक से जोड़कर एक दिशा प्रदान की है, जिसके लिए मैं सरकार को धन्यवाद देते हुए 1000 के नोट को वापस लेने की दिशा में कदम उठाने का आग्रह करता हूँ।

अप्रत्यक्ष करों का आम आदमी पर अत्याधिक भार पड़ता है, यहां तक कि गरीब आदमी के साथ भिखारी भी किसी न किसी रूप में टैक्स दे रहा होता है, मैं माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने टैक्स के सरलीकरण की ओर आगे कदम बढ़ाया है, जो कैश-लेस प्रणाली को विकसित कर रहे हैं।

---

* Speech was laid on the Table.

हर गरीब व्यक्ति को 1 लाख रूपए तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जा रहा है, जिसे गरीबों के इलाज पर खर्च दिया जायेगा, देश की एक तिहाई आबादी को बीमा लाभ दिये जाने का लक्ष्य रखा गया है, हर जिला अस्पताल में राष्ट्रीय डायलिसिस सेवा तथा गरीब व आम आदमी को सस्ती दवायें उपलब्ध कराने के लिए 3000 से अधिक दुकाने खोली जायेंगी। स्वास्थ्य बीमा में 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को 30 हज़ार रूपए का अतिरिक्त लाभ दिया जायेगा। स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में दशकों बाद इतनी अधिक सुविधाएँ प्रदान करने का संकल्प निश्चित ही अकल्पनीय है।

शिक्षा के लिए 1500 स्किल डेवलपमेंट सेंटर, कौशल विकास के लिए 1700 करोड़ रूपए का प्रावधान, 15000 बहु कौशल प्रशिक्षण संस्थान, स्कूल-कॉलेजों का डिजीटल सर्टीफिकेशन, 62 नवीन नवोदय विद्यालय खोले जाना है, जो माननीय प्रधानमंत्री की कथनी और करनी को दर्शाती है।

माननीय वित्त मंत्री जी के सद्प्रयासों से वैश्विक मंदी के दौर में भारतीय अर्थव्यवस्था को स्थिर रखते हुए सकल घरेलू उत्पाद 7.6 प्रतिशत तक बढ़ाया तथा महंगाई दर में 5.4 प्रतिशत तक की कमी की है, भारत का विदेशी मुद्रा भण्डार 350 बिलियन डॉलर हुआ है, जबकि विरासत में अर्थव्यवस्था की हालत अत्यंत खराब मिली थी।

एडगरफिज ने कहा है- एक तरफ सरकारें टैक्स वसूलने के इतने प्रयास करती हैं, दूसरी ओर बड़े-बड़े नोट भी छापती हैं, जो टैक्स चोरी का सबसे बड़ा साधन बनता है, यही अपने आप में एक समस्या है।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि करों का अत्यधिक सरलीकरण एवं बड़े नोटों पर प्रतिबंध, प्रत्येक व्यक्ति को बैंकिंग से जोड़ना, जल्द से जल्द किया जाए। सरकार इस दिशा में चल रही है, इसके लिए मैं पुनः धन्यवाद देता हूँ।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : महोदय, आपने बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। जो संसद में बजट प्रस्तुत किया गया है, मैं उसके वाद-विवाद में हिस्सा लेने के लिए खड़ा हुआ हूँ। मैं मानता हूँ कि इस देश में बजट बनता है, बजट जब बनता है तो बड़ी अपेक्षाएं रहती हैं, बहुत आशा रहती है। स्वाभाविक तौर से आशा रहती है, लेकिन जो बजट पेश किया गया, चाहे आम बजट पेश किया गया हो या रेल बजट पेश किया गया हो, पता नहीं 18 महीने में इस केन्द्र की हुकूमत ने क्या छू लिया है, यह पता नहीं चलता है। इनका जो बजट है, वह परिणामहीन है, वह हवा-हवाई है। इसलिए हवा-हवाई और परिणामहीन है कि आज हर घर में बजट से आँसू बह रहे हैं। महँगाई बढ़ रही है। आपने डंके की चोट पर कहा, मन को आपने धोखा दिया, मूल के सामने आपने कहा था कि मुझे सत्ता दो, मुझे कुर्सी दो, मुझे पावर दो, हम महँगाई को घटाएंगे। आज महँगाई घटी नहीं, आज माँ-बहन, गाँव के गरीब से लेकर सभी लोगों की कमर टूट गई है। आज महँगाई आसमान छू रही है। आप जवाब दीजिए, कौन जवाब देगा? जो सत्ता में बैठे हुए लोग हैं, आज आप लोग शब्दों का जाल फैलाते हैं। आप बड़ा बजट देते हैं। दाल गरीबों की थाली से चली गई है। रोटी के लिए लाले पड़े हैं। आज स्थिति बद से बदतर है।...(व्यवधान) आप बोलिएगा, पहले हम कुछ देर बोल लें, उसके बाद आप बोलिएगा। अभी रूक जाइए। ये अस्पष्ट क्रान्ति कर रहे हैं।

महोदय, चौधरी चरण सिंह जी हुआ करते थे, उन्होंने कहा था कि देश की समृद्धि का रास्ता, देश की खुशहाली का रास्ता, किसान के खेत और खलियान से होकर गुजरता है। जब किसान समृद्ध होगा, गाँव खुशहाल होगा तब देश समृद्ध होगा, यह नहीं कि चन्द उद्योगपतियों को महिमामंडित करने से देश बनेगा। ऐसे देश नहीं बनेगा। उद्योगपति अपना उद्योग लगाएं। किसान और खेती, गांव और पानी की व्यवस्था, सिंचाई का प्रबंधन, खेती हमारी मजबूत हो, किसान हमारा मजबूत हो, इसका हमें ख्याल करना चाहिए। आज तो गमले में खेती की बात होती है, मकान की छत पर खेती की बात होती है। आज 16 हजार एकड़ देश की जमीन बेकार पड़ी हुई है। खेती करो, सिंचाई करो, डैम बनाओ, बिहार जैसे राज्य में सिंचाई का प्रबंधन होना चाहिए।

बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देना चाहिए। बिहार का जो पैसा आज रोका गया है, चाहे मनरेगा का हो या प्रधानमंत्री सड़क योजना का या शिक्षा परियोजना का हो या इंदिरा आवास का हो, उस पैसे की भरपाई कीजिए। आज बैंक का दिवालिया हो गया, किसान कर्ज में है, राष्ट्र आर्थिक संकट में है, उद्योग धंधे बंद हो गए हैं। आज स्मार्ट सिटी की बात करते हैं। नहीं, नहीं, हमें स्मार्ट गांव चाहिए, गरीबों के लिए चाहिए। आज स्थिति बद् से बद्तर है। कौन देश को बर्बाद कर रहा है, कौन देश को अस्थिर कर रहा है?

इसीलिए जो अच्छे दिन की बात करते हैं, अच्छे दिन नहीं, आपका अच्छा दिन भले ही आया है, मना लीजिए, लेकिन वर्ष 2019 में आपका बुरा दिन आने वाला है। जैसे बिहार में आपकी खटिया खड़ी हो गई, वैसे ही देश में भी आपकी खटिया और बटिया खड़ी हो जाएगी। देख लीजिएगा, समय आने वाला है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय, अभी दो मिनट बोले हैं, बोलने तो दीजिए। सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप, जाके हृदय सांच है, तांके हृदय आप, आपका हृदय सच्चा नहीं है। इसीलिए आज स्थिति बद् से बद्तर हुई है। आपके माध्यम से हम कहना चाहेंगे कि ...(व्यवधान) सभापति जी, जो चरवाहा विद्यालय की चर्चा उन्होंने की, मैं खुशी जाहिर करता हूं कि चरवाहा के बेटे ने देश और दुनिया में देश का नाम ऊंचा किया। एक गरीब का बेटा, चरवाहा का बेटा, गरीब मैय्या की कोख से पैदा होने वाला, मां मनुष्य की कोख से पैदा होने वाला, चरवाहा का बेटा लालू यादव जी ने, सामाजिक क्रांति अगर किसी ने देश में किया तो उस बेटे का नाम लालू यादव है। ...(व्यवधान) सभापति महोदय, हमें केवल तीन मिनट समय दिया जाए।

माननीय सभापति: ओनली वन मिनट।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव : सभापति महोदय, चार सदस्य हैं, कृपा करके मौका दिया जाए।

डॉ. लोहिया ने कहा था, समता, समाजवाद, गरीबी, पिछड़ापन और नारी, इसकी ताकत को बढ़ाना है। डॉ. लोहिया नारा लगाते थे, जिस खेती से लाभ नहीं, उस पर लगे लगाम नहीं, छोटी जाति की क्या पहचान, करे काम और सहे अपमान, पेट है खाली मारे भूख, बंद करो दामों की लूट, नौ सौ से कम न हजार से ज्यादा, पिछड़े पावैं सौ में साठ। हमारी बातों को ताईद कर दीजिए, वह समाजवादी रहे हैं। ...(व्यवधान) आरएसएस के मोहन भागवत जी क्या कहते हैं? आरक्षण खत्म करो। मैं सदन में कह रहा हूं ...(व्यवधान) कोई माई का लाल, जो इस ज्वालामुखी पर हाथ रखेगा, वह जल जाएगा। ...(व्यवधान) मैं बस दो मिनट में खत्म कर रहा हूं। ...(व्यवधान) ये मनुवादी शक्तियां हैं।

सभापति महोदय, शिकारी आएगा, जाल बिछाएगा, दाना डालेगा, लोभ से फंसना नहीं। अभी घोषणा की गई, जो हमारा रेल का पुल बना, चाहे दीघा का हो, मुंगेर का हो, अधूरा हो और राज्य सरकार ने ताकत दी, पहले से वह बन रहा है। यहां दिखाते हैं कि हम बनाकर दिखा रहे हैं। अपने कार्यक्रम में नहीं

है यहां, इसलिए सरकार वचनभंगी है और यह गड्ढे में गिरेगा। इसलिए न हिंदू, न मुसलमान, न सिख न ईसाई, तू न हिंदू बनेगा, न मुसलमान बनेगा, हम इन्सान की औलाद हैं, हम इन्सान बनेंगे, देश की रक्षा करेंगे। हम भाईचार बढ़ाएंगे।

माननीय सभापति : नथिंग इज गोइंग ऑन रिकार्ड।

… (*Interruptions*)… *

* Not recorded.

*__श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर (दाहोद):__ आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के निर्देश पर माननीय वित्त मंत्री जी ने देश का जो लेखा-जोखा 2016-17 वित्त वर्ष का प्रस्तुत किया है, मैं उसका समर्थन करता हूँ कि यह बजट वास्तव में किसानों के हित में, गरीबों का जीवन स्तर सुधारने के लिए, गांवों में शहरी सुविधाएँ दिये जाने के बारे में है। इस सरकार के गठन के समय देश में महंगाई का माहौल था, जिस पर इस सरकार ने नियंत्रण किया है और देश की मुद्रास्फीति 9.4 से घटकर 5.4 हो गई है। आज हमारे देश में विदेशी मुद्रा भंडार 350 बिलियन अमेरीकी डॉलर है, जो अब तक सबसे अधिक है।

पहले की कृषि फसल बीमा योजना में किसानों को कोई विशेष फायदा नहीं होता था और किसानों को उनकी फसल का नाममात्र का मूल्य ही मिलता था, वह भी कई दिक्कतों के बाद, जिसके कारण कई किसान खेती-बाड़ी का धंधा छोड़कर अन्य धंधे की ओर जा रहे थे। इस सरकार ने किसानों की पीड़ा को समझा है और इसके लिए नई प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना को लागू किया है, जिसमें किसानों को कम प्रीमियम देना होगा और फसल के खराब होने की स्थिति में उन्हें अधिक से अधिक मुआवजा मिलेगा और फसल बीमा योजना के अंतर्गत राशि प्राप्त करने में जो कठिनाई आती थी, उसको इस सरकार ने दूर किया है। देश के किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने हेतु 9 लाख करोड़ रूपए की व्यवस्था की है, इससे किसानों को रियायती दर पर ऋण दिया जाएगा। सरकार ने ब्याज में छूट देने के लिए 15 हज़ार करोड़ की व्यवस्था की है। कई वर्षों से कई क्षेत्रों में पर्याप्त बरसात नहीं होने से सुखाड़ की स्थिति पैदा हुई है और किसानों को उनके खेतों में काम करने के बाद फसल बीच में ही खराब हो गई, इसके लिए सरकार ने देश में सिंचाई क्षमता को बढ़ाने के लिए कई प्रयास किये हैं। आज भी देश में 14 करोड़ 10 लाख हैक्टेयर कृषि भूमि में से केवल 46 प्रतिशत भूमि पर सिंचाई की व्यवस्था है। सरकार ने सिंचाई की सुविधा को बढ़ाने के लिए 12,517 करोड़ रूपए की व्यवस्था की है, साथ ही साथ सिंचाई की बंद इकाईयों को दोबारा चालू किये जाने का निश्चय किया गया। देश के तालाब और कुओं के निर्माण के लिए मनरेगा के अंतर्गत जारी राशि का दो-तिहाई हिस्सा दिये जाने का प्रावधान किया गया है। देश में 28 लाख कृषि हैक्टेयर भूमि को सिंचित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। देश में किसानों को अपनी जमीन को उपजाऊ बनाने के लिए 14 करोड़ किसानों को सॉयल हैल्थ कार्ड दिये जाने का वायदा किया है, जिससे किसान अपनी भूमि के बारे में जान पाएगा कि उसकी भूमि को किस तरह की खाद की आवश्यकता पड़ेगी और कौन सी फसल उसके खेत में ज्यादा होगी। देश में 17 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन किये जाने का निर्णय लिया गया, इससे किसानों को यूरिया प्राप्त होने में जो दिक्कत हो रही थी, वह दूर होगी।

---

* Speech was laid on the Table.

इस तरह से यह बजट कृषि के विकास के लिए सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए कृषि मंत्रालय के साथ कृषक कल्याण विभाग का गठन किया है। जो किसानों के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान में अपना योगदान देगा। कृषि कल्याण के लिए 38,984 करोड़ रूपए आवंटित किए गए हैं। देखा जाये तो पिछले साल की अपेक्षा इस बार कृषि का बजट दोगुना किया गया है, इससे किसानों की आय आने वाले पांच साल में दोगुनी होने की संभावना है। इसके लिए देश भर के किसान आरदणीय प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी का आभार व्यक्त कर रहे हैं।

भारत की आत्मा गांव में बसती है और गांव का विकास अगर अधूरा रहेगा तो देश का विकास नहीं होगा। देश के विकास का रास्ता गांव के रास्ते से ही जाता है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए माननीय मंत्री जी ने ग्रामीण विकास पर ज़ोर दिया है। गांवों में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए ग्राम पंचायत के लिए 2.8 लाख करोड़ रूपए आवंटित किये हैं, इससे प्रत्येक ग्राम पंचायत को 80-80 लाख रूपए ग्रामीण विकास के लिए मिलेगा। देश में गांवों को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधूरे काम को पूरा करने का निश्चय किया है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की शुरूआत की है, जो आम आदमी के लिए उपयोगी है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना जो पिछले साल शुरू की गई थी, उसमें देश की 21 करोड़ जनता ने खाता खोला है, जो पूरे वर्ल्ड में एक रिकॉर्ड है।

देश के करीब 70 प्रतिशत जनसंख्या अभी तक गांवों में निवास करती है, जिसमें अधिकतर गरीब लोग रहते हैं, जिनकी आय बहुत ही कम है और बीमारी की अवस्था में वे अपना इलाज ठीक ढंग से नहीं करवा पाते हैं। इस संबंध में सरकार ने अपने बजट में विशेष ध्यान रखा है, इसके लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को एक लाख रूपए की बीमा सुरक्षा प्रदान की है, जिसमें ग्रामीण व्यक्ति अपना इलाज ठीक ढंग से करवा सकते हैं। देश में गुर्दे की बीमारी तेजी से बढ़ रही है, हर साल दो लाख के करीब गुर्दे की बीमारी से ग्रस्त हो जाते हैं, इसके लिए सरकार ने हर जिले में डायलिसिस केंद्र बनाये जाने का प्रस्ताव रखा है, जहां पर गरीब व्यक्ति निःशुल्क डायलिसिस की सेवा ले सकते हैं।

देश के गरीब लोगों को एल.पी.जी. गैस कनेक्शन दिये जाने के लिए नये कदम उठाये हैं, जिसके अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे आने वाले 5 करोड़ लोगों को निःशुल्क गैस कनेकशन दिए जाएंगे और इस साल इस कार्य के लिए 2000 करोड़ रूपए की व्यवस्था की गई है। देश में ग्रामीण महिलाओं के नाम ये कनेक्शन दिए जाएंगे, इससे गांवों में रहने वाली महिलाओं को खाना बनाने के लिए लकड़ी बीनने और उसको जलाने से जो प्रदूषण होता है, उससे निजा़त मिलेगी।

देश में 645 जिले जनजाति बहुल्य क्षेत्र हैं, जहां पर जनजाति वर्ग के लोग अधिकांश रूप से जंगलों में रहते हैं। देश की जनसंख्या 8.2 प्रतिशत जनजाति वर्ग से है। परंतु उनकी सामाजिक एवं आर्थिक दशा काफी दयनीय है। सरकार ने इसके लिए विशेष प्रयास किये हैं, सरकार ने एस.टी. वर्ग की छात्राओं की स्कॉलरशिप के लिए 1200 करोड़ रूपए और वन बंधु योजना के लिए 600 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। वन बंधु योजना मेरे गृह राज्य गुजरात में लागू की थी वहां पर यह पूरी तरह सफल रही है, उसकी तर्ज पर इसे केंद्र स्तर पर लागू किया। सरकार ने एस.सी. एवं एस.टी. के युवा वर्ग के कौशल विकास के लिए 500 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है।

स्वच्छ भारत अभियान जो आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने डेढ़ वर्ष पूर्व शुरू किया था, जिसके अंतर्गत गांवों में शौचालय बनाने का कार्य तेजी से हो रहा है और देश के छात्राओं के प्राथमिक विद्यालय में 4 लाख पक्के शौचालय बनाये गये हैं। सरकार ने वन रैंक-वन पेंशन के माध्यम से देश की रक्षा करने वाले पूर्व जवानों को न्याय दिया है। देश में मुद्रा योजना में एक लाख करोड़ रूपए गरीबों को बांटे गये, जो एक ऐतिहासिक कार्य है और इस साल 3 करोड़ गरीब लोग लाभांवित होंगे।

मैं गुजरात के दाहोद जिले से आता हूँ, जो मध्य प्रदेश और गुजरात की सीमा पर स्थित है, यहां के गांवों को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से जोड़ा गया है, परंतु अभी तक कई सड़कों को जोड़ा नहीं गया है, उसके लिए केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूँ कि इसके लिए मेरे संसदीय क्षेत्र दाहोद के लिए अधिक से अधिक फंड दिया जाये। मेरे संसदीय क्षेत्र में सिंचाई कार्य में तेजी लाये जाने की अत्यंत आवश्यकता है। लोगों को पेयजल उपलब्ध करवाए जाने की योजना में मेरे संसदीय क्षेत्र को पर्याप्त धनराशि आवंटित की जाये। मेरा संसदीय क्षेत्र जनजाति बाहुल्य है, परंतु उनको सिंचाई की विशेष व्यवस्था नहीं है, वे बरसात के पानी पर पूरी तरह से निर्भर है। इसके लिए मैं सरकार से अनुरोध करूँगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र में जनजाति वर्ग के लिए सिंचाई के लिए विद्युत कनेक्शन मुफ्त में दिये जाये। मेरे संसदीय क्षेत्र में वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत वन अधिकार पत्र लेने के पात्र होने के बाद अधिकार पत्र नहीं दिया गया है, सरकार से अनुरोध है कि इस पर ध्यान दिया जाये। मेरे संसदीय क्षेत्र में मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी एवं मैटेरियल का भुगतान अभी तक नहीं किया है, इसकी जांच की मॉग सरकार से करता हूँ। गुजरात का दाहोद जिला साक्षरता की दृष्टि से पिछड़ा है, जिस पर सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत कार्य में अधिक से अधिक धन मुहैया कराया जाये।

अंत में, मैं माननीय वित्तमंत्री जी द्वारा 2016-17 के जनरल बजट का समर्थन करता हूँ।

*__श्री राजेशभाई चुड़ासमा (जूनागढ़):__ भारत की आम जनता के साथ उद्योग जगत और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की बढ़ती साख की वजह से पूरा देश जिस आम बजट का बेसब्री से इंतजार कर रहा था, वह संसद में प्रस्तुत हो गया है। इस बार के आम बजट पर यदि गंभीरता से विचार किया जाय तो यह बजट सामान्य तौर पर सामाजिक समावेशन की दिशा में उठाया गया अहम कदम कहा जाएगा।

इसमें ग्रामीण विकास है, स्थानीय स्वशासन की सुदृढ़ता की पहल है, कृषि और किसान हैं तथा समाज के उपेक्षित और वंचित वर्ग भी हैं। एक-डेढ़ साल से जो विपक्ष मोदी सरकार को कॉरपोरेट जगत का दोस्त बता रहा था, उसके लिए यह बजट सदमे से कम नहीं है, क्योंकि बजट खेती-किसानी और गरीब हितैषी है।

विपक्ष शायद यह भूल गया था कि यह सरकार गरीब, वंचित और उपेक्षित लोगों के जनमत का प्रतिनिधित्व करती है और हमेशा उनके हितों के लिए ही आगे आयेगी। यह बजट सबका साथ-सबका विकास पर अमल कर रहा है। चाहे आप विपक्ष में हैं या पक्ष में आपको यह मानना पड़ेगा कि ग्रामीण विकास और किसान तथा कृषि क्षेत्र के प्रति ऐसी मानवीय पहल और कल्याण पहले किसी बजट में नहीं दिखी है।

आम बजट 2016-17 को वास्तविक समावेशी विकास की दिशा में उठाया गया एक अहम कदम कह सकते हैं। इस बार के बजट में जहां एक तरफ ग्रामीण विकास को पर्याप्त रूप से शामिल किया गया है वहीं अर्थव्यवस्था के अन्य संकेतकों के प्रति भी गंभीरतापूर्वक ध्यान दिया गया है। इस बार के बजट का रोडमैप और प्राथमिकता के रूप में अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन में महत्तर प्रभाव के लिए ट्रांसफोर्म इंडिया का नारा दिया गया है। बजट में सरकार का दृष्टिकोण वृहद् आर्थिक स्थायित्व और विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन को सुनिश्चित करना तथा घरेलू मांग को बढ़ावा देना है। साथ ही जनता के कल्याण और जीवन में बदलाव के लिए आर्थिक सुधारों और नीतिगत पहलें जारी रखना भी है।

इस बार के बजट में हमारे वित्त मंत्री जी ने ग्रामीण विकास, कृषि, अवसंरचना सहित दीर्घकालीन मुद्दों को ज्यादा प्रमुखता दी है। बजट में कृषि और किसानों के कल्याण के लिए कुल 35,984 करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है। साथ ही, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना को मिशन मोड में लागू किये जाने की घोषणा की गई है। साथ ही कहा गया है कि करीब 28.5 लाख हैक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई के अधीन लाया जाएगा। नाबार्ड में लगभग 20,000 करोड़ रूपए की प्रांरभिक निधि से एक समर्पित दीर्घावधि सिंचाई निधि सृजित की जायेगी। बहुपक्षीय निधियन के माध्यम से 6,000 करोड़ रूपए की अनुमानित लागत से भूजल

* Speech was laid on the Table.

संसाधन के सतत प्रबंधन के लिए कार्यक्रम कार्यान्वित किया जाएगा। किसानों पर ऋण अदायगी के बोझ को कम करने के लिए ब्याज सहायता हेतु बजट अनुमान में करीब 15 हज़ार करोड़ रूपए का प्रावधान है। इसी तरह से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आवंटन 5,500 करोड़ रूपए किये गए हैं। डेयरी क्षेत्र की तरफ पर्याप्त पहल करते हुए बजट में चार डेयरी परियोजनाओं की घोषणा की गई है। पशुधन संजीवनी, नकुल स्वास्थ्य पत्र, ई-पशुधन हाट और राष्ट्रीय देशी नस्ल जेनेमिक केंद्र के लिए करीब 850 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

इसी तरह से ग्रामीण विकास भी इस बार के बजट में फोकस में था। आम बजट में 87,700 करोड़ रूपए का आवंटन ग्रामीण विकास के लिए किया गया है। 14वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार ग्राम पंचायतों और नगरपालिकाओं को सहायता अनुदान के रूप में 2.87 लाख करोड़ रूपए दिये जाएंगे। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना के लिए अब तक की सबसे अधिक राशि 38,500 करोड़ रूपए आवंटित की गई है। बजट में घोषणा की गई है कि 1 मई 2018 तक 100 प्रतिशत गांवों का विद्युतीकरण कर दिया जाएगा। ग्रामीण भारत के लिए एक नया डिजीटल साक्षरता मिशन जिसमें अगले तीन वर्षों में लगभग 6 करोड़ और परिवार शामिल किये जाएंगे। इसके अलावा 655 करोड़ रूपए के आवंटन के साथ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान नामक नई स्कीम शुरू की जायेगी।

बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल सहित सामाजिक क्षेत्र के लिए 1,51,581 करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है। नई स्वास्थ्य रक्षा स्कीम के तहत प्रत्येक परिवार को एक लाख तक स्वास्थ्य सुरक्षा कवर दिया जाएगा, जिसमें बुजुर्गों को 30 हज़ार रूपए तक का अतिरिक्त टॉप-अप पैकेज होगा। देश में करीब 3 हज़ार जन औषधि स्टोर खोले जायेंगे।

शिक्षा क्षेत्र में भी कई अहम कदम उठाये गए हैं। देश में 62 नए नवोदय विद्यालय खोले जायेंगे। 10 सरकारी तथा 10 निजी संस्थाओं को विश्वस्तरीय शिक्षण और अनुसंधान संस्थाओं के रूप में विकसित करने के लिए विनियामक ढॉचे तैयार किये जाने हैं। साथ ही, 1000 करोड़ रूपए के प्रांरभिक पूंजी आधार के साथ उच्चतर शिक्षा वित्तपोषण अभिकरण स्थापित किया जाना है। देश में कौशल विकास योजना के लिए 1804 करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है तथा 1500 बहु कौशल प्रशिक्षण संस्थाओं की स्थापना की घोषणा की गई है।

एक नवीन पहल करते हुए बजट में नए कर्मचारियों के लिए एक सौगात दी है। भारत सरकार ई.पी.एफ.ओ. में अपना नामांकन करने वाले सभी नए कर्मचारियों के लिए उनके रोज़गार के प्रथम तीन वर्षों के लिए 8.33 प्रतिशत के अंशदान का भुगतान करेगी। इस स्कीम के लिए 1000 करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है।

सामाजिक, स्वास्थ्य और रोज़गार के अलावा देश के आर्थिक विकास के बुनियादी क्षेत्रों के लिए भी बजट में तमाम प्रावधान किये गये हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित सड़क क्षेत्र में कुल निवेश इस वर्ष 97 हज़ार करोड़ रूपए का होगा। साथ ही, इस वर्ष करीब 10 हज़ार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग को मंजूरी दी जाएगी। सड़कों के लिए बजट में कुल 55 हज़ार करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है।

इतने कम समय में, मैं बजट के सारे पहलुओं को समेट नहीं सकता, किंतु इतना अवश्य कहूंगा कि इन सभी प्रावधानों और बजटीय आवंटनों को देखकर यह कही से भी आलोचना का अवसर नहीं देता है। फिर भी हमारे कुछ साथी सदन और सदन के बाहर इसकी आलोचना करते हैं तो यह उनकी विपक्ष की मजबूरी हो सकती है। कुल मिलाकर बजट का अवलोकन एक समावेशी बजट के रूप में रेखांकित होता है।

मैं इन शब्दों के साथ अपनी बात समाप्त करना चाहता हूँ कि अभी यह शुरूआत है गॉव, खेत और किसानों का विकास अभी बाकी है। हमारे कुशल प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश बढ़ेगा, किसान बढ़ेंगे और सबका साथ-सबका विकास भी होगा, ऐसी आशा हम करते हैं।

श्री गणेश सिंह (सतना) : सभापति महोदय, मैं आपका अत्यन्त आभारी हूं कि आपने मुझे बजट पर अपनी बात रखने का अवसर दिया। मैं बजट वर्ष 2016-17 के समर्थन में अपनी बात रख रहा हूं। ...(व्यवधान)

योग्य वित्त मंत्री जी ने सदन में 19 लाख 78 हजार 60 करोड़ रूपए का बजट पेश किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 2 लाख करोड़ अधिक है। इस बजट में 14 फीसदी आय में वृद्धि का भी उल्लेख किया गया है। इस बजट के आयोजना व्यय में विगत वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक का प्रावधान है। सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर बढ़ कर 7.6 प्रतिशत हो गयी है। मुद्रास्फीति में भी बहुत भयंकर कमी हुयी है, वह 9.4 प्रतिशत से घट कर 5.4 प्रतिशत पर आ चुकी है। 14वें वित्त आयोग की सिफारिशों को मानने के बाद अब राज्यों को पहले की तुलना में 20.8 प्रतिशत राशि केन्द्र ने बढ़ा कर दी है। कर्ज की ब्याज दर आठ प्रतिशत से घट कर 7.6 प्रतिशत पर आ चुकी है। इस बजट की प्रशंसा हर जगह हो रही है। वाकई में पहली बार ऐसा बजट गांव, गरीब और किसान के लिए खुल कर प्रस्तुत किया गया है। इस देश में 70 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है। सरकार की योजनाओं का पैसा गांवों में, जिस आबादी का अनुपात है, उसके अनुसार आज तक नहीं गया है। पहली बार देखा गया है कि देश की बुनियाद को मजबूत करने के लिए बजट में प्रावधान हुये हैं। इसीलिए इसकी चारों तरफ प्रशंसा हो रही है, लेकिन हमारे विपक्ष के साथी इसकी आलोचना कर रहे हैं, परन्तु उनकी आलोचना में कोई तथ्य नहीं है, सिर्फ विरोध करना एक मात्र उनका उद्देश्य है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि पहली बार देखने में आया है कि प्रधानमंत्री जी ने जो वायदा देश के सामने किया था, उनकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं दिखाई पड़ रहा है। उन्होंने कहा था कि हमारे देश में सबसे बड़ी चुनौती गरीबी की है, हमारे देश में चुनौती किसानों की समस्याओं की है, हमारे देश के सामने नौजवानों के रोजगार और उनके प्रशिक्षण की चुनौती है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि, जिस तरह से उन्होंने कहा था कि संसाधन में पहला हक गरीब का, संसाधन में दूसरा हक किसान का और तीसरा हक नौजवान का होना चाहिए और ठीक उसी अनुरूप में बजट प्रस्तुत किया गया है। यह बजट जो प्रस्तुत हुआ है, वह वाकई में भारत की बुनियाद को मजबूत करने वाला बजट है। ऐसी 27-28 योजनायें हैं - जन-धन योजना, हाउसिंग फॉर ऑल योजना, स्वच्छ भारत अभियान के तहत घर-घर शौचालय, स्वास्थ्य बीमा योजना, दुघर्टना बीमा योजना, पेंशन योजना, फसल बीमा योजना, खेत सिंचाई योजना, किसानों की आय पांच साल में दोगुनी करने की योजना, युवाओं को स्किल्ड बनाने की योजना, मुद्रा बैंक योजना, मेक इन इंडिया योजना, मेड इन इंडिया योजना, डिजिटल इंडिया, सुकन्या समृद्ध योजना, सेतु भारतम्, अंत्योदय एक्सप्रेस, दीनदयालु यात्री डिब्बे, निःशुल्क

एल.पी.जी. गैस कनेक्शन, तीन हजार सस्ती दवाइयों की दुकान खोलने की योजना, यात्री गाड़ियों में जैव शौचालय की व्यवस्था करना, स्मार्ट सिटी, नमामि गंगे, 2018 तक हर गांव में बिजली पहुंचाने की योजना, वन रैंक-वन पेंशन, पूर्वोत्तर राज्यों को विशेष पैकेज, भ्रष्टाचार मुक्त सरकार, सबका साथ-सबका विकास, एक भारत श्रेष्ठ भारत। सरकार का उद्देश्य शिक्षित, स्वच्छ तथा स्वस्थ भारत बनाना है। यह विजनरी बजट है और अंत्योदय इसका उद्देश्य है।

मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि मैं वर्ष 2004 से इस सदन का सदस्य हूं। मैंने पहली बार देखा है कि कोई प्रधानमंत्री 24 घंटे में 18 घंटे काम कर रहे हैं और एक-एक मिनट देश के विकास और तरक्की के लिए कैसे खर्च किया जाये, उस दिशा में उनकी चिंता है। प्रधानमंत्री जी का यही एक सपना है कि हमारा देश विश्व का सिरमौर बन सके, हमारा देश आत्मनिर्भर बन सकें, स्वाभिमान से हर भारतीय जी सके और इसलिए यह उनका विजनरी बजट है।

"जाके पांव न फटे बिवाई,
वह क्या जाने पीर पराई।"

इसलिए कि वह बहुत गरीब घर में पैदा हुये। उनकी मां पड़ोस के घरों में चौका-पोछा लगाती थीं। उनके पिता चाय बेचते थे। उस गरीबी में पैदा होकर वह इस ऊंचाई तक पहुंचे। इसीलिए उनको गरीब का दर्द है और इसीलिए वह काम कर रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि हमारे विपक्ष के लोग बड़ी आलोचना करते हैं, वे विपक्ष में हैं, आलोचना करें, यह उनका हक है, लेकिन वह मजाक न उड़ायें। किसी गरीब घर में पैदा हुआ कोई व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री कैसे हो सकता है, इस बात का मजाक, अच्छे कपड़े पहन लो तो उसका मजाक, अच्छा भाषण दे दो तो उसका मजाक, इस तरह से जो मजाक उड़ाने का काम शुरू है, उन पर कहीं न कहीं रोक लगाने की जरूरत है। देश बेहतर काम कर रहा है। नरेन्द्र मोदी जी ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में सार्क देशों को बुलाया, पहली बार ऐसा देखने को मिला। वह पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के पारिवारिक कार्यक्रम में पहुंच कर दुनिया को चौंका दिया। वह पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो नेपाल जैसे पड़ोसी देश में प्राकृतिक आपदा में बिना मांगे सहायता पहुंचा दी। वह पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने बांग्लादेश का सीमा विवाद हल करके दिखा दिया। प्रधानमंत्री जी, आज पूरी तरह से देश को एक नयी दिशा की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि मैं इस देश 125 करोड़ लोगों की परवरिश का जवाबदार व्यक्ति हूं।

14.00 hours

जब प्रधानमंत्री जी संसद में पहले दिन आए तो संसद के प्रथम द्वार पर उन्होंने सीढ़ियों में प्रणाम कर सबको आश्चर्य में डाल दिया। जब वे सैंट्रल हाल में हम सभी सांसदों को संबोधित कर रहे थे तब

उन्होंने कहा कि मैंने लोकतंत्र के मंदिर को प्रणाम किया है जिसमें 125 करोड़ लोगों की परवरिश होती है। मैं उन सब लोगों को विश्वास दिलाने आया हूं। मैं सबका साथ लेकर सबका विकास करना चाहता हूं। उसी विषय को लेकर वे आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा था कि यह गरीबों की सरकार है। इसीलिए उन्होंने कहा कि संसाधन में पहला हक गरीबों को दिया जाए। जन धन योजना के तहत 21 करोड़ लोगों के खाते बैंक में खुले हैं।

आज मैं कहना चाहता हूं कि गरीब व्यक्ति पहली बार महसूस कर रहा है कि हमारे जीवन की सुरक्षा हो रही है। पहली बार गरीब व्यक्ति महसूस कर रहा है कि हमारे लिए सरकार मकान देने की योजना बना रही है। पहली बार सरकार के कामों की प्रशंसा में गरीब व्यक्ति कहता है कि हमें नए रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

आज मध्य प्रदेश में एक करोड़ 66 लाख, 5 हजार 300 जन धन के खाते खुले हैं। मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना में 6 लाख 97 हजार, 916 ऐसे खाते बैंकों में खुल चुके हैं। हाउसिंग फार ऑल योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में देशभर में 2.94 करोड़ लोगों ने इसका लाभ उठाया है। इसी तरह मध्य प्रदेश में एक लाख 93 हजार लोगों ने फायदा उठाया है। मेरे सतना लोक सभा क्षेत्र में 34 हजार 936 लोगों ने इसका फायदा उठाया है।...(व्यवधान) महोदय, मुझे थोड़ा समय चाहिए। मैं बजट की बुनियादी चीज बता रहा हूं जिसकी आलोचना हो रही है कि सब कागज में है। कागज में नहीं है, धरती पर है। सुरक्षा बीमा योजना का पूरे देश में 10.66 करोड़ लोगों ने लाभ उठाया है। मध्य प्रदेश में 66 लाख 40 हजार 814 लोगों ने लाभ उठाया है। मेरे लोक सभा क्षेत्र में एक लाख 80 हजार 641 लोगों ने लाभ उठाया है। अटल पैंशन योजना का 10 लाख से अधिक लोगों ने फायदा उठाया। मध्य प्रदेश में हमारे सतना जिले में भी बड़ी संख्या में लोगों ने इसका लाभ उठाया है। बीपीएल परिवारों को निशुल्क रसोई गैस देने की योजना है। अभी तक लगभग 60 लाख लोगों को गैस सिलेंडर मिल चुका है। लेकिन डेढ़ करोड़ लोगों को इसी वर्ष देने की योजना है। तीन साल में 5 करोड़ लोगों को देना है। सचमुच ऐसा पहली बार देखने को मिला है जब गरीब व्यक्ति को लगा कि यह सरकार हमारे लिए काम कर रही है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि किसानों के लिए पहली बार 35,984 करोड़ रुपये का बजट आया है। 20 हजार करोड़ रुपये का लम्बी अवधि का फंड तैयार किया गया है जो किसानों की योजना में काम आएगा। किसानों का गन्ने का 21 हजार करोड़ रुपया बकाया था, वह किसानों को लौटा कर मिला है। एक लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, बुजुर्गों के लिए 30 लाख का अतिरिक्त बीमा, प्रधान मंत्री सिंचाई योजना के लिए 20 हजार करोड़ रुपये, इसी तरह फसल बीमा योजना के लिए साढ़े पांच हजार करोड़ रुपये, पहली बार ऐसा देखने को मिला है। पांच लाख नए तालाब बनाए जाएंगे। सिंचाई के नए साधन तैयार किए जाएंगे। जैविक खेती 5 लाख

हेक्टेयर में की जाएगी। दाल का उत्पादन बढ़ाने के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। किसान टी.वी. के माध्यम से नई तकनीक की जानकारी दी जा रही है। प्राकृतिक आपदाओं में 50 प्रतिशत से घटाकर 33 प्रतिशत नुकसान को शामिल करके डेढ़ गुना सहायता देने का काम हुआ है।

मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं कि युवा वर्ग के लिए मेक इन इंडिया जिसमें 41 फीसदी एफडीआई आ चुकी है, मेड इन इंडिया आत्मनिर्भर बनाने का काम करेगा। प्रधान मंत्री कौशल विकास में 76 लाख लोगों को अभी तक प्रशिक्षण दिया गया है। इसमें एक वर्ष में 1 करोड़ लोगों को प्रशिक्षण देने की योजना है। 1500 कौशल प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाने हैं। 1700 करोड़ रुपये का प्रावधान कौशल विकास में किया गया है। मुद्रा बैंक योजना ऐसी योजना है जिसमें अभी तक 2.6 करोड़ लोगों ने दो करोड़ से ज्यादा की राशि का कर्ज लेकर अपना उद्यम शुरू किया है। यह योजना आने वाले समय में पांच करोड़ उद्यमियों के लिए कार्य करेगी। इसके लिए 1.80 लाख करोड़ रूपये बजट का प्रावधान हुआ है।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि खेती, किसानी और शिक्षा के क्षेत्र में जिस तरह प्रावधान हुए हैं, मैं विस्तार से कहना चाहता था लेकिन समय की कमी है।

मैं मध्य प्रदेश के बारे में कहना चाहता हूं। मध्य प्रदेश देश में सबसे ज्यादा प्रगति करने वाला राज्य है। खेती की विकास दर 24 फीसदी है लेकिन सिंचाई के संसाधन के लिए बजट में और प्रावधान होने चाहिए। बर्गी बांध की दाई तट की ओर जो नहर है उसे राष्ट्रीय परियोजना में शामिल करने के लिए राज्य सरकार ने प्रस्ताव दिया था, हम चाहते हैं कि उसमें उसे शामिल किया जाए। इंदिरा अवास योजना का पैसा नहीं गया है वह भी चला जाए। ईपीएफ के मामले में सरकार ने निर्णय बदल दिया है, लेकिन ज्वेलरी का जो मामला है, आज ज्वेलरी के व्यापारी पूरे देश में हड़ताल कर रहे हैं। उनकी हड़ताल पर निश्चित रूप से विचार करने की जरूरत है। उत्पाद कर की जगह कोई दूसरा टैक्स लगाया जाए, इन्सपेक्टर राज्य नहीं आना चाहिए, इसके पक्ष में हमारी सरकार पहले से है, इन्सेपक्टर राज्य को बढ़ावा न मिले इस बात पर सरकार पुनर्विचार करे। सड़कों के लिए 97,000 करोड़ रुपये मिला है इसी तरह समग्र ग्रामीण विकास के लिए 97,765 करोड़ रुपये मिले हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए जो पैसा दिया गया है, मेरे क्षेत्र में कुछ राष्ट्रीय राजमार्ग को भी उसमें शामिल किया जाए। एक बहुत ही महत्वपूर्ण सड़कों के नाम का मैं उल्लेख करना चाहता हूं दमोह-पवई-सतना-सेमारिया-इलाहाबाद के लिए नया एनएच घोषित किया जाए। सिंचाई परियोजनाएं अधूरी पड़ी हुई हैं उसके लिए पैसा दिया जाए। सतना हवाई अड्डे का परिचालन नहीं हो रहा है उसमें अतिरिक्त धनराशि देकर उसका परिचालन शुरू कराया जाए। मैं इस बजट का पुरजोर समर्थन करता हूं।

*SHRI MD. BADARUDDOZA KHAN (MURSHIDABAD): We expected to see some allotment in SAGY. But not a single word is written in the budget speech, though our Prime Minister has inaugurated this Scheme. In this year also I received a letter from the Ministry, asking to submit the second name of Gram Panchayat. Till date, not a single rupee has been allotted to fulfill the requirements of SAGY.

It is also a matter of great regret that there is no mention of getting back black money from foreign countries. Also, there is no mention about the situation arising due to huge amount of NPA of all our nationalized banks. The Government should take some stringent action to recover such bad loans from some individuals.

As we know this year also funds for ICDS are slashed. Throughout the country women are associated with this Scheme to look after the poor children regarding nutrition and education. But this sector is again neglected this year. I hope finally Finance Minister will allot sufficient allocation of funds for ICDS.

I am thankful to Finance Minister that in the budget, he proposed for some initiative to be taken up regarding minimum support price for agricultural products. I request the Hon. Finance Minister to take some expert opinion so that the Minimum Support Price may be available to the actual small and marginal farmers.

It is a matter of serious concern to the farmers that, allocation for fertilizer subsidy has been decreased in 2016-2017, by Rs. 2,438 crore (3.4%). It will again affect the farmers badly. So, I request the Minister to increase the fertilizer subsidy for the interest of poor, small and marginal farmers.

* Speech was laid on the Table.

*__श्रीमती रमा देवी (शिवहर):__ आम बजट पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया गया, इसके लिए मैं आभार व्यक्त करती हूँ।

माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा मौजूदा आम बजट 2016-17 ऐसे समय में पेश किया गया है जब वैश्विक अर्थव्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है। वैश्विक स्तर पर विकास 2014 के 3.4 प्रतिशत से कम होता हुआ वर्ष 2015 में 3.1 प्रतिशत के स्तर पर आ गया है। विश्व स्तर पर प्रतिकूल स्थितियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपना आधार मजबूत बनाए रखा है। इसके लिए माननीय वित्त मंत्री जी बधाई के पात्र हैं। हमारी सरकार को विरासत में एक ऐसी अर्थव्यवस्था मिली थी, जिसमें विकास कम, महंगाई अधिक और सरकार की शासन करने के सामर्थ्य में निवेशकों का विश्वास शून्य था।

वित्त मंत्री जी ने चुनौतियों को अवसरों के रूप में बदलने की कोशिश की है। वित्त वर्ष 2015-16 और 2016-17 सरकारी व्यय के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहे हैं और रहेंगे। 14वें वित्त आयोग ने करों में केंद्र का हिस्सा 68 प्रतिशत से घटाकर 58 प्रतिशत कर दिया है। वित्त वर्ष 2015-16 में करों में केंद्र के हिस्से में की गई बड़ी कटौती के बावजूद, राजस्व उछाल के कारण बजटीय व्यय सुधार करने में सरकार कामयाब हुई है।

सरकार के पास जो पैसा है, वह जनता का है और सरकार का यह कर्त्तव्य है कि वह इसे अपने लोगों, विशेषकर निर्धन और दलितों के कल्याण के लिए समझदारी से खर्च करे। मैं वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देती हूँ कि उन्होंने इस पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। सामाजिक क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों के परिव्यय को बढ़ाते हुए, सरकार समाज के कमजोर वर्गों की मदद के लिए तीन मुख्य स्कीमें शुरू करेगी। प्रकृति के प्रतिकूल प्रभावों से किसान की रक्षा करने के लिए ''प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना'' की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। जिसमें किसान प्रीमियम की एक मामूली राशि अदा कर कोई नुकसान होने की दशा में सर्वाधिक मुआवजा प्राप्त करेगा।

एक स्वास्थ्य बीमा योजना की भी घोषणा की जा रही है, जिसमें देश की एक-तिहाई आबादी को अस्पताली व्यय के संबंध में सुरक्षा दी जाएगी। सरकार इस स्कीम के तहत प्रति परिवार एक लाख रूपए तक का स्वास्थ्य कवर प्रदान किया जायेगा तथा इस श्रेणी के 60 वर्ष और इससे अधिक की आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए 30,000 रूपए का एक अतिरिक्त टॉप अप पैकेज दिया जाएगा। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए भी एक नया कदम उठा रही है कि बी.पी.एल. परिवारों को सरकारी सब्सिडी की मदद से रसोई गैस कनेक्शन की सुविधा दी जाये। इससे महिलाओं और उन बी.पी.एल. परिवारों के स्वास्थ्य

* Speech was laid on the Table.

में काफी सुधार होगा जो चूल्हे पर खाना बनाने के दुष्परिणामों से ग्रस्त हैं। इसके अलावा आदरणीय जेटली जी ने इस बजट में कई विशिष्ट स्तम्भों पर ज़ोर दिया है जैसे किसानों की आय को अगले पांच वर्षों में दोगुना करने पर ध्यान देना, ग्रामीण रोज़गार और अवसंरचना पर बल देना, शिक्षा, कौशल और रोज़गार सृजन के जरिए भारत को ज्ञान आधारित और उत्पादनकारी समाज बनाना, अवसंरचना और निवेश पर बल देना, वित्तीय क्षेत्र में पारदर्शिता और स्थिरता और सुधार लाना, कर संबंधी मामलों में सुधार इत्यादि। कृषि उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए सिंचाई बहुत महत्वपूर्ण साधन है। देश में 141 मिलियन हैक्टेयर निवल ज़ोत क्षेत्र में से केवल 46 प्रतिशत क्षेत्र की सिंचाई होती है। मैं माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देती हूँ कि उन्होंने विषय पर ध्यान देते हुए ''प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना'' को सुदृढ़ बनाने पर ज़ोर दिया है। इस स्कीम के तहत 28.5 लाख हैक्टेयर भूमि को सिंचाई क्षेत्र में शामिल किया गया है। इसके अलावा, सरकार ने 1 मई, 2018 तक शत-प्रतिशत गांवों में बिजली पहुंचाने पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और एकीकृत विद्युत विकास स्कीमों हेतु 8,500 करोड़ रूपए की व्यवस्था की गई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत विशेष कर ग्रामीण भारत में स्वच्छता और सफाई की स्थिति सुधारने के लिए 9000 करोड़ रूपए की व्यवस्था की गई है।

माननीय वित्त मंत्री जी ने इस बजट में हर श्रेणी के लोगों का विशेष ध्यान रखा है। इसलिए मैं इस बजट का समर्थन करती हूँ।

SHRI M. CHANDRAKASI (CHIDAMBARAM): Hon. Chairman, Sir, *Vanakkam*. I express my sincere thanks to our beloved leader hon. Chief Minister of Tamil Nadu, Puratchi Thalaivi Amma, for giving me an opportunity to participate and speak on the Discussion on the General Budget, 2016-17. Sir, I request you to allow me to speak in English and in Tamil.

The Union Budget 2016-17 has come at a critical juncture. India is currently the fastest growing large economy in the world. But the growth is not translating itself into job and welfare benefit for the people of the country at the desired level. Unlike in past years, Planned Expenditure has actually been increased in the Revised Estimate. This would hopefully ensure that the releases to the State Government for the scheme expenditure would be speeded up before the end of the current fiscal year.

I express my happiness that the Finance Minister has accepted the suggestion made repeatedly by our hon. Chief Minister, Amma, to do away with the Plan and non-Plan distinction with effect from 2017-18 and focus, instead, on the revenue and capital outlays. This is the much needed reform.

14.10 hours (Dr. Ratna De (Nag) *in the Chair*)

*....*In Public Sector, 1 Crore 76 lakh and 9 thousand people are permanently employed. Whereas in Private Sector 1 Crore 19 lakh and 70 thousand people are provided permanent employment. As per Economic Survey, during the year 2014-15, 235 PSUs earned a profit of 1 lakh 30 thousand Crore rupees. Total loss due to the loss making 77 PSUs was to the tune of 27 thousand 360 Crore rupees. But in the present Budget there is announcement for selling shares of profit making PSUs and thereby earning 56 thousand 500 Crore rupees.Number of workers in Unorganized sector between the years 2005 and 2012 increased from 48 to 54.6%. That means 90% of workers are jobless. In this alarming situation, I wish to say in this august House that there is no announcement in the current Budget for creating employment in Unorganised sector. Another important issue is relating to GDP. Even our GDP has been at 7.6 per cent for the past 25 years, but India continues to be in 130th rank as regards Human Development Index. As per Economic Survey, subsidy to rich stands at 1 lakh and 3 thousand Crore rupees as compared to only 16 thousand 369 Crore rupees for poor. Is it justifiable?. Only because of the policies of Union Government, NPAs have increased. A major portion of these NPAs is with 30 important rich persons. But there is no mention about recovery of NPAs in the current Budget. Elections are round the corner in Tamil Nadu Puduchchery, West Bengal, Kerala and Assam. In this situation Hon. Finance Minister has said that more funds are allocated to rural development, social sector and basic infrastructure development. It raises doubt whether this move is genuinely aimed at developing social sector. It is estimated that during current and next fiscal total expenditure will increase by 10.8 per cent. In this scenario it is hard to believe the Hon Finance Minister's statement. For the important ICDS programme, the spending for the year 2014-15 was 16 thousand 415 Crore rupees. This got reduced to 13 thousand 636 Crire rupees in the year 2015-16. During the

* .... *English translation of this part of the Speech was originally delivered in Tamil.

.

year 2016-17, in the Budget only 15 thousand 873 Crore rupees has been allocated for ICDS. I wish to say that the amount for the welfare of Children of the country under ICDS is very much insufficient.*

Hon. Chairperson, our hon. Chief Minister, Puratchi Thalaivi Amma has welcomed the emphasis made in this Budget on agriculture and rural income. Doubling farm incomes in five years is a laudable objective, but it should be done in real terms. We welcome the allocation of Rs.35,984 crore for agriculture and farmers' welfare. The *Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana* to be implemented in a mission mode and 28.5 lakh hectares will be brought under irrigation needs to be appreciated.

The Finance Minister has also announced a dedicated Long Term Irrigation Fund, which will be created in NABARD with an initial corpus of about Rs.20,000 crore. The programme for sustainable management of ground water resources with an estimated cost of Rs.6,000 crore will be implemented through multilateral funding.

Five lakh farm ponds and dug wells in rain fed areas and 10 lakh compost pits for production of organic manure will be taken up under MGNREGA. The Soil Health Card Scheme will cover all 14 crore farm holdings by March 2017. Two thousand model retail outlets of fertilizer companies will be provided with soil and seed testing facilities during the next three years.

Our hon. Chief Minister, Puratchi Thalaivi Amma is of the opinion that greater initiatives for drip and micro irrigation would have been a more welcome move to increase the water use efficiency. The emphasis on expanding the area under irrigation is welcome.

Agriculture is the backbone of our country. Our Poet, Thiruvalluvar says:

"*Uzhuthundu vaazhvaare vaazhvaar, mattrellaam*
thozhudundu pin selbavar."

गये हैं, उनका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार हैः- कृषि एवं किसान कल्याणः- कृषि एवं किसान कल्याण हेतु 35,984 करोड़ रूपए का आवंटन करना, हर खेत को पानी और सिंचाई सुविधा को बेहतर बनाने के लिए ''प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना'' को एक मिशन के रूप में लागू किया जाना और इसके अधीन 28.5 लाख हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना। पूर्व में 89 सिंचाई परियोजनाएं जो काफी समय से अपूर्ण रही है, का ए.आइ.बी.पी. के अंतर्गत त्वरित क्रियान्वयन, नाबार्ड के माध्यम से 20 हज़ार करोड़ रूपए की निधि से समर्पित दीर्घावधिक सिंचाई निधि सृजित किया जाना, भू-जल संसाधनों के सतत प्रबंधन के लिए बहु-पक्षीय निधियन हेतु 6000 करोड़ रूपए का प्रावधान रखना, 5 लाख फार्म, तालाबों और कुओं तथा जैविक खाद उत्पादन के लिए 10 लाख कंपोस्ट गड्ढों का निर्माण मनरेगा के माध्यम से प्रारंभ करना, 14 करोड़ फार्म जोत को मार्च 2017 तक मृदा स्वास्थ्य कार्ड स्कीम में शामिल करना, उर्वरक कंपनियों के 2000 मॉडल्स की खुदरा केंद्रों को अगले 3 वर्षों में मृदा एवं बीज परीक्षण सुविधा उपलब्ध कराई जाना, जैविक खाद को बढ़ावा देने के लिए परंपरागत कृषि विकास योजना और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में जैविक मूल्य श्रृंखला का विकास करना, ई-प्लेट फार्म के माध्यम से थोक बाज़ारों के लिए ई-बाज़ार व्यवस्था स्थापित करना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आवंटन बढ़ाकर 19 हज़ार करोड़ रूपयों का प्रावधान करना, वर्ष 2019 तक शेष रही 65 हज़ार पात्र बस्तियों को सड़क से जोड़ना, वर्ष 2016-17 में 15 हज़ार करोड़ रूपए का प्रावधान कर किसानों को ऋण अदायगी में ब्याज सहायता हेतु सहयोग करना,

प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी किसानों के लिए समर्पित फसल बीमा योजना के तहत 5500 करोड़ रूपए का आवंटन करना, (ई-पशुधन संजीवनी), (नकुल स्वास्थ्य पत्र), (ई-पशुधन हाट), (राष्ट्रीय देशी नस्ल), (जेनामिक केंद्र) इन डेरी परियोजनाओं हेतु 8850 करोड़ रूपए का प्रावधान करना।

ग्रामीण क्षेत्र के विकास हेतुः- 87700 करोड़ रूपए ग्रामीण विकास हेतु प्रावधान रखना, ग्रामीण एवं नगरपालिकाओं को सहायता अनुदान के रूप में 2.87 लाख करोड़ रूपए (14वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप दिया जाना), दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय मिशन के रूप में सूखाग्रस्त और ग्रामीण आपदा से ग्रस्त प्रत्येक ब्लॉक में काम किया जाना, मनरेगा के लिए 38,500 करोड़ रूपए की राशि आवंटित करना, 300 ग्रामीण शहरी कलस्टर का विकास, श्यामा प्रसाद मुखर्जी को ग्रामीण शहरी मिशन के तहत करना, 01 मई, 2018 तक 100 प्रतिशत ग्रामीण विद्युतीकरण, केंद्रीय प्रायोजित स्कीमों के क्रियान्वयन एवं मोनिटरिंग हेतु लोकसभा सांसद की अध्यक्षता में जिला स्तर की समितियां गठित किया जाना, खुले में शौच से मुक्त योजना वाले गांवों को पुरस्कृत करने के लिए केंद्रीय प्रायोजित स्कीमों का प्राथमिकता के आधार पर आवंटन करना, अगले 3 वर्षों में लगभग 6 करोड़ और परिवारों को ग्रामीण भारत के लिए एक नया

डिजीटल साक्षरता मिशन में शामिल करना, राष्ट्रीय भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण का नवीनीकरण किया जाना, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान (नामक स्कीम के लिए 655 करोड़ रूपए का प्रावधान करना)

स्वास्थ्य देखभाल सहित सामाजिक क्षेत्रों में विकास हेतुः- विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जन-जन तक स्वास्थ्य एवं सामाजिक उत्थान हेतु लाभों को पहुंचाना।

शिक्षा के क्षेत्र में 62 नये नवोदय विद्यालय प्रारंभ करना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु सर्वशिक्षा अभियान, 10 सरकारी एवं 10 निजी संस्थाओं को विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थाओं के रूप में विकसित करना, उच्च शिक्षा, वित्तीय पोषण हेतु 1000 करोड़ रूपए का प्रावधान करना।

कौशल विकास हेतु 10804 करोड़ रूपए का आवंटन करना, 1500 बहुकौशल प्रशिक्षण संस्थाओं को स्थापित करना, उद्योग और अकादमी की भागीदारी से राष्ट्रीय कौशल विकास प्रमाणन बोर्ड की स्थापना करना एवं गहन ऑपन ऑनलाईन पाठ्यक्रम के माध्यम से उद्यमी शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करना।

रोज़गार सृजनः- ई.पी.एफ. में अपना नामांकन करने वाले सभी नये कर्मचारियों को रोज़गार के प्रथम 3 वर्षों के लिए 8.33 प्रतिशत के अंशदान का भुगतान करने हेतु 1000 करोड़ रूपए का प्रावधान, 2016-17 के अंत तक राष्ट्रीय कैरियर सेवा के तहत 100 मॉडल केंद्र शुरू करना।

अवसंरचना और मिशनः- मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए निवेश में विशेष रूप से विभिन्न योजना के माध्यम से सरकार ने अपने इस वर्ष के बजट में बहुत ही आकर्षक राशि का आवंटन किया है।

आर्थिक दृष्टि से पूरे विश्व में मंदी का दौर चल रहा है। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में भी सरकार के इस बजट में वित्तीय क्षेत्रों में सुधार हेतु मजबूत कदम उठाया गया है। विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने हेतु अभिशासन और कारोबार में आसानी प्रदान करने के लिए विभिन्न कदम उठाये गये हैं। राजकोषीय घाटा संशोधित अनुमान 2015-16 और बजट अनुमान 2016-17 में क्रमशः 3.9 और 3.5 प्रतिशत रहा है। यह दर्शाता है कि सरकार ने वित्तीय प्रबंधन में बहुत ही सूझबूझ का परिचय दिया है। विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं में खर्च के बावजूद भी राजकोषीय घाटा निश्चित सीमा में रखने में सरकार सफल हुई है।

इन प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा के साथ-साथ सरकार ने और बहुत से महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं, जिनको निम्न प्रकार रेखांकित किया जा सकता हैः-छोटे करदाताओं को राहत प्रदान करना, रोजगार और विकास को बढ़ावा देना, मेक इन इंडिया कार्यक्रम में महत्वपूर्ण कदम उठाना, पेंशन प्राप्त समाज को बढ़ाने की दृष्टि से आकर्षक योजना की स्थापना करना, सस्ते आवास निर्माण को बढ़ावा देना, कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था तक स्वच्छ पर्यावरण हेतु अतिरिक्त संसाधन जुटाना, कराधान में निश्चितता प्रदान करना, करों का सरलीकरण और यौक्तिकीकरण, जवाबदेही निश्चित प्रौद्योगिकी का प्रयोग करना।

इन सभी क्षेत्रों में माननीय वित्तमंत्री जी ने अपनी समझ और दूरदर्शिता प्रदर्शित करते हुए वर्ष 2016-17 का जो बजट प्रस्तुत किया है, वह एक तरफ हमारे राष्ट्र का अंतिम छोर पर निवास करने वाले व्यक्ति से लेकर आर्थिक दृष्टि से, व्यवसायिक दृष्टि से राष्ट्र को मजबूत करने वाले उद्योगपतियों को विकास के विभिन्न अवसर प्रदान करता है और सभी के लिए एक मुक्त वातावरण में अपने आपको आर्थिक दृष्टि से मजबूत करने के नये रास्ते खोले हैं। यहां हम यह कह सकते हैं कि भारत आन वाले समय में अपनी समस्याओं का समाधान पाकर आर्थिक युग के इस वैश्विक दौड़ में नये कीर्तिमान स्थापित करने की ओर अग्रसर हुआ है। मैं इस बजट को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए एक बार पुनः प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री महोदय का आभार व्यक्त करता हूं।

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : सभापति महोदया, माननीय वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया है, मैं उसका समर्थन करने के लिए और उसके पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। मैं समझता हूँ कि जब दुनिया भर में आर्थिक बदहाली चल रही है, ऐसे समय देश की अर्थव्यवस्था को बनाए रखना और जीडीपी को बढ़ाना, यह इस सरकार का बधाई वाला काम है। मैं सरकार को बधाई देता हूँ जिन्होंने जीडीपी को 7.5 प्रतिशत तक रखा है। जब यह सरकार बनी, उस समय मोदी साहब की सरकार ने देश के लोगों के सामने कुछ कमिटमेंट्स कीं, सबका साथ-सबका विकास, मेक इन इन्डिया, स्किल इन्डिया, कॉपरेटिव फेडरलिज्म, जन-धन योजना, प्रधान मंत्री मुद्रा योजना, इन योजनाओं से देश के लोगों को एक नया परिवर्तन दिखाई दिया। पहले जो देश का विकास मॉडल था, उससे कुछ लोगों के पास धन इकट्ठा हो रहा था। इस देश में अमीर और अमीर हो रहा था और गरीब और ज्यादा गरीब हो रहा था। इन योजनाओं से धन आम लोगों के पास गया और मैं समझता हूँ कि देश के लोगों की इस सरकार से जो अपेक्षाएं थीं, वे पूरी हुईं। इस बजट में विशेष तौर से मैं कहना चाहता हूँ कि इसमें गाँव का ध्यान रखा गया है, किसान का ध्यान रखा गया, गरीब का ध्यान रखा गया और खास तौर से किसानी, जो बैकबोन ऑफ इकोनॉमी मानी जाती है, किसान के लिए जो फसल बीमा योजना लेकर आए, वह बहुत अच्छी योजना है। प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के लिए 28 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया है, यह बहुत अच्छा है। अब तक जो 46 परसेंट भूमि की सिंचाई होती है, इससे अब 80 परसेंट भूमि की सिंचाई हो पाएगी और इससे किसान आर्थिक बदहाली से दूर होगा।

मैं ऐसा समझता हूँ कि अभी भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। यह मरहम-पट्टी तो हुई है, मगर किसान डेड बॉडी के रूप में चला गया है, उसको जीवित करने के लिए कुछ उपाय करने होंगे। इसके बारे में मैं कुछ सुझाव माननीय वित्त मंत्री जी को देना चाहता हूँ। सबसे पहले मेरी बात तो यह है कि जब तक किसान को कर्ज से मुक्त नहीं किया जाएगा, तब तक उसे जितनी मर्जी सहूलियतें दी जाएं, वे उसके कुछ काम नहीं आएंगी। सर छोटू राम ने कुछ उपाय बताए थे कि वन टाइम सेटलमेंट कर दो। जो कैपिटल एमाउंट है, उनसे उतना ले लो। उसको बार-बार परेशानी न हो, एक बार उसे कर्जमुक्त कर दिया जाए तो मैं समझता हूं कि जिंदगी भर देश के लोग मोदी साहब की सरकार का एहसान नहीं भूलेंगे।

दूसरी बात, मैं समझता हूं कि कृषि घाटे में जा रही है। कोई समाज सुधारक कहते थे कि उत्तम खेती, मध्यम व्यापार, निखद चाकरी। देश की जीडीपी में कृषि का 52 पर्सेंट शेयर था। अब यह केवल 12 पर्सेंट रह गया है। मैं समझता हूं कि कोई एक्सपर्ट की कमेटी वित्त मंत्री जी बनाएं, जो यह संभावनाएं ढूंढ़े कि खेती कैसे लाभदायक हो सकती है या कृषि को कैसे हम लाभकारी बना सकते हैं, इसके लिए एक्सपर्ट

कमेटी बननी चाहिए। कम से कम स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिश पर, जो दाम उन्होंने तय करने का फार्मूला दिया है, वह माना जाए तो किसान बच पाएगा।

मैं एक सुझाव देना चाहता हूं। जैसे रेलवे बजट अलग बनता है, कृषि का बजट भी उसी तरह अलग होना चाहिए। इससे किसानों को और अच्छा मौका मिलेगा। यह जो डाइवर्सिफिकेशन की बात है, कम पानी की, वन ड्रॉप वन क्रॉप की बात माननीय प्रधानमंत्री जी ने कही है। इसको प्रैक्टिकल करने के लिए जो फसलें कम पानी मांगती हैं, जैसे बासमती है, उसको तुसाद करना चाहिए। बासमती तुसाद होगी अगर उसके लिए कोई मार्केट बनेगी। हमारी बासमती 14-15 सौ रूपए प्रति क्विंटल पर खरीदी गई। व्यापारियों ने इसे 3 हजार रूपए प्रति क्विंटल तक बेचा। अगर बासमती ट्रेड कारपोरेशन बन जाए, तो यह बहुत अच्छा होगा।

ऐसे ही सिंचाई को इन्फ्रास्ट्रक्चर में लेना चाहिए। सिंचाई सबसे महत्वपूर्ण है। अगर सिंचाई को बुनियादी ढांचे में ले लेंगे तो इसके लिए वक्रे फांडे होंगे और बारिश के पानी संभाला जाएगा तो मैं समझता हूं कि आप जो करना चाहते हैं, वह हो पाएगा।

एक्सपोर्ट-इंपोर्ट के लिए हमारे पंजाब में इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट बाघा पर बनी है। उससे बहुत ही लिमिटेड वस्तुएं बाहर जाती हैं। जब समुद्री रास्ते से तीन सौ के करीब वस्तुएं बाहर जा सकती हैं तो सड़क आवाजाही से कम वस्तुएं, केवल 60 या 65 ही क्यों जाती हैं? मैं यह पूछना चाहता हूं। इसका कोई न कोई सोल्यूशन ढूंढ़ना चाहिए।

दूसरा, "मेक इन इंडिया" में बहुत अच्छी बातें कही हैं। मेरी कांसटीट्युएंसी नंगल में एनएफएल का कारखाना है। उसमें गैस की व्यवस्था है, पाईप लगे हुए हैं, जमीन है, बिल्डिंग बनी हुई है। केवल 250 करोड़ रूपए ही चाहिए, गारंटी के तौर पर ही दे दीजिए। 250 करोड़ में 6,000 करोड़ रूपए के कारखाने की एक्सपेंशन हो सकती है। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर का सारा यूरिया जो हम इंपोर्ट करते हैं, वह इस कारखाने में बन सकता है।

दूसरा, गुरूगोविन्द सिंह का जन्मदिन राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने का सरकार ने फैसला किया है, जो 350वां जन्मदिन है। मैं कहना चाहता हूं कि आज देश में जो सबसे अच्छी जगह है, जो सुटेबल जगह है, टूरिस्ट रेंज है सबके लिए, वह आनंदपुर साहिब है। उसके लिए जो सौ करोड़ की व्यवस्था की है, उससे वहां कोई आफिशियल ट्रेड या एकैडमी, सैरगाह के लिए कोई अच्छा टूरिज्म का कांप्लेक्स बनाया जाए, मैं समझता हूं जिससे वहां रिलीजियस लोग जा सकें।

कई बार हाउस में बात हुई है कि जंगली जानवरों से बहुत नुकसान होता है। उसके लिए हम कई बार कह चुके हैं कि आधे पैसे हमारी सरकार पा देगी, आधे पैसे सेंटर पा दे। मैं समझता हूं कि जालीदार

तार जब तक खेतों के लिए किसानों को नहीं मिलते, तब तक किसानों के खेत बच नहीं पाएंगे। जानवर फसल खराब कर देते हैं। इसके लिए मैं जरूर कहना चाहता हूं कि इसकी इसमें व्यवस्था की जाए।

लास्ट में, हम सब लोग देश की सुरक्षा की बात करते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि जब तक बार्डर स्टेट्स को आप मजबूत नहीं करेंगे, देश की सुरक्षा के जितने मर्जी उपाय कर लें, सफल नहीं हो पाएंगे। इसलिए बार्डर स्टेट्स को स्पेशल इंसेंटिव दिया जाए। बार्डर स्टेट्स के लिए इंडस्ट्री लगाने के लिए ध्यान देना होगा। ...(व्यवधान) वहां के जो डाक्टर डर से नहीं जाते हैं, मास्टर स्कूलों में नहीं जाते, उनके लिए स्पेशल इंसेटिंव दिया जाए। आपने बहुत अच्छी बात की है, श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जो रूरल अर्बन स्कीम लेकर आए हैं। आप 300 क्लस्टर्स बनाने जा रहे हैं, पंजाब में सबसे पहले फोकल प्वाइंट बने थे, उसके लिए भी मैं कहना चाहता हूं कि कुछ स्पेशल इंसेटिव होने चाहिए। जो गांवों में इन्होंने किया, पीएमजीएसवाई के लिए जो सड़कों की चौड़ाई है, उसके नार्म्स चेंज होने चाहिए, ताकि हम उसका फायदा उठा सकें, सभी प्रदेश उसका फायदा उठा सकें। मैं बजट का समर्थन करता हूं। धन्यवाद

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत) : सभापति महोदया, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। सबसे पहले, पूरे देश की चहुंमुखी प्रगति के लिए, एक समग्र रूप लिये हुए सरकार ने बजट पेश किया, विशेष रूप से गांवों की खुशहाली के लिए और किसानों के कल्याण के लिए जो बजट पेश किया गया है, उसके लिए मैं देश के करोड़ देशवासियों की तरफ से अपने आदरणी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, वित्तमंत्री श्री जेटली जी और राज्य मंत्री श्री सिन्हा जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। मुझे यह विश्वास है कि महात्मा गांधी जी की आत्मा प्रधानमंत्री जी और अपने देश की सरकार को बहुत आशीष दे रही है क्योंकि महात्मा गांधी ने वर्ष 1936 में लिखा था कि प्रत्येक देशभक्त का सबसे पहला कर्तव्य गावों के पुनर्निमाण का है, किसानों की खुशहाली का है। जब महात्मा गांधी जी को यह विश्वास हो गया कि यह कांग्रेस उनकी सोच की नहीं है, उनके विचारों की नहीं है, उनका रास्ता बदल गया। बहुत लोगों को यह मालूम होगा कि महात्मा गांधी जी को लगा कि इस कांग्रेस को बर्खास्त कर देना चाहिए और उनकी दूरदर्शिता सही सिद्ध हुई। वर्ष 1950 से वर्ष 2010 तक जब हम कुछ देशों की आपस में तुलना करते हैं - जर्मनी और जापान द्वितीय विश्व युद्ध में लगभग खत्म हो गये थे, वर्ष 1948 में इजरायल एक नया देश बना और वर्ष 1947 में भारत आजाद हुआ।

सभापति महोदया, मैं इस सदन की जानकारी के लिए कुछ बताना चाहता हूं कि वर्ष 1950 में पर कैपिटा इनकम इंडिया, इजरायल, जर्मनी और जापान चारों देशों में सबसे ज्यादा थी। इंडिया की पर कैपिटा इनकम 353 यूएस डालर थी। इजरायल की पर कैपिटा इनकम 318 यूएस डॉलर, जर्मनी की पर कैपिटा इनकम 236 यूएस डॉलर, जपान की पर कैपिटा इनकम 349 यूएस डॉलर थी, लेकिन वर्ष 2010 में इंडिया की पर कैपिटा इनकम 353 यूएस डॉलर से बढ़ कर केवल 470 डॉलर हुयी, इजरायल की पर कैपिटा इनकम 34 गुना बढ़ कर 16070 यूएस डॉलर हो गयी, जर्मनी की पर कैपिटा इनकम 48 गुना बढ़ कर 22,470 यूएस डॉलर हो गयी और जापान की पर कैपिटा इनकम 72 गुना बढ़ कर 34,010 यूएस डॉलर हो गयी। इस देश के नेतृत्व ने गांवों के लिए, किसानों के लिए और मजदूरों के विकास की बात कभी नहीं सोची। उसका यह परिणाम हुआ कि इस देश में कभी दुनिया के लोग पढ़ने आते थे, यहां के लोग बाहर बाहर पढ़ने जाने लगे। मेरे बागपत लोक सभा क्षेत्र के लाखों माननीय मतदाताओं की तरफ से भी मैं सरकार का धन्यवाद करना चाहता हूं कि दशकों की उपेक्षा के बाद बेचारे चातक पक्षी की तरह से आकाश की तरफ देखते रहे, कि शायद स्वाति नक्षत्र की कोई बूंद उनके मुंह में पड़ेगी, लेकिन पिछले 60 वर्षों में कभी इस क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया गया। यह पहली सरकार है, जिसने बागपत क्षेत्र के लिए हमारी रेल लाइन का दोहरीकरण किया, विद्युतीकरण के लिए घोषणा की और एक नयी रेल लाइन दी।

सभापति महोदया, मैं यहां माननीय सदस्यों द्वारा कही गई किसी भी बात को रिपीट नहीं करूंगा ताकि कम समय में अपनी बात को रख सकूं और आंकड़ों के मकड़ जाल में भी नहीं फंसूंगा। लेकिन देश के हित में, इस राष्ट्र के निर्माण के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, वह बात मैं आपके सामने रखना चाहता हूं। जैनियों के तीर्थंकर ऋषभनाथ ने एक बात कही थी कि अगर कोई समाज तरक्की करना चाहता है, आगे बढ़ना चाहता है तो उसके लिए तीन बातें बहुत जरूरी है - असी, मसी और कृषि, शिक्षा, सुरक्षा और कृषि। शिक्षा अच्छी होगी तो स्वास्थ्य अच्छा होगा, शिक्षा अच्छी होगी तो पारदर्शिता आयेगी, शिक्षा अच्छी होगी तो हमारे महाविद्यालयों में विश्वविद्यालयों में देश विरोधी नारे नहीं लगेंगे। अगर शिक्षा अच्छी होगी तो इस देश की संस्कृति के विरुद्ध किताबें नहीं लिखी जायेंगी, आर्टिकल नहीं लिखें जायेंगे। शिक्षा से संबंधित बजट को लगभग छः प्रतिशत बढ़ाया गया है। आदरणीय वित्त मंत्री जी यहां पर बैठे हैं, मैं उनको बहुत धन्यवाद देता हूं, पर देश के अंदर शिक्षा की स्थिति अभी भी बहुत भयावह है। आज हमारे सरकारी आंकड़े कहते हैं कि 60 लाख बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं और हम कहते हैं कि हमारे पास केवल 37 प्रतिशत लोग अनपढ़ हैं।

15.00 hours

ये सरकारी आंकड़े कहते हैं लेकिन वर्ल्ड बैंक का रिकार्ड, यूएनडीपी कहता है कि हिन्दुस्तान में 70 प्रतिशत लोग अनपढ़ हैं। यह देश कहता है कि जिसे नाम लिखना आता है, दस्तखत करने आते हैं, वह पढ़ा-लिखा है लेकिन वर्ल्ड कहता है कि पढ़ना आना चाहिए, लिखना आना चाहिए, थोड़ा-बहुत गणित भी आना चाहिए। उसके हिसाब से देश के 70 प्रतिशत लोग अभी अनपढ़ हैं। 88 प्रतिशत लोग ड्रॉप आउट करते हैं। केवल मात्र 12 प्रतिशत लोग कॉलेज में जाते हैं। इस देश के 38 प्रतिशत ग्रैजुएट साइंस, कॉमर्स, मैनेजमैंट, मेडिकल इंजीनियरिंग और लॉ पढ़ते हैं। वर्ल्ड में तीन हजार वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम्स हैं और इस देश में 400 हैं। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 30 करोड़ लोग बेरोजगार हैं। केवल चार करोड़ लोगों ने ही अपने को रजिस्टर किया है। हमारी इंजीनियरिंग, आईआईटीज, यह गंभीर रूप से सोचने की बात है कि चौदह साल, 2001 से दिसम्बर 2014 तक हमारी आईआईटीज़, इंजीनियरिंग कॉलेज में मिलाकर दुनिया में 127 पेटैंट प्राप्त किए गए जबकि अमरीका की केवल एक एमआईटी ने 2,155 पेटैंट प्राप्त किए। मैं वित्त मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि प्राइमरी एजुकेशन, हायर एजुकेशन में और ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षा इस देश के कल्याण के लिए मूलभूत बात है।...(व्यवधान)

महोदया, मुझे थोड़ा और समय दीजिए। मैं अपनी बात नहीं कह रहा हूं, देश की बात कह रहा हूं। मुझे समय देकर आपको भी पुण्य मिलेगा।...(व्यवधान)

15.02 hours (Shri K.H. Muniyappa *in the Chair*)

हम आज सुबह राइट ऑफ चिन्ड्रन टू फ्री एंड कम्पलसरी एजुकेशन की बात कर रहे थे। लेकिन इस कानून के अंदर ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि अगर मां-बाप अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे तो उन पर कोई दंड लगेगा। स्टेट गवर्नमैंट, सैंट्रल गवर्नमैंट काम नहीं करेगी तो दंड लगेगा। इसमें ऐसा प्रावधान करने की जरूरत है। जब तक इस देश में कम्पलसरी एजुकेशन नहीं होगी कि जो मां-बाप अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे, उन्हें दंड मिलेगा, तब तक कुछ नहीं होगा। ऐसी एजुकेशन लाने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा इन्वैस्टमैंट करना पड़ेगा।

हमारे दोस्त शेखावत जी स्वामी विवेकानंद की बात कर रहे थे। मुझे महर्षि दयानंद याद आते हैं। उन्होंने कहा चाहे राजकुमार हो या राजकुमारी, चाहे दरिद्र की संतान हो, सबको तुल्य वस्त्र, खान-पान, आसन दिए जाने का राज नियम और जाति नियम होना चाहिए। पांचवे और आठवें वर्ष से आगे लड़के-लड़कियों को पाठशाला अवश्य भेजें। जो न भेजे, वह दंडनीय हो। इस प्रकार का विधान करने की जरूरत है। हमें शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ज्यादा बजट देने की जरूरत है।...(व्यवधान)

दुनिया की टॉप टैन ऑनैस्ट कंट्रीज में एक बात कॉमन है। वह यह है कि वहां वैल्यु बेस्ड यूनिफार्म एजुकेशन है। क्या हम कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक जैसा सलेबस, एक जैसा करिकुलम नहीं कर सकते? क्या यह देख नहीं सकते कि आज अलग-अलग तरह के केन्द्रीय विद्यालय चल रहे हैं? क्या इस देश में इस प्रकार की शिक्षा व्यवस्था नहीं हो सकती? शिक्षा और स्किल डैवलपमैंट बढ़ाने के लिए, स्किल डैवलपमैंट के लिए केवल 1900 करोड़ रुपये दिए गए हैं।...(व्यवधान)

मैं कृषि के बारे में बात करना चाहता हूं। मैं वित्त मंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं कि बजट बहुत बढ़ाया गया। इरीगेशन में 88 प्रतिशत बजट बढ़ाया गया। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि जो फसल बीमा योजना की गई, अगर किसानों की सभी बातों के लिए एक बीमा योजना, जैसे पशुधन का नुकसान होता है, किसान बीमार होता है, उसके घर को नुकसान होता है, जब हम कभी विदेश जाते हैं तो वहां के लिए केवल मात्र एक ही बीमा होता है, क्या किसानों के लिए हम एक बीमे की सोच नहीं रख सकते। मैं इसके लिए आदरणीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करूंगा।

मैं एक और निवेदन करना चाहता हूं। मैं बागपत क्षेत्र से आता हूं। यह बहुत जरूरी बात है।मेरे बागपत्र क्षेत्र में अभी भी 396 करोड़ रुपये चीनी मिलों द्वारा किसानों को देना है क्या 400 करोड़ रुपये हम किसानों को डॉयरेक्ट नहीं दे सकते, जब 19,000 करोड़ रुपये इन्ट्रेस्ट माफ कर सकते हैं, क्या हम किसानों के फायदे के लिए नहीं कर सकते? मैं इसके लिए विशेष रूप से निवेदन करता हूं। सरकार को

अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। काम अभी बाकी है और हुर के नूर का दीदार अभी बाकी है। बहुत धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, there is a long list of many Members who want to speak. If you conclude within five minutes all the Members will get an opportunity to speak; otherwise, more than 50 per cent of the Members cannot get the opportunity. May I request you to kindly take not more than five minutes. If there are substantially very important points, you can take them up and I have no objection. But the time is very short. We should let all the Members get an opportunity.

*डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): देश के माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी एवं वित्त मंत्री आदरणीय श्री अरूण जेटली जी का मैं हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूं, क्योंकि एन.डी.ए. सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट लंबे समय के बाद देश का आम बजट लीक से हटकर दिखायी दिया है, जिसमें लोक-लुभावन घोषणाओं के स्थान पर बजट को कृषि एवं किसानों पर केंद्रित किया गया है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री खेत सिंचाई योजना, किसानों के विकास हेतु कृषि ऋण, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़कों का जाल बिछाने एवं मनरेगा पर ज़ोर दिया गया है।

वर्ष 2018 तक सभी गांवों में बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य सरकार की ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कराने की योजना का एहसास कराता है।

बजट में समाज के गरीब तबकों का विशेष ध्यान रखा गया है। सरकार ने गरीब महिलाओं को कुकिंग गैस उपलब्ध कराने की जो योजना बनायी है, उसमें गरीब महिलाओं खासकर ग्रामीण महिलाओं को चूल्हा जलाने में लगभग 1 घंटे में 400 सिगरेट के बराबर धुआं झेलना पड़ता है, महिलाओं को इससे बचाने के लिए सरकार गरीब परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन देगी। इसके लिए वर्ष 2016-17 में बी.पी.एल. परिवारों के डेढ़ करोड़ परिवारों को फायदा होगा। इस योजना से युवाओं को रोज़गार भी उपलब्ध होंगे।

आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लोगों के लिए सरकार ने आवास योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत गरीबी रेखा सूची से नीचे रह रहे परिवारों को मकान देने के लिए 20 हज़ार 75 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है, जिसका गरीब वर्ग के लोगों ने हृदय से स्वागत किया है।

बजट में किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लक्ष्य के लिए कृषि क्षेत्र के लिए लगभग 36 हज़ार करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है तथा इसके साथ किसानों को 9 लाख करोड़ रूपए का ऋण बांटने का लक्ष्य तय हुआ है, जो पिछले वर्ष 8.5 लाख करोड़ रूपए था। किसानों के कर्ज के बढ़ते बोझ को ध्यान में रखते हुए कृषि ऋण पर ब्याज में छूट के लिए 15 हज़ार करोड़ का प्रावधान किया गया है।

माननीय प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री फसल योजना के लिए 5 हज़ार 5 सौ करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है। इसमें बहुत ही कम प्रीमियम दर पर किसानों की फसलों का बीमा होगा और फसल खराब होने पर अधिकतम मुआवजा मिलेगा।

प्रधानमंत्री सिंचाई बीमा योजना के माध्यम से ''पर ड्रॉप पर क्रॉप'' योजना के अंतर्गत सिंचाई योजना के माध्यम से कृषि को लाभकारी बनाने की पहल बजट के द्वारा की गयी है।

---

* Speech was laid on the Table.

प्रधानमंत्री कृषि विकास योजना के अंतर्गत 3 साल में 5 लाख एकड़ जमीन को जैविक खेती के अंतर्गत लाया जाएगा। राष्ट्रीय मृदा परीक्षण के अंर्तत 2017 तक 14 करोड़ किसानों को मिट्टी परीक्षण और स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किए जाएंगे। इन सभी योजनाओं के माध्यम से 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने की सरकार की योजना है।

कृषि हमारे देश की अर्थव्यवस्था का मूल आधार है। जब खेती में उपज अच्छी होती है, तब किसान फसल को लेकर बाज़ार में जाता है और प्राप्त पैसों से ट्रैक्टर खरीदने, मकान खरीदने, बेटे-बेटी को उच्च शिक्षा के लिए भेजने, वाहन खरीदने आदि का कार्य करता है, जिससे बाज़ार में मांग बढ़ जाती है। मांग बढ़ने से उद्योग-धंधों के कल-कारखानों के पहिए तेजी से घूमने लगते हैं एवं देश औद्योगिक विकास की ओर बढ़ने लगता है। लेकिन, फसल अच्छी नहीं आने पर जब किसान मायूस होकर बैठ जाता है तो अर्थव्यवस्था के विकास का पहिया थम जाता है।

सरकार ने इसी भावना को ध्यान में रखकर बजट को कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर केंद्रित किया है, जिसमें किसानों के साथ ही साथ ग्राम पंचायतों को भी विकास की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अब शहर ही नहीं गांव भी स्मार्ट और समृद्ध बने, वहां पर अच्छी सड़के हो, स्वच्छ पानी हो, साफ-सुथरे स्कूल हों, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन हों तथा मनरेगा के माध्यम से रोज़गार के अवसर भी गांव में उपलब्ध हों, इससे गांव का पूरा कायाकल्प तो होगा ही साथ ही गांवों से लोगों का पलायन भी रूकेगा और गांव सर्व सुविधा संपन्न भी होंगे।

देश के गांवों को रोज़गार से लेकर डिजीटल तक विकास की दौड़ में आगे कर गांवों को डिजीटल इण्डिया की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए गए हैं, जिसमें पंचायतों को 80-80 लाख रूपए पंचायत के विकास के लिए मिलेंगे। इसके लिए सरकार ने बजट में 655 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है, जिसका ग्रामीण जनता के द्वारा तहेदिल से स्वागत किया गया है।

बजट में सरकार ने इस बार एम्स जैसे बड़े अस्पताल खोलने की घोषणा तो नहीं की, लेकिन गरीबों के लिए एक लाख रूपए की स्वास्थ्य बीमा योजना तथा हर जिल में डायलिसिस केंद्र की स्थापना करने का निर्णय और तीसरी जेनेरिक दवाओं की देश में लगभग 3 हज़ार दुकानों के माध्यम से सस्ती दवाएं उपलब्ध कराए जाने का निर्णय स्वागतयोग्य है।

बजट में सरकार ने युवाओं को रोज़गार दिलाने के उद्देश्य से देशभर में 1500 बहुकौशल प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करने का निर्णय लिया है। इसके लिए 17 करोड़ रूपए का प्रावधान भी किया गया है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से युवाओं को इससे जोड़ने के लिए स्टार्ट अप कंपनियों को 5

वर्षों में से 3 वर्षों तक अर्जित किए गए लाभ पर 100 प्रतिशत कर कटौती लाभ की घोषणा से योजना को आगे बढ़ने में काफी बल मिलेगा।

स्किल इण्डिया मिशन का उद्देश्य मानव आबादी का लाभ उठाना है। इसके अंतर्गत 76 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। अगले तीन वर्षों में एक करोड़ युवाओं को कुशल बनाने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना को उन्नत बनाने का प्रस्ताव स्वागतयोग्य है।

पहला घर खरीदने वालों के लिए 35 लाख रूपए तक के ऋण पर 50 हज़ार रूपए की अतिरिक्त कटौती का लाभ मिलेगा। किराए के मकानों पर कटौती की सीमा भी 20 हज़ार रूपए से बढ़ाकर 60 हज़ार रूपए की गयी है। इसका भी मध्यमवर्गीय समाज के द्वारा हृदय से स्वागत किया गया है।

शिक्षा के अवसरों को बढ़ाने के लिए देश के सभी राज्यों में समस्त विकास खंडों में केंद्रीय विद्यालय प्रारंभ किए जाने की आवश्यकता है।

म.प्र. के टीकमगढ़-छतरपुर संसदीय क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में मिनरल्स उपलब्ध है। जहां रोज़गार के अवसरों को बढ़ाने के लिए इन पर आधारित उद्योगों को खोले जाने से क्षेत्र के युवाओं को रोज़गार मिल सकेगा। इस क्षेत्र के हीरापुर, बड़ा मलहरा, बिजावर, किशनगढ़ के पहाड़ों में लोहा बड़ी मात्रा में है। यहां पर प्राचीन समय से लोहे निर्माण का कार्य चलता रहा है और सैकड़ों वर्षों से लोहे की भट्टियॉ भी रही हैं। छतरपुर में स्टील कारखाना स्थापित करने से इस क्षेत्र का औद्योगिक विकास होगा तथा लोगों को बड़ी मात्रा में रोज़गार भी मिलेगा।

बुंदेलखण्ड कृषि पर आधारित क्षेत्र है तथा यहां पर प्रचुर मात्रा में शासकीय भूमि भी उपलब्ध है और राज्य शासन ने यहां पर केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव भी प्रेषित किया है। टीकमगढ़ में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना होने से कृषि विकास के नए अवसर तो बढ़ेंगे ही साथ में रोज़गार की भी संभावना बढ़ेगी। अतः टीकमगढ़ में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने में सहयोग प्रदान किया जाए।

अंत में, मैं प्रस्तुत आम बजट का समर्थन करता हूँ।

*SHRI B. VINOD KUMAR (KARIMNAGAR): I welcome the increased allocation of Rs. 18,709 crore for agriculture but the amount should be even higher given its high potential to reduce poverty. The Finance Minister in his speech mentioned allocation of Rs.35,984 crore but the Ministry has received Rs.18,709 crore.

Presently, 46 million hectares area is not irrigated, of which Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana aims to irrigate 28.5 lakh hectares or approximately 3 million hectares. Therefore, PMKSY aims to irrigate only 4% of un-irrigated land. For the stuck projects under AIBP, the aim is to irrigate approximately 8 million hectares which is 10% of un-irrigated land. Thus, the Central Government aims to totally irrigate 14% of un-irrigated land. It should spell out the strategy for the remaining 86%.

I welcome the increased allocation at Rs. 20,158 crore to Human Resource Development, but it should be at least Rs. 30,000 crore for our needs. Also basic education is the foundation, so it should have more money. Presently, the amount allocated to higher education is Rs.15,425 crore, three times that of basic education which is Rs. 4,913 crore. This is inappropriate when the majority of Indians go for basic and not higher education. The ratio should be inversed and expenditure on basic education should be three times that of higher education.

I welcome the doubling allocation in health sector i.e. from Rs. 7,719 crore in 2015-16 to Rs.11,360 crore in 2016-17. However, this is still inadequate. The Modi Government campaigned that it would increase health expenditure to 3% of GDP. The GDP of India is presently $ 2.08 trillion and 3% of this would be an astronomical amount of at least Rs.3 lakh crores. This may be excused as an election 'jumla' but the health allocation must be surely increased to at least Rs. 25,000 crore.

Expenditure on SCs, STs and minorities is too low. These cumulatively form nearly 40% of the country's population and are all in desperate poverty and

* Speech was laid on the Table.

backwardness. Allocation for Umbrella Program for development of SCs is Rs. 3,917 crore, for STs it is Rs. 1,759 crore and for minorities, it is Rs.1,245 crore. The total amount is Rs. 6,921 crore which is absurdly low for 40% of the population. It should be increased to least Rs. 15-20, 000 crore.

Here a distinction must be made among minorities. As per Oxford Human Development in India Report 2011, Sikhs, Christians, Jains and Paris are the richest communities in India, even more than forward caste Hindus. Therefore, allocating money to them for development is not necessary. Development assistance must only be given to Muslims, Dalit Christians and Buddhists. The scheme must be modified to reflect this.

Allocation to the Ministry of External Affairs is too low at Rs.4,720 crore. India should have a bigger role in the world. The size of our diplomatic corps is miniscule at 900. Germany, a country the size of Rajasthan, has 6,550 diplomats in comparison. This needs an urgent expansion so they can defend the nation's interests abroad. Our diplomatic missions also need to be upgraded with better offices, etc. Thus the size of allocation should be at least Rs.10,000 crores.

Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions has been allocated only Rs. 250 crore. If the State executes its functions properly it must invest heavily in developing in its human resources. Government employees must be trained in the latest tools and techniques so that their productivity increases and they can handle the responsibilities expected of them. As this Ministry is meant for upgrading government human resources, it must be given higher allocation of at least 1,000 crore.

The budget has earmarked Rs.900 crore for the development of judicial infrastructure in the states, merely Rs. 93.35 crore higher from Rs. 806.65 crores allocated in 2015-16. This is inadequate for the pressing demands of one of the three wings of the State. There is an urgent need for more courts, more judges, more infrastructure. The judiciary is creaking under pressure and is on the verge of

collapse. Therefore, the amount should be increased at least five times to Rs.5,000 crore.

The Ministry of Earth Sciences can be clubbed with the Science Ministry. The Ministry of Corporate Affairs has been given a pathetic amount of Rs.20 crores. It makes sense to merge it with the Ministry of Commerce and Industry. The Ministry of Planning has been allocated only Rs.200 crore. It can either be abolished or merged with the Ministry of Statistics and Programme Implementation.

More efforts must be made to bring rich people under the tax net. The execution capacity of all vigilance departments is very low. There is rampant corruption in customs and excise departments. The Government must fill up all vacancies immediately and strengthen administrative capacity so that direct tax collection ability increases. Further, there must be ruthless crackdowns on tax evaders and a zero tolerance message must be sent out. As per the Economic Survey, only 4% of Indians pay income tax and this number must be increased.

Agricultural income tax has become a method of tax evasion. The Government must consider introducing tax on this for very rich. The Government must introduce the Direct Taxes Code at the earliest. An inheritance tax should be introduced with a rate of about 3%.

The Government must also introduce public funding of elections. It is high time that the power of Big money is curtailed. A discussion must be initiated on the mechanisms for public funding of elections.

The massive Non Performing Assets of approximately Rs. 8 lakh crore should be tackled stringently. Banks should be held accountable for reckless lending and stringent action should be taken against defaulters. Bank recapitalization should be put on hold and no loan waivers must be given for rich defaulters.

The Government has made a big brouhaha about the 14th Finance Commission Devolutions, but there have been devolution of funds, not that of tax

powers. The Government should initiate devolution of tax powers themselves rather than just revenue in move with the overall tendency towards greater devolution.

The Finance Minister should also clarify whether Indian still availing of aid under PL 480 (Title II). The USA has been donating agricultural commodities as outright grant. USAID has disbursed a total amount of US $ 11.00 million in 2009-10 as compared to US $ 11.93 million disbursed during 2008-09."

The Union is heavily dependent on borrowing. The largest amount of income (21%) comes from borrowing and other liabilities. Income from market loans alone are Rs. 4,25,181 crore, almost as much as income from corporation tax at Rs. 4,93,923 crore (as per Budget Estimates). Such high borrowing is bad for union fiscal management as large amounts of expenditure will be incurred in repayment of interest.

The Government must focus more on direct taxes as a source of income and less on indirect taxes as they have an inflationary effect and less on borrowing as they lead to wasted money in interest repayments. We need to increase the share of revenue from income tax to at least 20% and corporation tax to at least 25%.

A high reliance on indirect taxes is detrimental to the common man as it affects all, not just rich. The share of revenue obtained from service tax is very high at 9% and efforts must be to reduce this to about 6%.

The negative consequence of high borrowings can be seen from the fact that second highest expenditure is on interest payments (19%) after the giving away the States' share of taxes and duties (23%). The Union needs to reduce its debt. Interest payments as a percentage of net tax revenue are at an all time high of 46.7% which was only reached during the Recession year of 2009-10.

I regret that despite repeated attempts, the Union did not grant national status to Pranahita-Chevella irrigation project. It is also unfortunate that there is no mention about setting up an All India Institute of Medical Sciences and Indian

Institute of Management as had been sought by the Telangana Government in the Union Budget.

The pleas to exempt civic bodies like Greater Hyderabad Municipal Corporation (GHMC), the Hyderabad Metropolitan Development Authority (HMDA) from income tax was also ignored.

A paltry and unrealistic Rs. 1 crore has been allocated to the tribal university.

Despite being a revenue surplus State and despite repeated requests there has been no relaxation for Telangana under Fiscal Responsibility and Budgetary Management (FRBM) norms.

Hon'ble Chief Minister of Telangana Shri K. Chandrashekhar Rao has also made a special appeal to the Prime Minister for sanctioning Rs. 30,000 crore for the development of backward areas in TS. This too was not granted.

श्री निनोंग इरिंग (अरुणाचल पूर्व) : सभापति महोदय, हमारे ट्रेजरी बेंच की ओर से जितने भी वक्तव्य रखे गए, बहुत ही अच्छे भाषण दिए गए लेकिन वह राजनीतिक भाषण जैसे लग रहे थे। मैं अपने समय सीमा को समझते हुए पूर्वोत्तर राज्यों और खासतौर पर अरूणाचल प्रदेश के बारे में अपनी बात रखना चाहता हूं। आदरणीय प्रधानमंत्री जी पिछले वर्ष अरूणाचल प्रदेश गए थे, उन्होंने विकास और प्रगति की बात की थी, गति की बात की थी, लेकिन जिस प्रकार से आज वित्त मंत्री जी का बजट स्पीच देखी है, पूर्वोत्तर राज्यों के लिए उन्होंने क्या किया है, उसे मैं आंकड़ों के जरिए आपके सामने संक्षेप में रखूंगा। आज के भाषण में आंकड़ों की बात नहीं है। पूर्वोत्तर राज्य मेन लैंड इंडिया से अलग है, उसमें बहुत सारी खामियां, कठिनाइयां और समस्याएं हैं। नार्थ-ईस्ट काऊंसिल के लिए डोनर मिनिस्ट्री ने जो राशि रखी है, उसके लिए जो आपने आबंटन रखा है उसके बारे में चर्चा करूंगा। इस वर्ष 33,000 करोड़ रुपये की बात की है जो पिछले वर्ष से 2000 करोड़ रुपये अधिक है। आप कहते हैं कि बहुत लंबा उछाल होगा, एक क्वान्टम जम्प होगी, इसमें हमें कोई क्वान्टम जम्प नहीं दिखाई दे रही है।

हमारे यहां सात सिस्टर कहते हैं और सिक्किम भाई है। इतने राज्यों के लिए 2000 करोड़ रुपये का आबंटन करके बहुत बड़े उछाल की उम्मीद रखते थे। आप इस सीमा को एक बार फिर देखिएगा। जब आप मनरेगा के बारे में बोलते हैं कि 38,500 करोड़ रुपये की राशि रखी है यह बहुत अच्छी बात है। आप खुद ही जानते हैं कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि यह कांग्रेस की विफलता का सबूत है क्या इसी तरह जितने भी हमारे कार्यकम है यह तो कॉपी और पेस्ट वाली बात है। आप राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना को ले लीजिए या दीनदयाल योजना कहिए इंदिरा आवास योजना को प्रधानमंत्री आवास योजना कहिए, हमने जितने भी काम किए हैं उसका आप भी समर्थन करेंगे, हमने गरीबों और पिछड़े वर्गों के लिए कुछ सोचा है। मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा। आप लोगों को मिसगाइड करना चाहते हैं। इसे हम लोगों को बताना चाहते हैं।

अरूणाचल प्रदेश में मनरेगा में क्या हो रहा है? आप की दो साल की सरकार हो गई है। पहले आप कहते थे हमारी हुकूमत में क्या मिला? दो साल में अभी भी मनरेगा के तहत 5 दिन या 10 दिन या 11 दिन की राशि देती है। आप 2000 करोड़ रुपये की नौकरियां देंगे और बेरोजगारी को दूर करेंगे, वह आपकी विफलता होगी। हमने इन सब योजनाओं को लाने के लिए कोशिश की थी। एमआईएस के कारण जो रिपोर्ट मिली है वहां पर टैलीकॉम सिस्टम में प्रोबल्म है। दूरदराज के इलाके में रिपोर्ट देना मुश्किल होता है। मैं इसके लिए वित्त मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री जी को कहूंगा कि इसमें हमे सुविधा देनी चाहिए और उस राशि को वहां तक पूरा पहुंचाने की कोशिश कीजिए। जब तक हम उन तक यह राशि नहीं

पहुंचायेंगे तब तक इस राशि, चाहे वह 40 करोड़, 48 करोड़ या हजार करोड़ रुपये हो, उसका कोई फायदा नहीं है।

मैं सिंचाई योजना के बारे में कहना चाहता हूं। प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के बारे में मैंने पिछली बार भी कहा था। हमारे यहां चीन ने बड़े-बड़े पावर प्रोजैक्ट्स लगाये हैं, तो उनके बारे में आपने क्या कदम उठाये हैं? आपने चीन के साथ उस बारे में क्या बातचीत की है? जब आप ब्रह्मपुत्र नदी को ही बंद कर देंगे और चार-चार पावर प्रोजैक्ट्स लगायेंगे, तो असम समेत जितने भी पूर्वोत्तर राज्य हैं, वहां पानी की किल्लत होगी। मैं पूछना चाहता हूं कि आपने उसमें क्या योजना ली है या आपने किस प्रकार से इंटरनैशनल एग्रीमैंट किया है? इस बारे में भी आप अपने जवाब में जरूर उत्तर दीजिए।

हमारे पूर्वोत्तर राज्यों के पर्यटन के लिए आपने 6 करोड़ रुपये की राशि रखी है। अब आप देखें कि इस राशि से आप हमारे इच स्टेट में किस तरह से डेवलपमैंट ला पायेंगे? इसी तरह जब आप विकास की बात करते हैं, तो उसमें यातायात की भी बात आनी चाहिए। अब 150 करोड़ रुपये की राशि रखकर आप किस प्रकार से वहां रोड बनाने की सोच रहे हैं? इसका भी हमें जवाब चाहिए।

सभापति महोदय, वैसे हमारी बहुत सारी समस्याएं हैं, लेकिन मैं वित्त मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि:

रिश्ते वे नहीं, जिसमें रोज बात होती है,
रिश्ते वे भी नहीं, जिसमें रोज साथ हो,
रिश्ते तो वे होते हैं, जिसमें कितनी भी दूरियां हों,
लेकिन हमारे दिल में उनकी याद आये।

हमारा अरुणाचल प्रदेश, जिसे लैंड ऑफ दी डॉनलिट माउंटेन्स कहते हैं, जो आपके सबके लिए पूर्वोत्तर में प्रकृति की एक देन है, उसे यदि आप छोड़ देंगे तो आप किस प्रकार का विकास लायेंगे? आप बंगलादेश के कनैक्शन की बात करते हैं। आप लुक ईस्ट बोलते हैं, ऐट ईस्ट बोलते हैं, लेकिन वह सिर्फ एक जुमलाबाजी है। आप जिस प्रकार से भाषण देते हैं, उस प्रकार की भाषणबाजी होती है, जब तक आप विकास की दर नहीं बढ़ायेंगे, जब तक उसमें और ज्यादा राशि नहीं देंगे, उसमें तब तक कोई परिवर्तन नहीं आयेगा। हम एनईसी में 2 हजार करोड़ रुपये के प्रोजैक्ट की मांग करते हैं, लेकिन उसमें आप सिर्फ 700 करोड़ रुपये देंगे, तो किस प्रकार का विकास आयेगा?

सभापति महोदय, आप और हम एक ही पार्टी के हैं, इसलिए आपको हमें बोलने का और मौका देना चाहिए था, लेकिन मैं फिर भी आपको बहुत धन्यवाद देता हूं कि हमारी समय सीमा देते हुए आपने हमें

अपने क्षेत्र की बात रखने का मौका दिया। मेरी वित्त मंत्री जी से खास रिक्वैस्ट है कि हमारा अरुणाचल प्रदेश, खासतौर से जहां चीन का इतना दबदबा है, उसकी ओर आप जरूर ध्यान देंगे। धन्यवाद।

*__डॉ. यशवंत सिंह (नगीना)__: मुझे सामान्य बजट पर अपने विचार रखने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए धन्यवाद। आज़ादी के बाद से पहली बार यह ऐसा बजट है, जिसको देश के प्रति व्यक्ति की सोच को मस्तिष्क में रखते हुए बनाया गया है। आज देश का किसान हर रोज कहीं न कहीं पर आत्महत्या कर रहा है, जिसका कारण लंबे समय में कांग्रेस की केंद्र की सरकार का किसानों की समस्या को ध्यान न देना है। देश की 54 प्रतिशत गैर सिंचित भूमि को पानी उपलब्ध कराने हेतु इस वर्ष 1700 करोड़ रूपए से 23 परियोजनाओं को अंजाम तक पहुंचाना तथा उसी के साथ पांच वर्ष के अंतराल में 86,500 करोड़ रूपए से 89 परियोजनाओं को पूर्ण कराने का मिशन किसान को जीवन देने के बराबर है। प्रधानमंत्री सिंचाई योजना तथा दीनदयाल अंत्योदय मिशन के तहत जल प्रबंधन का कार्य अपने आप में विशेष है। किसान के लिए कम से कम किश्त जमा करके प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 5500 करोड़ रूपए से बीमा से नुकसान की भरपाई अवश्य रूप से किसानों की आत्महत्या रोकेगी। किसानों को एकीकृत कृषि विपणन ई-मंच के माध्यम से पूरे देश में अपने उत्पाद को बेचने का अधिकार होगा। किसानों को इस बार उपलब्ध ऋण हेतु भी ज्यादा आवंटन किया गया है।

गांवों के विकास हेतु अभी तक जिन गांवों में विद्युत आपूर्ति नहीं हो पायी थी, उन 18000 गांवों का वर्ष 2018 तक विद्युतीकरण कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना भी अपने आप में सदियों के अंधेरे को दूर करने वाला कदम हे। हर गांव के विकास हेतु 80 लाख रूपए तथा नगर पालिकाओं के लिए 21 करोड़ रूपए से गॉवों का कायाकल्प होने वाला है। इसी के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ग्रामीण शहरी मिशन के तहत 300 ग्रामीण क्लेस्टेरस का शहरी तर्ज पर विकास अपने आप में महत्वपूर्ण योजना है।

यह पहला बजट है जिसमें 1.5 करोड़ गरीब परिवारों को बी.पी.एल. श्रेणी के लोगों को एल.पी.जी. कनेक्शन उपलब्ध कराने का मिशन है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 9000 करोड़ रूपए की व्यवस्था की गयी है तथा गॉवों में शौच मुक्त गॉव बनाने पर पुरस्कृत करने का भी मिशन है।

बीमारी गरीब व्यक्ति के लिए एक अभिशाप है। हमारी सरकार ने गरीबी गंभीर बीमारी में एक लाख रूपए का बीमा कवर प्रदान करने की घोषणा के साथ 60 वर्ष से अधिक के व्यक्ति को 30,000 रूपए का अतिरिक्त टॉप अप पैकेज देने की व्यवस्था की है। हर जिला अस्पताल डायलिसिस से लैस हो तथा प्राईवेट संस्थान भी सुगमता से डायलिसिस मशीन लगा सकें, इसके लिए टैक्स में छूट दी गयी है। देश का एक बहुत बड़ा तबका मजदूर है, जिसका जीवन दिन-प्रतिदिन की कमाई से चलता है। सरकार ने मनरेगा का आवंटन 38,500 करोड़ रूपए का रखा है। मैं यहॉ पर माननीय वित्त मंत्री जी एवं प्रधानमंत्री से अनुरोध

* Speech was laid on the Table.

करना चाहता हूँ कि मनरेगा की मजदूरी सामान्य मजदूरी से बहुत कम है, इसको बढ़ाया जाये तथा मजदूरी हेतु आवंटन को सामग्री आवंटन से बिल्कुल अलग करके मनरेगा के मजदूरों को हर हालत में 150 दिन का रोज़गार दिया जाये। सामग्री हेतु अलग से प्रावधान किया जाये तथा योजना को विभिन्न विभागों से जोड़ा जाये। अभी तक के आंकड़ों से मजदूरों को 50 दिन से भी कम दिन का ही रोज़गार मिलता है। फिशरीज उद्योग, पशुपालन उद्योग, डेयरी उद्योग, शहद उद्योग तथा अन्य उद्योगों को सरकार के स्तर से बढ़ावा दिया जाये तथा मनरेगा से इसे जोड़ा जाये।

सड़क एवं परिवहन के क्षेत्र में एक लाख करोड़ से अधिक का निवेश कर अटकी हुयी परियोजनाओं को पूरा किया गया है। कुल निवेश 97000 करोड़ रूपए रखकर राजमार्गों एवं सभी ग्रामीण मार्गों का सुदृढ़ीकरण किया जायेगा तथा रेलवे में अभूतपूर्व परिवर्तन किया जा रहा है। एक वर्ष में 10,000 कि.मी. राजमार्गों का अनुमोदन तथा 50,000 कि.मी. के राज्यमार्गों को भी राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में उन्नत करना एक विशेष कदम है। इसी प्रकार जल मार्गों, हवाई मार्गों तथा रेल मार्गों के उन्नयन का भी महत्वपूर्ण कार्यक्रम बनाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मुद्रा बैंक, कौशल इण्डिया, स्किल इण्डिया, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना ये सभी ऐसे कदम हैं जिससे बेरोज़गार नौजवानों को प्रशिक्षण के बाद रोज़गार सृजन किया जाता है। इस योजना के तहत पिछले वर्ष में 2.5 करोड़ से भी अधिक लोगों को लोन देकर रोज़गार सृजन का मौका दिया गया है तथा वर्ष 2016-2017 के लिए 180,000 करोड़ रूपए का लक्ष्य रखा गया है।

गरीबों को ध्यान में रखते हुए 5.35 लाख उचित दर की दुकानों से 3.0 लाख दुकानों को स्वचलित दुकानों में बदलना, आधार आधारित रखना, भ्रष्टाचार निवारण का एक बड़ा कदम है। बजट अपने आप में गरीब पक्षधर है, परंतु मेरा यहां पर यह भी कहना है कि देश का गरीब व्यक्ति गटर साफ करता है, बड़ी-बड़ी ऊँची बिल्डिंग पर जान की बाजी लगाता है तथा कठिन से कठिन एवं दुर्गंध के काम को करता है। इनकी नौकरी प्राईवेट हाथों की होती है, जो पूरी नहीं मिल पाती, हर स्तर पर शोषण होता है। मरने के बाद भी परिवार को कोई सहायता नहीं मिल पाती। मेरा निवेदन है कि इस प्रकार की गरीब की मौत अथवा विकलांगता हेतु अलग से बजट का प्रावधान किया जाये। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात को समाप्त करता हूँ।

साध्वी सावित्री बाई फूले (बहराइच) : माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे वर्ष 2016-17 के आम बजट पर बोलने का समय दिया, उसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं। साथ-साथ अपने वित्त मंत्री माननीय अरुण जेटली जी का भी आभार व्यक्त करती हूं जिन्होंने बहुत ही अच्छा आम बजट प्रस्तुत किया है। मैं आज सदन में अपने लोक सभा स्पीकर मैडम का आभार व्यक्त करती हूं जिन्होने देश के कोने-कोने से महिला जनप्रतिनिधियों को बुलाकर दिल्ली में महिला सम्मेलन किया। उन्होंने महिलाओं के मान-सम्मान, स्वाभिमान तथा शिक्षा अधिकार के प्रति उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया।

माननीय सभापति महोदय, मैं कहना चाहती हूं कि यह काम बहुत पहले होना चाहिए था, किन्तु महिलाओं के लिए शिक्षा का दरवाजा बंद था। पहले एक कानून बनाया गया था, जिसमें लिखा हुआ था कि 'स्त्री, शुद्रो विद्या नाध्याताम्'। स्त्री और शुद्र को ज्ञान नहीं देना चाहिए, लेकिन मैं महाराष्ट्र के पूना में जन्मे महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फूले को प्रणाम करती हूं। उन्होंने अपनी पत्नी को शिक्षित किया और सावित्री भाई फूले जी ने विद्यालय की स्थापना की और तमाम कठिन परिस्थितियों को झेलते हुए महिलाओं, बालिकाओं को शिक्षा देने का काम किया। माननीय सावित्री बाई फूले जी से प्रेरणा लेकर महिलाएं पंच से लेकर प्रधानमंत्री और महामहिम राष्ट्रपति की कुर्सी तक पहुंची हैं। यही नहीं, मैं आज सदन के माध्यम से माता सावित्री बाई फूले जी के चरणों में नमन करते हुए मांग करना चाहती हूं कि इनके जन्मदिन पर छुट्टी घोषित की जाए और उनके नाम पर महिला शिक्षा दिवस मनाया जाए।

मैं सदन को अवगत कराना चाहती हूं कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी ने यदि भारत के संविधान में महिलाओं के आरक्षण की व्यवस्था नहीं की होती तो महिलाओं को यहां तक पहुंचने का मौका नहीं मिलता। इसी सदन में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी ने उस पन्ने का फाड़कर फेंक दिया था जिसमें लिखा था - स्त्री शूद्रो विद्या न अध्यताम। स्त्री शूद्रों को ज्ञान देना नहीं चाहिए। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी ने लोकसभा में महिला कोड बिल पास कराकर महिलाओं को अधिकार दिलाने का काम किया था। आज मैं बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी के कृत्यों को नमन करती हं जिनकी बदौलत महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका मिला। पंच से लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक ही नंहीं बल्कि महिलाओं को कार्यपालिका, न्यायपालिका, विधायिका में आगे बढ़ने का मौका मिला है, यह बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की बदौलत मिला है।

आज यहां 2016-17 के आम बजट पर चर्चा हो रही है। आम बजट में माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी जो बजट लेकर आए हैं, यह जनहित, समाज हित में है। यह बजट अनुसूचित जाति,

अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति, महिलाओं, बच्चों यानी सबकी चिंता करते हुए पेश किया गया है। मैं देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करती हूं जिन्होंने गरीबी में पलकर, गरीबों को देखते हुए बजट पेश कराया है। इसके लिए मैं तहे दिल से अपने देशवासियों और क्षेत्रवासियों की तरफ से आभारी हूं। चाहे जन-धन योजना हो, चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना हो, चाहे मुद्रा योजना हो, चाहे सिंचाई योजना हो, चाहे सुकन्या योजना हो, चाहे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना हो, चाहे किसान कल्याण योजना हो, चाहे स्वास्थ्य योजना हो, चाहे कौशल विकास योजना हो, इन तमाम योजनाओं को लागू करके अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति, अल्पसंख्यक समाज के लोग, जो कमजोर हैं, लाचार हैं, उनको रोजगार देने का काम किया है, उनको आगे बढ़ाने का काम किया है।

माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने जो बजट पेश करवाया है, इसका कांग्रेस पार्टी के लोग राज्य सभा में विरोध करते हैं, लोकसभा में विरोध करते हैं। देश की 68 सालों की आजादी के बाद 50-55 साल तक कांग्रेस पार्टी ने देश पर राज किया है। ...(व्यवधान) मैं अनुसूचित जाति की महिला हूं, मैं बार-बार नहीं बोलती हूं, मुझे बोलने का अवसर दिया जाए।

सभापति जी, मैं कहना चाहती हूं कि 50-55 साल तक इस देश में कांग्रेस पार्टी ने राज किया है। कांग्रेस पार्टी के लोगों ने हमारे समाज के लोगों को क्या दिया? आजादी में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक वर्ग और पिछड़ी जाति के लोगों ने बलिदान देकर देश को आजाद कराया था। जब हमारा देश आजाद हो रहा था, उनको एक आशा थी कि देश आजाद होगा तो हम भी आजाद होंगे, दो जून की रोटी मिलेगी, तन पर कपड़ा होगा, रहने के लिए मकान होगा, खेती करने के लिए जमीन होगी। लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि आजादी के 68 साल बीत जाने के बाद आज भी 30 प्रतिशत लोग गुलामी की जंजीरों में जकड़े हुए हैं जिनकी दशा और दिशा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। इस देश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक वर्ग और पिछड़ी जाति, सामान्य जाति के कमजोर वर्ग के लोगों को क्या दिया, मुर्गी पालन के नाम पर कर्ज, बकरी पालन के नाम पर कर्ज, सूअर पालन के नाम पर कर्ज, भेड़ पालन के नाम पर कर्ज, गधा पालन के नाम पर कर्ज देकर वोट लेती रही, देश पर राज करती रही।...(व्यवधान)

मुझे बोलने का समय दिया जाए, मैं अपने क्षेत्र के बारे में कुछ नहीं बोल सकी हूं। मैं कहना चाहती हूं कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लोगों की आज भी वही दशा है कि मरे जानवरों का चमड़ा छीलकर, गंदी नालियों की सफाई करके, सिर पर मैला ढोकर दो जून की रोटी चलाने के लिए मजबूर हैं। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी ने भारत के संविधान में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक वर्ग और पिछड़ी जाति के लोगों के लिए आरक्षण की व्यवस्था न की होती तो आज हमारे

समाज की दशा वही होती। बाबा साहेब अम्बेडकर जी के इतना सब कुछ करने के बावजूद भी कांग्रेस पार्टी के लोग हमेशा बाबा साहेब जी को हीन भावना से, नीच भावना से देखा करते थे। 50-55 साल के कार्यकाल में बाबा साहेब जी की एक भी प्रतिमा देश में नहीं लगाई। महापुरुषों का सम्मान कांग्रेस पार्टी ने कभी नहीं किया है। यदि इसे करने का काम किया है तो भारतीय जनता पार्टी ने किया है, माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

श्री राहुल शेवाले (मुम्बई दक्षिण मध्य) : महोदय, आपने मुझे आम बजट पर बोलने का समय दिया, मैं इस बजट के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।

माननीय वित्त मंत्री जी को मैं बधाई देता हूं कि उन्होंने इस बजट को किसानों के उत्थान और प्राकृतिक आपदाओं के फलस्वरूप होने वाली हानियों की भरपाई के लिए इस बजट में बहुत अच्छे प्रावधान किये हैं। पर लगातार ये सभी योजनाएं भूमिहर किसानों के लिए हैं लेकिन भूमिहीन किसानों को इस स्कीम का कोई भी फायदा मिलने वाला नहीं है। वित्त मंत्री जी से मैं आग्रह करता हूं कि भूमिहीन किसानों के बारे में इस बजट में कुछ प्रावधान करे, जैसे उनको मनरेगा के अन्तर्गत हर गांव में भूमिहीन किसानों को रोजगार मुहैया कराना चाहिए व आर्थिक फायदा देना चाहिए। भारत में भूमिहीन किसानों की संख्या, राज्यवार बड़ी मात्रा में 56 प्रतिशत भूमिहीन किसान पूरे देश में हैं और उनकी आबादी साधारण चालीस करोड़ तक है। केवल तमिलनाडु में 73 प्रतिशत है, केरल में 72 प्रतिशत है, पश्चिम बंगाल में 17 प्रतिशत है, पंजाब में 65 प्रतिशत है, मध्य प्रदेश में 55 प्रतिशत है, महाराष्ट्र में 53 प्रतिशत है, ऐसे जो भूमिहीन किसान हैं, वे 56 प्रतिशत हैं। इसलिए भूमिहीन किसानों के लिए कुछ योजना केन्द्र सरकार के माध्यम से आनी चाहिए। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि भूमिहीन किसानों के लिए एक पेंशन योजना डिक्लेअर करनी चाहिए। भूमिहीन खेत मजदूरों के लिए 2016-17 के बजट में कोई योजना नहीं है। आंकड़ों के अनुसार मैंने पहले बताया कि 40 करोड़ खेत मजदूर हैं। अगर उनको मनरेगा के भरोसे पर न छोड़ते हुए, उनको पचास वर्ष की उम्र के बाद उनको 4000 रुपये की पेंशन की योजना केन्द्र सरकार के माध्यम से शुरु करनी चाहिए। इस बजट में किसानों के कर्जमाफी के लिए 15000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जो काफी कम है। केवल महाराष्ट्र में अगर आप देखें तो महाराष्ट्र में किसानों की जो आत्महत्याएं होती हैं, उसको ध्यान में रखते हुए इस बजट को 30000 करोड़ रुपये तक करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार एक नेशनल फॉर्मर कमीशन स्थापित करके किसानों के लिए एक एनश्योर्ड इंकम का प्रावधान करके उन्हें राहत प्रदान करने की आवश्यकता है।

कृषि के क्षेत्र में सिंचाई हेतु निधि की स्थापना, भू-जल संसाधन प्रबंधन, वर्षा सिंचित क्षेत्र में तालाब और कुआँ निर्माण, प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, फसल की उपज बढ़ाने, परंपरागत कृषि विकास योजना, मूल्य श्रृंखला आधारित जैविक खेती स्कीम, कृषि ऋण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डेयरी उद्योग को बढ़ावा देना, दालों के उत्पादन में वृद्धि करने, विपणन हेतु एकीकृत कृषि विपणना ''ई-मंच'' स्थापना के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। खेती को बढ़ावा मिलने से देश आत्मनिर्भर तथा गॉव व गरीब का जीवन स्तर ऊपर उठेगा।

गॉव व शहर के विकास हेतु 2.87 लाख करोड़ रूपए निर्धारित किए गए है, जिससे प्रति ग्राम पंचायत औसतन 80 लाख और प्रति शहरी निकाय को 21 करोड़ रूपए से अधिक की सहायता मिलेगी। मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, डिजीटल इंडिया, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, प्रधानमंत्री सड़क योजना, राजमार्ग योजना, विमान पत्तनों के उन्नयन जैसी योजनाओं से देश में क्रांतिकारी रूप से परिवर्तन परिलक्षित होगा।

सामाजिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक लाख रूपए तक स्वास्थ्य बीमा कवर, तीन हज़ार प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों में जेनेरिक औषधि उपलब्ध कराना, देश के सभी जिला अस्पतालों में डायलिसिस सेवा केंद्र खोलना, डेढ़ करोड़ बी.पी.एल. परिवार की महिलाओं को एल.पी.जी. कनेक्शन मुहैया कराना, युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास, रोज़गार सृजन के प्रयासों के उपायों का उल्लेख है। छोटे उद्यमियों, स्टार्ट अप, एस.सी./एस.टी. हब को प्राथमिता दी गयी है।

देश के कुछ राज्यों को भयंकर सूखे और बाढ़ का सामना करना पड़ा। छत्तीसगढ़ प्रदेश के भी अधिकांश जिले सूखे से प्रभावित रहे। मेरे संसदीय क्षेत्र जांजगीर-चाम्पा की बलौदा तहसील भी सूखा क्षेत्र में है। यहां सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं है। हंसदेव बांयी तट नहर यहां से गुजरती है लेकिन सतह से 50 से 70 फीट नीचे पानी की सतह होने के कारण सिंचाई नहीं हो पाती है। मैं चाहती हूॅ कि इस नहर के जर्वे के

* Speech was laid on the Table.

पास से सांसद आदर्श गांव जावलपुर परसाही उद्रवहन सिंचाई योजना के लिए लगभग 70 लाख बजट में शामिल किये जाए। इसी नहर से इसी प्रकार पानी की सप्लाई सीपत एन.टी.पी.सी. में विगत कई वर्षों से की जा रही है, जो करीब 25 कि.मी. दूर है।

देश के एकमात्र प्राकृतिक क्रोकोडायल पार्क कोटमी सुनार जो मेरे संसदीय क्षेत्र के अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में स्थित है, को राष्ट्रीय पार्क के रूप में विकसित किए जाने की मांग करती हूॅ।

अभी हाल ही में रायपुर-बलौदा बाजार-कसडोल-सरसीवां होते हुए ओडिसा राज्य को जाने वाली राज्य सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा प्रदान किया गया है, जिसे फोर लेने सड़क बनाए जाने एवं इस पर टूटे-फूटे पुल-पुलियों को नए सिरे से निर्माण करने का बजट में प्रावधान किया जाये।

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की ओर से प्रस्तावित राष्ट्रीय आदिवासी विश्वविद्यालय की स्थापना एवं नैक का क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने, नई राजधानी निर्माण हेतु विशेष पैकेज देने, राज्य के इस्पात उद्योगों को जीवित रखने, उच्च द्रवणांक वाले कवाड़ (एच.एम.एस.-I, एच.एम.एस.-II) के आयात की अनुमति प्रदान करने तथा राज्य की औद्योगिक गतिविधियों के लिए अंतर्देशीय परिवहन अनुदान दिये जाने की मांग करती हूॅ।

श्रीमती अनुप्रिया पटेल (मिर्ज़ापुर): महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। माननीय वित्त मंत्री जी को मैं एक सन्तुलित बजट पेश करने के लिए बधाई देना चाहती हूँ, जिसमें कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन, सामाजिक पुनरोत्थान और इंफ्रास्ट्रक्चर आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है। साथ ही अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी राजकोषीय सुदृढ़ीकरण का जो लक्ष्य है, उसे प्राप्त करने की भी कोशिश की गई है। विपक्ष ने बार-बार हमारी सरकार की यह कहकर आलोचना की कि यह कारपोरेट जगत की समर्थक है, लेकिन इस बजट के माध्यम से भारत और इन्डिया के बीच की खाई को समझते हुए जिस तरह समाज में हाशिये पर पड़े हुए तबके तक पहुँचने की कोशिश माननीय वित्त मंत्री जी ने की है, वह निश्चित रूप से हमारे विपक्ष के साथियों को निरूत्तर करने का काम करता है। कृषि के क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण घोषणाएं हुई हैं। सरकारे ने पाँच साल में किसानों की आमदनी को दोगुना करने के लिए कृषि क्षेत्र के लिए 36 हजार करोड़ रूपए आवंटित किए हैं। किसानों को 9 लाख करोड़ के ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है और इस ऋण के ब्याज पर छूट के लिए भी 15 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान है, माननीय वित्त मंत्री जी ने किया है। फसल बीमा योजना के तहत 5500 करोड़ रूपए आवंटित किए गए हैं और इस योजना में प्रीमियम की दरों को काफी कम रखा गया है, जिससे अधिक से अधिक किसान फसल बीमा योजना के दायरे में आ सकें। यहाँ तक कि जब फसलों की क्षति होती है तो उस परिस्थिति में भी उन्हें अधिक से अधिक मुआवजा दिया जा सके। दालों की महँगाई और उसके घटते हुए उत्पादन को ध्यान में रखते हुए भी सरकार ने दालों के उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए 500 करोड़ रूपए आवंटित किए हैं। यहाँ तक कि डिजिटल कृषि बाजार लाँच करना भी इस बजट के माध्यम से प्रस्तावित किया है। इसके तहत देश के जो तमाम कृषि बाजार हैं, उनको ऑनलाइन जोड़ने की भी व्यवस्था सरकार ने की है। किसान इस ऑनलाइन बाजार के माध्यम से देश में कहीं भी अपनी फसल को सही दाम पर बेचकर उसका लाभ प्राप्त कर सकेंगे। ऐसा माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा है।

वर्ष 2017 तक सभी 14 करोड़ किसानों को मिट्टी के परीक्षण के लिए स्वाइल हेल्थ कार्ड देने का भी ऐलान किया गया है और इसके लिए दो हजार मिनी स्वाइल लैब्स बनाई जाएंगी। इसकी घोषणा माननीय वित्त मंत्री जी ने की है। पांच लाख एकड़ को जैविक खेती के दायरे में भी लाया जाएगा, ऐसा भी हमने बजट में पढ़ा है। मनरेगा के तहत पांच लाख कुएं और तालाबों का निर्माण करने का भी लक्ष्य रखा गया है। मैं इन सभी घोषणाओं का स्वागत करती हूं, लेकिन मेरी कुछ आशंकायें हैं, जिनका समाधान मैं माननीय वित्त मंत्री जी से चाहूंगी। मेरा उनसे आग्रह है कि अपने वक्तव्य में वे इन आशंकाओं का समाधान जरूर करें, इन पर प्रकाश डालने का काम करें।

मेरा सबसे पहला प्रश्न यह है कि किसानों की आय दोगुनी करने की बात तो की गई है, लेकिन उस आय को दोगुना करने का सरकार का रोड मैप क्या है? क्या हमारे किसानों की आय पांच साल में महंगाई के अनुरूप बढ़ेगी और क्या उनकी आय को बढ़ाने के लिए कृषि विकास दर को ढाई गुना बढ़ाने की सरकार की कोई योजना है, यह काम सरकार कैसे करेगी? हमारी सरकार नौ लाख करोड़ रूपए की व्यवस्था कृषि ऋण के लिए कर रही है, लेकिन आज किसानों की समस्या यह हो चुकी है कि कर्ज के कारण किसान आत्महत्या कर रहे हैं और विशेषकर मैं जिस राज्य से आती हूं उत्तर प्रदेश, उसमें बुंदेलखंड जैसा हिस्सा है, जहां पर किसानों की आत्महत्यायें सबसे ज्यादा कर्ज के कारण हो रही हैं। मैं जानना चाहती हूं मेरी सरकार से कि यदि नौ लाख करोड़ रूपए से आप ऋण देना चाहते हैं तो किसानों के कर्जमाफी की बात क्यों नहीं की जा रही है? क्या उस संबंध में भी हमारी सरकार की कोई नीति है?

रबी और खरीफ की फसलों का बीमा प्रीमियम रेट अलग क्यों रखा गया है? इसका स्पष्टीकरण भी मैं माननीय वित्त मंत्री जी से जानना चाहूंगी। सबसे बड़ी समस्या है कि हमारी फसलों का जो आंकलन होता है, वह बीमा कंपनियां करती हैं। अक्सर जो नुकसान हुआ होता है, उसका उचित आंकलन नहीं हो पाता है। ऐसे में सरकार यह कैसे सुनिश्चित करेगी कि जो फसल बीमा योजना है, उसका लाभ हमारे किसानों को मिले और ऐसा न हो कि उसका लाभ बीमा कंपनियां ले जाएं।

जहां तक कृषि बाजारों को ऑनलाइन करने की बात है, मैं माननीय वित्त मंत्री जी से पूछना चाहूंगी कि अभी तक केवल 12 राज्यों ने सहमति दी है और सभी राज्य इस बात के लिए तैयार नहीं हो पाए हैं तो इस समस्या का समाधान कैसे निकाला जाएगा? जहां तक पांच लाख तालाब और कुएं खोदने की बात है, तो तालाबों और कुओं की जमीनों पर अतिक्रमण एक बहुत ही विकट समस्या बनी हुई है और मैं समझती हूं कि लगभग हर राज्य में यह समस्या है, तो कैसे हम इस चुनौती का सामना करेंगे? मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहूंगी।

दो हजार मिनी स्वाइल लैब बनाने की जो घोषणा की गई है, उसका ब्लू प्रिंट क्या होगा? ये किन राज्यों में सबसे पहले स्थापित किए जाएंगे और कैसे राज्यों का चयन होगा, कैसे इनकी स्थापना होगी? स्वास्थ्य की दृष्टि से केन्द्र सरकार द्वारा निजी क्षेत्र की भागीदारी से हर जिले में डायलेसिस सेंटर्स स्थापित करने की बात की गई है। इस बात का भी मैं स्वागत करती हूं क्योंकि जिस तरीके से आज गुर्दे के मरीजों में बढ़ोत्तरी हो रही है, लोगों को बड़े शहरों में आना पड़ता है और उनका काफी खर्च होता है। ऐसे में यदि हर जिले में डायलेसिस केन्द्र की स्थापना की जाएगी तो निश्चित रूप से हमारे लोगों को, आम जनता को इसका बहुत लाभ मिलेगा। किडनी के साथ-साथ, टयूबरकुलोसिस भी एक बहुत बड़ी समस्या है और भारत

में इसके बहुत अधिक संख्या में मरीज हैं। इसके लिए भी हमारी सरकार कोई प्रावधान करे, ऐसा मैं सरकार से अनुरोध करना चाहती हूं।

गरीबों के लिए एक लाख की बीमा योजना भी एक अच्छी पहल है, क्योंकि एक लाख की धनराशि में 70 से 75 प्रतिशत बीमारियों का समाधान निकाला जा सकता है। 3,000 जन-औषधि केन्द्र खोलकर जो सस्ती जेनरिक दवाइयां उपलब्ध कराने की सोच है, वह भी स्वागत योग्य है। मेरा इस संबंध में माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि ये 3,000 जन-औषधि केन्द्र सबसे पहले देश के जो सबसे पिछड़े इलाके हैं, उनमें खोले जाएं, जिससे गरीब और निर्धन व्यक्ति इन सस्ती दवाइयों का लाभ ले सके।

शिक्षा के क्षेत्र में मैं इतना ही कहना चाहती हूं कि भारत शैक्षिणक रूप से विश्व का सबसे पिछड़ा हुआ देश है। पिछले तीन दशकों में सरकारों ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए धड़ाधड़ स्कूलों की स्थापना की है और यह कोशिश की है कि हर बच्चा स्कूल जाए। हर बच्चा स्कूल जाने भी लगा है लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता आज भी एक बहुत बड़ी चुनौती बनी हुई है। मेरी सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की जो बात इस बजट में की है, उसकी मैं सराहना करती हूं। 62 नवोदय विद्यालय खोलने की बात का मैं स्वागत करती हूं। विश्वस्तरीय उच्च शिक्षा संस्थान खोले जाने का भी मैं स्वागत करती हूं। रोजगार सृजन की दृष्टि से 1,500 कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए बजट में 1,700 करोड़ रूपए का प्रावधान है, यह भी सराहनीय है।

मैं अंतिम बात कहकर अपनी बात समाप्त करना चाहती हूं कि मेरी सरकार सूट-बूट पहनकर भी खेतों और खलिहानों पर पहुंच गई है, जो काम शायद खादी का कुर्ता पहनकर भी यूपीए की सरकार नहीं कर पाई। बहुत-बहुत धन्यवाद।

*DR. KULMANI SAMAL (JAGATSINGHPUR) : This budget, as claimed by the Minister of Finance, is to transform India by focusing upon macro-economic stability and management of country's economy, ensuring fulfillment of domestic demand and to make economic reforms and policy initiatives in right track in order to proceed in the direction of growth and development. In this regard, I would like to focus upon three areas namely, Agriculture, Education and Health, which play a major role in strengthening the society in the direction of inclusive growth of our country.

First of all, I would like to focus upon budgetary allocation on the backbone of our Country's life and economy, i.e. Agriculture. The Finance Minister, Shri Arun Jaitley has allocated Rs. 35,984 crore for agriculture and farmer's welfare. In his statement, Shri Jaitley has categorically mentioned that the farmers are the backbone of country's food security. Hence so many projects have been initiated along with proposed plan to implement Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana. Under this project, 28.5 lakh hectares of land, as projected by Ministry, could be irrigated. Including this Krishi Sinchai Yojana, various other schemes were also initiated for the development of agriculture along with the income security of the farmers all over the country. It is interesting to note that in spite of action taken by the respective Governments and in spite of funds being allocated for the development of agriculture as well as farmers, we are experiencing decline in agricultural productivity along with different types of problems faced by the farmers every day. It is alarming to note that in 2014-15, it was reported that around 6000 farmers all over the country committed suicide. Hon'ble Minister of Agriculture might have the idea that in 2004 alone, over 18 thousand farmers committed suicide in our country. We are residing in a country where around 60% of its people depend directly or indirectly upon agriculture. And it is a matter of concern that suicide committed by farmers holds a sizeable number, i.e. 11.2% of all suicides in India. So my view is, just by allocating funds under Budget is not at

* Speech was laid on the Table.

all enough to augment agriculture sector or to stable farmer's income security, rather we have to focus upon appropriate implementation of such schemes.

It is a matter of concern that most of the illiterate and uneducated people are involved in agricultural activities, who do not have any idea about the advantage of different type of schemes relating to farming and cultivation. Since they do not know the benefits of most of the schemes, they should be assisted as to how they can approach the concerned agencies to fetch maximum amount of advantage out of the funds as well as subsidies meant for them under agricultural schemes. For example, in this budget, the Soil Health Card Scheme, Pramaparagat Krishi Vikas Yojana, Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana, etc. are to be implemented, but I am in doubt about the exposure of farmers in rural areas to the benefits of such schemes. Take the case of Prime Minister Fasal Bima Yojana, on which Rs. 5500 crore have been allocated, the schemes like 'Pashudhan Sanjivani', 'Nakul Swasthya Patra', E-Pashudhan Haat' and National Genomic Centre, etc. for which the Government has allocated Rs.850 crore. But are we really concerned whether the farmers know about these schemes? Until and unless the advantages, the benefits of all these schemes are shared with the farmers, the idea to develop farming sector cannot materialize. Might be our step motherly activities towards agricultural sector have put this sector behind Service Sector and Industrial Sector in economic scenario of this country. So, I would like to emphasize upon the point that it is necessary to make all the farmers to get awareness about the benefits of such schemes.

In this regard, I urge upon the Government to open different agencies to assist directly the farmers to get an idea about the benefits of the schemes. However, I feel good that compared to allocation of around Rs. 23,000 crore in last year in respect of agriculture, allocation of Rs. 35984 crore in this financial year could definitely address the problems of farmers. However, keeping in view the recent loss of crops in different states due to natural calamities like untimely heavy rain, hailstorms, floods, drought, etc. in more than 15 states, the

Government should have initiated for enhancement in the amount of funds under insurance scheme relating to Agricultural Sector to address the rough patch of farmers and stop the increasing incidents of suicide committed by them.

Secondly, the Government has allocated Rs. 1,51,581 crore for the social sector including education and health care. In education sector, the Government has proposed to open 62 more Navodaya Vidyalayas along with strengthening the quality of education under Sarva Shiksha Abhiyan Scheme. It is a matter of fact that India having a population of 1.3 billion holds an important place in the global education industry. The country having more than 36,000 higher education institutes is one of the largest higher education systems in the world. But it has been mentioned in the Economic Survey of India 2015-16 that there is a declining trend in the percentage of enrolment in Government schools in rural areas. In 2007, enrolment was 72.9 percent which got reduced to 63.1 percent in 2014. Keeping this statistics in mind it is necessary to strengthen the Sarva Shiksha Abhiyan by allocating a good amount of funds to have more enrolment in primary schools. But the Department of School Education and Literacy has got an allocation of Rs. 43,554 crore in this Budget as compared to Rs. 42,186 crore as per the revised estimates for 2015-16. And, in respect of Sarva Shiksha Yojana, only 2.27 % increase has taken place. In this budget, only Rs. 2320 crores has been granted on this head. So, how can you manage with this amount to address both the point, i.e. the decline in enrolment in government schools and improvement in quality of primary education? So it is high time we should utilize the potential of our education system to maximum level.

Further, I would like to state that we are lagging behind in Human Development Index as per the report of United Nations in 2015. So, allocation for education is inadequate if we take the report of the United Nations Human Development Report, 2015 into consideration. We have put ourselves at 130th position among 188 nations listed in United Nations Human Development Index. In this budget, allocation for creation of a Higher Education Funding Agency is

only Rs. 1,000 crore. Question comes to my mind that currently the outstanding educational loan is around Rs. 50,000 crore. Then how the purpose of Higher Education Funding Agency could meet the expectation only with the fund of Rs. 1,000 crore. The Government could have thought of allocating more to this Funding Agency just to address the problems faced by the poor students pursuing higher education.

In regard to initiative of Government to improve quality of primary education, I am of the view that we launched Right to Education Act, 2009 with number of hopes and expectations, but I apprehend that we are gradually losing the direction of the same Act because of half-hearted implementation and execution. Further, it is also my query that in respect of how many schools or institutions, the proposals is going to be applied. If at all it is applicable for all the schools and institutions, then it is the time to think over whether the allocation for purpose in the Budget is appropriate or not. So, I would like to urge upon the Government to do the needful with heart only if it is truly thinking to do some improvement in the quality of education. I appreciate the announcement of the Minister regarding the move for digital literacy combined with the promise of 100 per cent electrification in order to provide knowledge dissemination efforts to approximately six crores of people in rural as well as sub-urban areas of the country, which could directly or indirectly help the goal of education. It is absolutely a good idea but again I doubt on mechanism of implementation and appropriate execution.

I would like to state further that as per the Report of Global Competitiveness, 2015 published in Economic Survey 2015-16, our country's capacity for innovation has been lower than that of many countries. Even in the quality of scientific research institutions, we score lower than China and South Africa. And it is also seen that we are scoring poorly on University and Industry collaboration on Research and Development as compared to BRICS countries. Hence, I request the Government to take suitable measures for maximum benefits

out of the schemes they intend to put on the board to develop primary and higher education system. So, I feel, we need to focus upon our education system more, if we want to fulfill the clarion call of Prime Minister, 'Start up India', 'Stand up India', 'Ek Bharat Srestha Bharat', etc.

As a physician, I would like to emphasize upon the Health Sector of our country. In the Health Sector, the Government in this Budget has proposed to implement various projects like three thousand stores under Prime Minister's Jan Aushadhi Yojana which will be opened in 2016-17. The 'National Dialysis Service Programme' is to be started under National Health Mission through Public and Private Partnership mode. I would like to state here that the PPP programme focused specially on dialysis, the Government has recognized the financial burden and inaccessibility related to non-communicable diseases. However, solution to the challenges faced by a large section of the population related to the absence of preventive care and increasing financial burden while accessing healthcare for diseases, such as diabetes and oncology, is not clearly indicated in this Budget. Hence, in this regard, I want to know from the Government whether they are going to implement PPP mode of investment in all the areas of Health Sector or stuck only to areas mentioned in the Budget.

In this respect, I would like to focus upon the budgetary allocation of Rs.19000 crore towards National Health Mission and Rs.2450 crore towards Pradhan Mantri Swasthya Suraksha Yojana and only Rs.470 crore towards Rashtriya Swasthya Suraksha Yojana. I am aggrieved at the inadequate allocation towards the Health Sector because the Health Sector is one of the important sectors in which there should be enough facilities to address the problems of public health, clinical health and health insurance. I want to mention why the recent scenario relating to health in our country is a challenging task. As you know, because of growing population, rise in non-communicable diseases, changing demographics and increasing healthcare awareness, we are lagging far behind to provide health oriented needs to our people. You see the number of

healthcare professionals and infrastructure facilities in Hospitals especially in rural areas is not adequate to address the growing population and a number of diseases of the country. It is a matter of the fact that the country shares about 20 per cent of the burden of global diseases. But, in terms of global infrastructure share, India has only 6 per cent beds and 8 per cent doctors, which is not sufficient to address the prevailing healthcare needs. So, we need right policy framework and appropriate infrastructure development. The BJP Government in its election manifesto had emphasized on modernization of Government hospitals along with upgradation of infrastructure and latest technologies. But, till the date, it has remained as a day dream. So, I urge upon the Government to take care of this sector. One more important thing I want to focus upon is the allocation in respect of scheme for Child Development which is under-resourced in this Budget 2016-17. The Budget does not offer much solace with the allocation for Integrated Child Protection Scheme (ICPS) which is down by 1.3%. The Integrated Child Protection Scheme has been allocated only Rs. 397 crore in 2016-17 compared to the allocation of Rs. 402.23 crore in the 2015-16 Budget. So in the scenario of increase in crimes against children, the lack of attention to child protection is very discouraging.

In respect of my State Odisha, I would like to state that allocation for agriculture, drinking water and sanitation, housing and urban development livelihood improvement programmes and road infrastructure sectors, etc. has been increased. But, it is not adequate to address the problems since Odisha is a poor state and is always affected by natural calamities which directly or indirectly affect every aspect of the State thereby putting adverse impact on its economy. So, I request the Government to think over the issues of my State and take necessary steps in this regard.

The allocation for Tribal Welfare has also been stagnant in respect of my State over a period of time. In Odisha, around 22% of its population are tribals and most of them are yet to be exposed to the outer world and mainstream society.

So, it is necessary to bring them in the path of Development in order to fulfill the call of the Prime Minister, 'Sabka Saath, Sabka Vikas'. So, I request the Government to allocate more funds in this area to my State for Tribal Development.

I also urge upon the Government to expedite implementation of Sagarmala Project and develop the Paradip Port region in my Parliamentary Constituency, Jagatsinghpur in Odisha.

16.00 hours

श्री राघव लखनपाल (सहारनपुर) : सभापति महोदय, मैं आम बजट, 2016-17 के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। इस देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लालबहादूर शास्त्री जी ने 50 वर्ष पूर्व कहा था कि आर्थिक मुद्दे हमारे लिए सबसे जरूरी हैं। यह बेहद महत्वपूर्ण है कि हम अपने सबसे बड़े दुश्मन, गरीबी और बेरोजगारी से लड़ें। आज 50 वर्षों बाद आदरणीय प्रधानमंत्री श्रीमान् नरेन्द्र मोदी और भारत के वित्तमंत्री आदरणीय अरुण जेटली जी के प्रयासों से ये वाक्य सत्य का रूप धारण करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जब से एनडीए की सरकार आयी है, बजट केवल बजट न रह कर, एक रिफॉर्म डाक्यूमेंट के रूप में देश के सामने आया है। एक ऐसा डॉक्यूमेंट जो आर्थिक सुधारों की नींव रखने वाला हो। यदि हम बजट, 2016-2017 की भी बात करें तो जिस प्रकार से यह किसान, गरीब और विकास हितैषी बजट है, जिस प्रकार के साहसी कदम इस बजट में उठाये गये हैं, उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाये, वह कम है। मुझे आश्चर्य होता है कि जब ऐसे विजनरी और पाथ ब्रेकिंग बजट को लेकर कुछ माननीय सदस्य प्रश्न चिन्ह उठाते हैं। जिन लोगों ने 60 वर्षों तक इस देश के बजट को बिगाड़ा, आज वे सवाल पूछ रहे हैं, वे प्रश्न पूछ रहे हैं कि

"दुःख देकर सवाल करते हो
तुम भी ग़ालिब कमाल करते हो
देखकर पूछ लिया हाल मेरा
चलो कुछ तो ख्याल करते हो

शहर-ए दिल में उदासियां कैसी
ये भी मुझसे सवाल करते हो
अब किस-किसकी मिसाल दूं मैं तुमको
हर सितम बेमिसाल करते हो।"

16.01 hours (Shri Pralhad Joshi *in the Chair*)

Mr. Chairman, Sir, as the hon. Finance Minister very rightly said about the previous year's Budget that we have spent more, we have earned more and we have maintained the quality of fiscal deficit. This is the essence of this particular Budget. This is the essence of what our Government is striving to do. The quality of fiscal deficit can be achieved in either of two ways -- either you spend less or you earn more.

The previous Government, in order to maintain the fiscal deficit, used to spend less, used to resort to major cost cutting in very important schemes, and which is why we have this state of affairs in our country today.

Sir, our hon. Finance Minister has resolved to reduce the fiscal deficit to 3.5 per cent, which I feel, is indeed a very, very bold step. We should be unified in applauding the hon. Finance Minister for this extremely brilliant Budget. We have not compromised on our spending; we have not compromised on making any cuts. On the contrary, there has been a 15.3 per cent increase in public investment. Given the additional responsibility of adhering to the One Rank One Pension commitment as also the commitment to the 7th Pay Commission Recommendations, I would like to congratulate the hon. Finance Minister for giving us such a stupendous Budget.

Mr. Chairman, Sir, the fiscal mood has been kept upbeat. We know that the global economy is suffering and struggling. If we talk about the USA, if we talk about the European countries; and if we talk about Japan, we know that they are experiencing low growth. If we talk about China, they are also struggling with debt and economic slowdown. Whereas our country, with the previous Budget and with this particular Budget, has resorted to macro stability and would, indeed, stand out amongst the emerging markets in the time to come.

Mr. Chairman, Sir, there is something for everyone in this Budget. चाहे गरीब हो, चाहे किसान हो, चाहे युवा हो, चाहे महिला, चाहे उद्यमी हो, चाहे व्यपारी हो, चाहे दलित हो, चाहे पिछड़ा हो, या किसी भी वर्ग का कोई भी व्यक्ति हो, हमारी सरकार ने प्रयास किया है कि हर व्यक्ति की आंख का आंसू हम पोछें।

मैं आंकड़ों में नहीं जाना चाहता।..(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Please conclude.

SHRI RAGHAV LAKHANPAL: Give me two more minutes.

माननीय सभापति : कृपया एक मिनट में कनक्लूड कीजिए।

...(व्यवधान)

SHRI RAGHAV LAKHANPAL : So, I do not want to get into those figures. Our Government has focused on rural development; on providing electricity to every household; on giving the largest budget for MNREGA; on concentrating on the rural sector; on concentrating and on pushing entrepreneurial activity by its various schemes; and then when someone says this is a political Budget, I say if good economics is equal to good politics, then so be it. Then, let it be a political Budget. But you are trying to politicize everything. This is not the right way to go about the things. There is a humane effect to this Budget. Is it not right to provide LPG to five crore households? Is it not right to set up the National Dialysis Service Programme? Is it not right to have a health protection scheme? The problem with the previous Government was that the UPA ideas never permeated into actual policy and the main difference between the previous Government and our Government is execution. क्रियान्वयन - केवल योजनाएं नहीं बनाते, योजनाओं को धरातल पर लाकर एक टाइम लाइन सैट कर योजनाओं को पूरा करके जनता को लाभ देने का काम हमारी सरकार कर रही है। यह हमारा राष्ट्र धर्म है। I just want to add by saying that all the promises that our hon. Prime Minister and the hon. Finance Minister made have been fulfilled. I will conclude by just saying that a leader takes people where they want to go. A great leader takes people not necessarily where they want to go but where they ought to be and the greatest leader in this world, our Prime Minister, hon. Shri Narendra Modi Ji is taking us where we want to be and also where we ought to be.

With that, I conclude my speech and I strongly support the Budget 2016-17, while demanding more facilities for my constituency, Saharanpur, which has already been given doubling of railway lines. I request that in the years to come, a Central University is set up and also an AIIMS facility is set up.

16.06 hours

SUBMISSION BY MEMBER....Contd.

Re : Immediate intervention and assistance to farmers affected by unseasonal rains and hailstorms in entire north India

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT, MINISTER OF HOUSING AND URBAN POVERTY ALLEVIATION AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI M. VENKAIAH NAIDU): Panel Chairman Sir, in the morning, there was a mention about hailstorm and untimely rains in the northern parts of India. It will take time to collect all the details. The hon. Agriculture Minister has come to the House now. He will just briefly inform us about the position.

कृषि और किसान कल्याण मंत्री (श्री राधा मोहन सिंह) : महोदय, मौसम विभाग ने 8 मार्च, 2016 को पूर्वानुमान किया था कि एक सघन पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम एवं मध्य भारत को प्रभावित करेगा। उसके बाद 9 मार्च को एक प्रैस विज्ञप्ति भी जारी की गई थी जिसमें उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में वर्षा, तेज हवा और ओला वृष्टि का पूर्वानुमान किया गया था। उसकी अवधि 11 से 13 मार्च तक बताई गई थी। मध्य एवं मध्य के साथ पूर्व भारत की अवधि 12 से 14 मार्च बताई गई थी। उस विक्षोभ के कारण क्षेत्रीय मौसम कार्यालय के द्वारा सूचना आई कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और मध्य प्रदेश में तेज वर्षा और तेज हवा के साथ कहीं-कहीं ओला वृष्टि भी हुई है। क्षेत्र कितना प्रभावित हुआ, यह मौसम विभाग के दायरे में नहीं आता। वह इसकी जानकारी नहीं दे सकता। लेकिन जब आज सुबह यहां बात आई, उसके बाद वैंकैय्या जी ने मुझे बताया। कल मैं भी उत्तर प्रदेश में था। संबंधित सभी राज्यों के कृषि मंत्रियों या अधिकारियों, मेरी चार राज्यों के कृषि मंत्रियों से बात हुई है, बाकी जगह अधिकारियों से बात हुई है। मध्य प्रदेश ने बताया कि 264 गांवों में ओले गिरने से नुकसान हुआ है।...(व्यवधान)

श्री गणेश सिंह (सतना) : कल रात और हुआ।...(व्यवधान)

श्री राधा मोहन सिंह : रात वाला छोड़कर बताया होगा, मुझे नहीं पता। आज बताया कि 264 गांवों में ओले गिरने से नुकसान हुआ है। लेकिन इतना बड़ा राज्य होता है तो स्वाभाविक है कि एक-आध दिन का समय लगेगा। एरिया की जानकारी के बारे में बताया गया है कि तीन-चार दिन के बाद बता पाएंगे। इसी तरह हमारी बात राजस्थान के कृषि मंत्री से हुई। पंजाब के कृषि मंत्री, उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री इन लोगों ने बताया कि तीन-चार दिन में हम रिपोर्ट देंगे। जहां तक दिल्ली सरकार का सवाल है ज्यादा समाचार दिल्ली

में देखने को मिला है। एनडीआरएफ के अंदर यूनियन टेरिटरी को कभी भी सहायता नहीं दी गई है, एनडीआरएफ में यूनियन टेरिटरी नहीं आता था। आज तक किसी भी राज्य को राष्ट्रीय आपदा कोष से कोई सहायता नहीं गई थी। हम गृह मंत्री जी और प्रधानमंत्री जी को बधाई देंगे कि इन्होंने यूनियन टेरिटरी के आपदा कोष की स्थापना कर दी। हमारी गृह मंत्री जी से बात हुई है और हमने सारे नार्म्स भी भेजे हैं दिल्ली के अंदर जो नुकसान हुआ है उसका विवरण और ज्ञापन दें। यहां कि सरकार को भी भारत सरकार मदद करेगी। हम प्रतीक्षा में हैं और लगातार संपर्क में हैं कि राज्यों से विवरण आ जाए कि किस इलाके में कितना नुकसान हुआ है। हमारी टीम तैयार बैठी है ज्योंही हमें विवरण मिलेगा, तुरंत हमारी टीम जाएगी और जो भी राज्यों को सहायता चाहिए वह उपलब्ध कराई जाएगी।

16.13 hours

GENERAL BUDGET (2016-17)– GENERAL DISCUSSION DEMANDS FOR GRANTS ON ACCOUNT (GENERAL), 2016-17 DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (GENERAL), 2015-16 –Contd.

श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ) : सभापति महोदय, मैं सत्ता पक्ष के तमाम माननीय सदस्यों का भाषण सुन रहा था। इस कदर भाषण किया जा रहा था कि पूरे देश की अर्थव्यवस्था में खुशहाली आ गई है और कोई भी तरक्की और विकास की ऐसी योजना नहीं बची है जिसे इस सरकार ने बजट के द्वारा लागू न कर दिया हो। आंकड़ों की बाजीगरी बड़ी अजीबोगरीब है। किसानों के हित के लिए और किसानों के कल्याण के लिए योजना चालू की गई, कृषि बीमा योजना से लेकर बहुत सारी बातें की गईं। माननीय कृषि मंत्री जी आपके ही विभाग का आकलन है कि देश में कृषि बीमा के लिए तकरीबन कम से कम देश 18,000 करोड़ रुपये की आवश्यकता है लेकिन आपने मात्र 5000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। आप खुद अंदाजा लगा सकते हैं कि कितने फीसदी किसानों का बीमा करेंगे और किन्हें छोड़ेंगे? आपने कहा है कि अगले पांच सालों में किसानों की आमदनी दोगुनी कर देंगे। हम भी किसान के बेटे हैं। हमारे पिता जी भी किसान हैं। मंत्री जी, आप बाद में जवाब दे दीजिएगा।

माननीय सभापति : स्टेट के बारे में क्लेरिफाई करना चाहते हैं।

कृषि और किसान कल्याण मंत्री (श्री राधा मोहन सिंह) : महोदय, पहले की सरकार का सवाल है, बजट एलोकेशन जो भी होता हो, जितना किसान बीमा करता था उसका भुगतान कराता था यह ऑन डिमांड होगा। यह एक सामान्य प्रावधान है। देश में जितने किसान बीमा कराए इस अभियान में लगे हुए हैं कि अभी तक 20% किसान बीमा कराते हैं, हमारा अभियान है कि 100% किसान बीमा कराए। राज्य के खजाने में इसके लिए कमी नहीं है और राज्य की ओर से पूरी सहायता दी जाएगी।

श्री धर्मेन्द्र यादव : सभापति महोदय, आप भारत सरकार के मंत्री हैं हम आपकी बात को काटना नहीं चाहते। यही बात एक साल पहले अप्रैल-मई में जब ओले पड़े थे उस समय भी तमाम बातें हुई थीं। उत्तर प्रदेश ने उस समय साढ़े सात हजार करोड़ रुपये की मांग की थी लेकिन आपने मात्र 2800 करोड़ रुपये दिया था। मंत्री जी इस बात को स्वीकार कीजिए। आपने कहा कि अगले पांच सालों में किसानों की आमदनी को दोगुनी कर देंगे। मुझे माननीय मंत्री जी बता दीजिए, मैं भी किसान का बेटा हूं, खेती करता हूं, बिना समर्थन मूल्य बढ़ाए यह कैसे होगा? जब फसलों की लागत से ज्यादा समर्थन मूल्य नहीं देंगे तो आपके पास कौन

सी ऐसी जादू की छड़ी है जिससे आप किसानों की आमदनी दोगुनी कर देंगे। इस बात का जवाब माननीय कृषि मंत्री जी या माननीय वित्त मंत्री जी जो भी जवाब देना चाहें, दें। कृषि विभाग के बजट को भी बढ़ाने की बात की गई है। मैं आपके आंकड़ों की बाजीगरी से पूरी तरह असहमत हूं। आपने कृषि विभाग का बजट 35, 000 करोड़ रुपये दिखाया है जिसमें 15,100 करोड़ क्रेडिट का बजट है जो कि पहले के जितने भी बजट पेश हुए उन बजटों में वित्तीय संस्थाओं को पैसा जाता था कृषि मंत्रालय के बजट में इसको शामिल नहीं किया गया था। उसे बढ़ाकर आप आंकडों की जादूगरी करने का प्रयास कर रहे हैं। जहां तक किसानों के समर्थन मूल्य का सवाल है, तो मैं कहना चाहता हूं कि माननीय मंत्री जी यह आपका तीसरा बजट है। आप अपने कार्यकाल में दो बजट और पेश करेंगे। आपने अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा था कि हम किसानों का समर्थन मूल्य डेढ़ गुना करेंगे। अब यह कैसे करेंगे, इसका हम जवाब आपसे जरूर चाहते हैं।

आपने कृषि सिंचाई योजना की बहुत तारीफ की। मैं समझता हूं कि सत्ता पक्ष के जितने भी वक्ता बोलें, उन्होंने इस बारे में कहा। आपने इसमें 5717 करोड़ रुपये का प्रावधान किया। मैं इस सदन में फख्र के साथ कहना चाहता हूं कि अकेले उत्तर प्रदेश में सिंचाई विभाग का बजट 12,800 करोड़ रुपये का है, जबकि यह योजना पूरे देश के लिए है। ...(व्यवधान) हमने चार साल जो किया, वह प्रदेश की जनता के सामने है। ...(व्यवधान) हम एक-एक करके बात करेंगे। ...(व्यवधान) केवल 5717 करोड़ रुपये देकर आप ऐसी बात कर रहे हैं, जैसे पूरा परिवर्तन आ गया। यहां बुन्देलखंड के बारे में तमाम साथियों ने चर्चा की। आप बता दीजिए कि क्या बुन्देलखंड की सूखे की समस्या में 5717 करोड़ रुपये से कोई बड़ा परिवर्तन आने वाला है? क्या माननीय मंत्री जी आपको इस बात का अंदाजा नहीं है? क्या आपके पास जीपीआर से लेकर तमाम योजनाएं नहीं जातीं? आपको इस बात का अहसास होना चाहिए।

सभापति महोदय, हम वीकर सैक्शन की बात करना चाहते हैं। आपने खाद सुरक्षा में सब्सिडी घटा दी। आपने उर्वरक में सब्सिडी घटा दी। गरीबों के लिए इस तरह की जो तमाम योजनाएं थीं, उन सबमें आपने सब्सिडी घटाने का काम किया है। इस तरह से मैं कह सकता हूं कि इस बजट में कुछ भी खास नहीं है। इस बजट को मैं आंकड़ों की जादूगरी या आंकड़ों की बाजीगरी जरूर कह सकता हूं। जहां तक बहुत सारी योजनाओं का सवाल है, तो मैं आपसे आज गरीब लोगों की तरफ से अपील करना चाहता हूं कि आप इंदिरा आवास योजना में केवल 70 हजार रुपये दे रहे हैं। मैं बड़ी जिम्मेदारी के साथ कह सकता हूं कि 70 हजार रुपये में कोई भी आवास तैयार नहीं हो सकता। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने लोहिया आवास के नाम से 3 लाख 5 पांच हजार रुपये का प्रावधान किया है। हम चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार की बराबरी आप इस चीज में कीजिए। ...(व्यवधान) गरीबों की जो सेवाए हैं ...(व्यवधान) उत्तर प्रदेश के

बहुत सारे साथी यहां हैं। 3 लाख 5 हजार रुपये का प्रावधान किया गया है। ...(व्यवधान) मै दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं।

माननीय सभापति : आप अपनी बात एक मिनट में समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र यादव : अभी तो हमने शुरू ही किया है। आप इनता अन्याय मत कीजिए। आप इतना बड़ा बजट पास करा रहे हैं, हमें बोलने के लिए थोड़ा समय और दे दें। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Hon. Minister's reply is scheduled at 6 o'clock. Still we have a list of 25 Members, who want to participate. Therefore, I request you to conclude your speech.

श्री धर्मेन्द्र यादव: इसके साथ-साथ भारत सरकार पहले केन्द्रीय योजनाओं में 90 फीसदी अंश देती थी और 10 फीसदी राज्य सरकारें देती थीं। उसे आपने घटा दिया। अब 60 फीसदी केन्द्र सरकार देगी और 40 फीसदी राज्य सरकार देंगी। मैं वित्त मंत्री जी को अहसास कराना चाहता हूं कि जितनी भी योजनाएं चल रही हैं, उनमें एक भी योजना प्रदेश सरकार अपने स्तर से पूरी नहीं कर पायेगी। जितनी चालू योजनाएं हैं, वे सभी योजनाएं पूरी तरह से ठप्प हो जायेंगी। अब इस सरकार ने सांसद आदर्श ग्राम का बहुत प्रचार किया। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय, इस समस्या से आप भी जूझ रहे हैं और हम भी जूझ रहे हैं। सांसद आदर्श ग्राम के लिए आपने बजट में एक रुपये का भी प्रावधान नहीं किया, जबकि आप सांसद आदर्श ग्राम बनाने की बात कर रहे हैं, दूसरे गांव की भी चर्चा कर रहे हैं। इस तरह से देश के सामने तमाम ऐसी समस्याएं हैं, जो इस बजट में आनी चाहिए। अब जीएसटी बिल पास नहीं हुआ, लेकिन आपने सर्विस टैक्स बढ़ा दिया। तमाम ज्वैलर्स और व्यापारियों का आंदोलन आपके सामने है। आज देश के सामने इस तरह से बहुत सारी समस्याए हैं। मैं सत्ता पक्ष के सांसदों से अपील करूंगा कि वे देश को ऐसे ख्वाब नहीं दिखाइये। एक बार पहले भी आपने शाइनिंग इंडिया कहा था, इसलिए आप उस तरह के सपने दिखाने का प्रयास मत कीजिए। उस समय का परिणाम भी आपके सामने है। यदि आप अभी भी संभल कर नहीं चलेंगे, तो आने वाले परिणाम भी आपके सामने होंगे। इसलिए एक बार फिर मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि आप पहले सर्विस टैक्स हटाएं और किसान का समर्थन मूल्य डेढ़ गुना करें।

सभापति महोदय, मैं इस उम्मीद के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं कि माननीय कृषि मंत्री और वित्त मंत्री जी इन चीजों पर ध्यान देंगे। अगर वे ध्यान नहीं देंगे तो देश की जनता इसका जवाब देगी। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री राधा मोहन सिंह : माननीय सदस्य सिंचाई का अच्छा विषय लाए हैं। यह बहुत अच्छा विषय है। आपने सही कहा कि इसका बजट मात्र 5700 करोड़ रुपए है। लेकिन आप इसे पूरा देखें, इसमें लिखा है कि 20,000 करोड़ का नाबार्ड द्वारा सिंचाई के लिए कॉर्प्स फंड बनाया गया है।

इसी में आगे लिखा है कि देश के अंदर 89 बड़ी परियोजनाएं 15-20 साल से लंबित हैं। इसमें से 23 परियोजनाओं को इसी वर्ष पूरा करने के लिए बजट में 12,751 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। जहां तक राज्य की सहायता की बात है, एनडीआरएफ के बारे में अपने चर्चा की है, आपको स्मरण होगा कि 2009-2010 में भी पूरे देश में और यूपी में बहुत सूखा हुआ था। उस समय आपने 12,000 करोड़ रुपया मांगा था और 515 करोड़ रुपए मिले थे। हम आए हैं तो नार्म्स बदले हैं। 7,500 करोड़ रुपए मांगे थे और हमने 2,800 करोड़ रुपया दिया। आप देखिए कि कितना अंतर है। 2015-2016 में आपने 2,057 करोड़ रुपए मांगे थे हमने 1,300 करोड़ रुपए दिए हैं। कितना बड़ा अंतर है, 12,000 करोड़ रुपए में सिर्फ 500 करोड़ रुपए यानी इस तरह से नॉर्म्स बदले हैं, ज्यादा सहायता की है।

तीसरी बात है, आपकी सरकार ने 12,000 करोड़ रुपए का बजट बनाया है, अच्छी बात है। लेकिन हम 60 प्रतिशत शेयर देते हैं। स्वाभाविक है कि सभी राज्यों का मिला दें और यदि सभी राज्य पैसा मिलाते हैं तो भी पैसा कहां से जाता है, या तो राज्य के रिसोर्सिस से होंगे या नहीं होंगे। मैं आपके ध्यान में एक बात लाकर अपनी बात समाप्त करूंगा कि केंद्रीय करों में जो हिस्सेदारी होती है, उसके बारे में वित्त मंत्री जी अच्छी तरह बताएंगे। केंद्रीय करों में 2013-2014 में आपके राज्य को 63,000 करोड़ रुपया मिला था। इस वर्ष 99,165 करोड़ रुपया मिला है, यह पैसा इसी काम के लिए है। राज्यों को अंशदान देने में भारी बढ़ोतरी हुई है।

श्री धर्मेन्द्र यादव : माननीय सभापति जी, मैं कुछ बोलना चाहता हूं।

HON. CHAIRPERSON: No.

Only Shri Chandulal Sahu's speech will go on record.

… (*Interruptions*)… *

* Not recorded.

*__श्री रामसिंह राठवा (छोटा उदयपुर):__ मैं प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी का आभारी हूँ, जिन्होंने देश के विकास से संबंधित 2016-17 का बजट पेश किया। मैं माननीय मंत्री जी से कुछ जरूरी सुझावों को मानने के लिए अनुरोध करता हूँ। माननीय मंत्री जी ने धारा 80 टी.टी.ए. के अंतर्गत छोटी आय पाने वाले लोगों के लिए ब्याज की सीमा 10,000 रूपए बरकरार रखी है। मेरा मंत्री से निवेदन है कि यह सीमा बढ़ाकर 20,000 रूपए कर दी जाये। बजट में चिकित्सा हेतु 80 डी. के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए 30,000 रूपए और अन्य नागरिकों के लिए 25,000 रूपए की सीमा तय की गई है। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि यह सीमा वरिष्ठ नागरिकों के लिए 30,000 से बढ़ाकर 50,000 रूपए की जाये तथा आम नागरिकों के लिए यह सीमा 25,000 से बढ़ाकर 30,000 रूपए तक की जाये, क्योंकि आजकल चिकित्सा पर बहुत अधिक खर्च आता है। आयकर की धारा 10 के तहत आम नागरिकों को 1800 रूपए प्रति माह यात्रा भत्ता देने की व्यवस्था की गई है, जो पहले 990 रूपये थी। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि यात्रा भत्ता 1,800 रूपए बहुत कम है। कृपया इसको बढ़ाकर 2,500 रूपए किया जाये।

धारा 44 एडी के तहत यदि एक करदाता की आय एक करोड़ रूपए है तो उसे अपने कारोबार का 8 प्रतिशत आयकर का भुगतान करना होगा। इसी धारा में व्यापारी के लिए यह सीमा 2 करोड़ रूपए तक कर दी गई है। माननीय, सलाहकार और वकील पेशा के लोग इस धारा से वंचित रखे गये हैं, जिससे उनको अपना लेखा-परीक्षा कराना पड़ता है और अपने खातों का पालन करना पड़ता है। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि वह कानूनी, चिकित्सा, तकनीकी परामर्श, अभियांत्रिकी और सलाहकारों को भी इस धारा में लेकर 2 करोड़ रूपए तक केवल 8 प्रतिशत आयकर की राशि के दायरे में लाया जाए। इससे मध्यम वर्ग के नागरिकों को लाभ होगा।

* Speech was laid on the Table.

*SHRI ANURAG SINGH THAKUR (HAMIRPUR): Respected Speaker Madam, I could not get opportunity to speak on General Budget, kindly allow me to associate with Nand Kumar Singh Chauhan. I would further like to say that this Budget is dedicated for "Rural India"ग्रामीण भारत" । इस बजट में युवा, महिला, विशेा तौर पर किसान एवं मजदूर का ध्यान रखा गया है ।

Increase of 94% for farmer and agriculture sector from 22928 crore to 44,485 crore is the highest ever Budget of 38,500 crore for MGNREGA, 19,000 crore for PMGSY, 20,000 for National Rural Health Mission, 97,000 crore for roads, 1,02,000 crore for rail network. New opportunities for employment and entrepreneurs. Start up India and Stand up India are good examples of this.

One Rank One Pension for ex-serviceman is a welcome step which was pending for the last three decades. We could see positive response from all corners and everyone appreciated the General Budget.

* Speech was laid on the Table.

HON. CHAIRPERSON : Shri Chandulal Sahu.

श्री चंदूलाल साहू (महासमन्द) : माननीय सभापति जी, यह बजट सर्वश्रेष्ठ बजट है। यह बजट इसलिए सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि यह किसानों, गांवों और गरीबों के लिए बनाया गया है। इस बजट में कृषि कल्याण के लिए अच्छी व्यवस्था करके सभी किसानों के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना लागू की गई है। इस योजना के लिए सरकार की तरफ 38,984 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। किसानों के बारे में कहा जाता है कि किसान ऋण में पैदा होता है, ऋण में पलता है और ऋण में मर जाता है। इस समस्या को दूर करने, किसानों को सहूलियत देने और किसानों का उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषि सिंचाई योजना स्वागत योग्य है। मेरे गरियाबंद जिले में बहुत सिंचाई योजनाएं जो लंबित हैं, वे सब इस योजना में पूर्ण हो जाएंगी और किसान खुशहाल होगा। इस बजट में प्रावधान किया गया है कि वर्ष 2022 में किसानों की आय दुगनी हो जाएगी। यह सब किसानों के लिए राहत देने वाला बजट है।

किसानों के संबंध में यह कहा जाता है कि वास्तव में किसान का बेटा किसानी नहीं करना चाहता। इस भ्रम को तोड़कर इस बजट में किसानों को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है। इसलिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी और माननीय प्रधान मंत्री जी का बहुत बहुत धन्यवाद करना चाहता हूं। इसके साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि जो छोटे-छोटे दुकानदार और व्यवसायी हैं, वे साहूकार और महाजन के चंगुल में फंस जाते हैं। उनसे निजात पाने के लिए प्रधान मंत्री मुद्रा बैंक योजना लागू की गई है। इसके अन्तर्गत छोटे-छोटे व्यवसायी हैं, जो अपने हिसाब से उनसे कर्जा लेकर एक अच्छा व्यवसाय संचालित कर सकते हैं। इस हिसाब से लगभग 5 करोड़ लोग इससे लाभान्वित होंगे और इसलिए बजट का प्रावधान किया गया है।

फसल बीमा योजना जो अभी तक किसानों के लिए लागू की जाती थी। किसान जो लोन लेते थे, उनका बीमा होता था, लेकिन बीमा राशि प्राप्त नहीं होती थी। इस बजट में जो खरीफ और रबी की फसल है, उसके लिए डेढ़ प्रतिशत और दो प्रतिशत की व्यवस्था करके जो 20 प्रतिशत लोगों का बीमा होता था, उसे सौ प्रतिशत किया गया है। निश्चित रूप से इससे किसानों की अर्थ व्यवस्था में सुधार होगा। किसान जब अच्छा उत्पादन करेंगे, तभी हमारे देश की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

इसके साथ साथ जो गरीब बैंक के बारे में नहीं जानते हैं, उनके लिए प्रधान मंत्री जन धन योजना लागू करके, निशुल्क ज़ीरो में जो खाता खुलवाने की व्यवस्था की गई है, इससे लोगों में एक जागरूकता आई है। लोगों का बैंक के प्रति विश्वास बढ़ा है। बैंक से संबंध जुड़े हैं और इस प्रकार से प्रधान मंत्री जन धन योजना के अन्तर्गत खाता खुलवाकर जो अतिरिक्त पैसा बचता है, उसमें जमा करने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ साथ किसानों के लिए सॉयल हैल्थ कार्ड की व्यवस्था की गई है। किसान परम्परागत खेती करते हैं। जो खाद पड़ौस में किसान डालते हैं, उसको देखकर उतनी खाद वे डाल देते हैं जबकि

उनको यह नहीं मालूम कि मेरी भूमि की उर्वरक क्षमता क्या है? मेरी भूमि में कितनी मात्रा में कौन सी खाद डालनी चाहिए। यह अभी तक उनको नहीं मालूम था लेकिन यह इस कार्ड के माध्यम से हर किसान को पता चलेगा कि उसे कितनी खाद डालनी है। इसलिए इस कार्ड की योजना से किसानों को बहुत फायदा होगा।

इसके साथ साथ लोगों से मैं चर्चा करता था कि बजट में क्या जोड़ा जाए तो लोग कहते थे कि जिस प्रकार से नगरीय क्षेत्र में शासन से पैसा दिया जाता है, गांवों के विकास के लिए रेल भवन के लिए पैसा दिया जाता है लेकिन जो महात्मा गांधी जी की भावना थी कि ग्रामीण व्यवस्था को सशक्त किया जाए, उनको भी एक वित्तीय पॉवर दी जाए। मैं कहना चाहता हूं कि इस बजट के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत को 80 लाख रुपये देकर एक व्यवस्था दी गई है कि ग्राम पंचायत के सरपंच और गांव के मुखिया के बीच में बैठकर गांवों की जो मूलभूत समस्या और आवश्यकता है, उसका समाधान कर सकें।

इसके साथ ही मैं अपने क्षेत्र से संबंधित भी कुछ बातों का जिक्र करना चाहूंगा।

माननीय सभापति : एक मिनट में अपने क्षेत्र के बारे में बताकर अपनी बात को समाप्त करिए।

श्री चंदूलाल साहू : सर, मेरे क्षेत्र में सिंचाई की बहुत सारी लम्बित व्यवस्था है जो वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के द्वारा अनुमति नहीं मिलने के कारण लम्बित है। महासमुद्र के जो 12 बांध लम्बित हैं, उनको पूर्ण कराया जाए। इसके साथ साथ केन्द्र सरकार संचालित जो केन्द्रीय विद्यालय हैं, उस विद्यालय में अनुशंसा के लिए बहुत से परिवार हमारे पास आते हैं। मैं चाहता हूं कि शासन की तरफ से जो पैसा राज्य सरकार को दिया जाता है और राज्य सरकार द्वारा जो संचालित स्कूल हैं, उन स्कूलों की व्यवस्था भी अच्छे से की जाएं और उसमें यातायात के जो नियम हैं, उन नियमों को भी पढ़ाया जाए क्योंकि अधिकांश विद्यार्थियों को यातायात के नियम नहीं मालूम होने के कारण ही दुर्घटनाएं होती हैं। इसलिए इसको भी सम्मिलित किया जाए ताकि लोग शुरु से ही जान जाएं कि यातायात में हमें किस प्रकार से सावधानी बरतनी है। धन्यवाद।

*__श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल):__ माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा वर्ष 2016-17 का बजट 29 फरवरी को सदन में प्रस्तुत किया गया और हर साल की भांति इस साल भी बजट पर लोगों ने अपनी-अपनी राय दी है और हमें इस बात का भी पता है कि हर इंसान को बजट को लेकर एक खास उम्मीद होती है। सरकार द्वारा जनता को क्या-क्या और किस तरह की राहत मिलेगी और टैक्स का नया स्लैब क्या होगा, जनता इन सब बातों के लिए बजट को ध्यानपूर्वक सुना करती है।

मैं जानता हूँ कि सरकार की कोशिश होती है कि बजट से जनता पर अतिरिक्त बोझ न पड़े, लेकिन इसके बावजूद सरकार को कुछ कठोर निर्णय लेने पड़ते हैं और यह बजट कुछ ऐसा ही प्रतीत होता है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा लाई गई योजना है और इसके माध्यम से गांव को सड़कों से जोड़ने का काम किया जा रहा है और सरकार ने इस बजट में इस योजना के लिए 19 हज़ार करोड़ रूपए वित्त वर्ष 2016-17 के लिए आवंटित करने का प्रावधान किया है, लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि क्या यह आवंटन वित्त वर्ष 2016-17 के लिए पर्याप्त है क्योंकि अभी भी ठेकेदारों का पिछला बकाया शेष है और देश के बहुत से गॉवों को इस योजना के अंतर्गत सड़क से जोड़ने का काम भी करना है। अतः इस योजना के लिए और अधिक निधि दिए जाने की जरूरत है।

भारत एक कृषि प्रधान देश है और हमारे देश में किसानों को अन्नदाता भी कहा जाता है लेकिन भारतीय किसान कर्ज के बोझ से दबे होने के कारण आत्महत्या कर लेता है और सरकार ने इसे रोकने और किसानों के कर्ज के बोझ को कम करने के लिए बजट में 1500 करोड़ रूपए का आवंटन किया है। यह सरकार का किसान हितैषी होना दर्शाता है और इसी के मद्देनज़र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 5500 करोड़ रूपए का आवंटन भी इस बजट में किया है और मैं समझता हूँ कि निश्चित रूप से इन किसान कल्याणकारी कदमों से देश का किसान तरक्की करेगा और समृद्ध होगा।

कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए परंपरागत कृषि विकास योजना, ऑरेगेनिक चेन फार्मिंग के लिए 400 करोड़ रूपए का प्रावधान इस बजट में किया गया है और पांच लाख एकड़ भूमि को जैविक खेती के लिए तैयार करने का निर्णय लिया है जो कि सरकार का सराहनीय कदम है और इसके साथ ही साथ किसानों व कृषि की योजना को लागू करने के लिए नाबार्ड के साथ 20 हज़ार करोड़ रूपए का बजट दिया गया है और सरकार का लक्ष्य 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का है, मैं इसके लिए सरकार को धन्यवाद देता हूँ।

---

* Speech was laid on the Table.

भारत गॉवों का देश है और आज भी हमारी जड़ें गॉव से जुड़ी हैं लेकिन इन गॉवों तक बिजली पहुॅचाना हमारी सरकार का लक्ष्य है हमारी सरकार ने अब तक कुल 5553 गॉवों का विद्युतीकरण कर दिया गया है और 2.7 लाख करोड़ की धनराशि गांवों और नगर निगम को इन क्षेत्रों को विद्युतीकरण करने हेतु दिये जाने का प्रावधान इस बजट में दिया गया है, मैं इसके लिए सरकार को बधाई देता हूॅ।

सरकार ने स्किल इंडिया के लिए 17 करोड़ रूपए और राजमार्गों के लिए 55000 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है जोकि विकास और रोज़गार दोनों प्रदान करेगा।

अगर टैक्स की बात की जाये तो मिडिल क्लास के लिए यह बजट उतना ज्यादा अच्छा नहीं रहा है जितना मध्यम वर्ग का व्यक्ति उम्मीद कर रहा था। क्योंकि सरकार ने सर्विस टैक्स बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है और इससे जनता की जेब पर बुरा असर पड़ने वाला है। अतः सरकार को इस पर पुनर्विचार करने की जरूरत है।

हर साल सरकार बीड़ी, सिगरेट, सिगार, गुटखा पर टैक्स बढ़ा देती है जबकि यह चीजे मनुष्य के जीवन के लिए कोई जरूरी नहीं है और सरकार जो भी टैक्स इन चीज़ों से लेती है, उसी टैक्स के पैसे से जनता को इन सब चीजों से होने वाले खतरों के बारे में जागरूक करती है और मेरा यह मानना है कि इन सब चीज़ों पर टैक्स लगाने या बढ़ाने के बजाय, सरकार को इन चीज़ों के उत्पादन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा देना चाहिए।

